रांची, गुरुवार
09.01.2025
वर्ष : 10, अंक : 40 पृष्ठ : 12
मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
खबरें हमारी, विश्वास आपका

website : www.bihanbharat.org | bihanbharat@gmail.com | @bihan_bharat | Bihan Bharat | RNI NO - JHAHIN/2015/73988



## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रपति आज से मेघालय और ओडिशा के दो दिवसीय दौरे पर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गुरुवार से मेघालय और ओडिशा के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगी। इस दौरान राष्ट्रपति ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित तीन दिवसीय प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के समापन सत्र में शामिल होंगी। राष्ट्रपति भवन ने बुधवार को एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति 9 जनवरी को मेघालय के उमियाम में पूर्वोत्तर पहाड़ी क्षेत्र के लिए आईसीएआर अनुसंधान परिसर के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति 10 जनवरी को ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के समापन सत्र में शामिल होंगी और प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान करेंगी।

### वी नारायणन बने इसरो के नए चीफ

**चेन्नई।** केंद्र सरकार ने प्रतिष्ठित अंतरिक्ष वैज्ञानिक और एलपीएससी के निदेशक वी नारायणन को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का अगला अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग का सचिव नियुक्त किया है। यहां प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने मंगलवार शाम को इसकी घोषणा की। नारायणन 14 जनवरी से निवर्तमान प्रमुख एस सोमनाथ का स्थान लेंगे। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि श्री नारायणन की नियुक्ति दो वर्षों के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, किया गया है। आम तौर पर वीएसएससी के निदेशक को इसरो का अध्यक्ष बनाया जाता है और शायद पहली बार होगा जब एलपीएससी निदेशक को इस पद पर पदोन्नत किया गया है।

### केंद्रीय मंत्री शेखावत ने महाकुंभ के कलाग्राम में लिया तैयारियों का जायजा

**प्रयागराज।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बुधवार को महाकुंभ मेला क्षेत्र में संस्कृति मंत्रालय की ओर से बनाए जा रहे कलाग्राम का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया। शेखावत ने कहा कि कलाग्राम का भ्रमण आगंतुकों के लिए एक अनुपम स्मृति साबित होगा। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने पत्रकारों से कहा कि महाकुंभ में भारत के एक विराट स्वरूप का दर्शन होगा। जो लोग भारत के महान धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन में उपस्थित होंगे, उनको भारत की सांस्कृतिक विविधता से एकसाथ परिचय कराने का माध्यम कलाग्राम बनने वाला है।

# रामगढ़-बोकारो मार्ग पर भीषण सड़क दुर्घटना, 4 की मौत, आधा दर्जन घायल

## सरकारी आदेश के विपरित चल रहा था स्कूल, टेंपो में दर्जनों बच्चे सवार थे

प्रकाश पटवारी

**रामगढ़:** जिला के रामगढ़ बोकारो मार्ग पर गोला थाना क्षेत्र के मठवाटांड़ अंतर्गत दामोदर होटल के समीप एक एलपी एवं ऑटो (जिसमें बच्चे बैठे थे )के बीच में एक भीषण सड़क दुर्घटना बुधवार की सुबह-सुबह घटी है। एक एलपी ट्रक ने स्कूल बच्चों से भरे टेंपो को अपने चपेट में ले लिया है। जिससे की स्कूल के 3 बच्चे सहित टेंपो चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। दुर्घटना के बाद रामगढ़ बोकारो मार्ग घटनास्थल पर काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही।



प्राप्त जानकारी के अनुसार रामगढ़ गोला मार्ग पर सुबह 8:00 बजे के लगभग सड़क दुर्घटना घटी है। जब एक टेंपो में लगभग एक दर्जन बच्चे स्कूल जा रहे थे। बताया जाता है कि सभी बच्चे गुडविल मिशन स्कूल के छात्र थे। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर हाहाकार मच गया है। वही टेंपो चालक संग्रामपुर का सरफराज बताया जा रहा है। जिसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह में स्कूली बच्चों से भरे टेंपो को एलपी ट्रक ने अपने चपेट में लिया। जिससे कि टेंपो ट्रक के नीचे दब गया। किसी प्रकार क्रेन को बुलाकर ट्रक को हटाकर उसके नीचे दबे लोगों को बाहर निकला गया। ट्रक के नीचे से 3 स्कूली छात्र और टेंपो चालक का शव पाया गया। वही घटनास्थल पर बताया जा रहा है कि टेंपो में नौ छात्र बैठे हुए थे। जिसमें से 3 छात्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है।

मृतकों में ड्राइवर सरफराज अंसारी उम्र 32 वर्ष पिता अब्दुल खलील अंसारी ग्राम संग्रामपुर, बच्चे नीरू कुमारी उम्र 6 वर्ष पिता श्रीकांत नायक ग्राम सरला खुर्द, आशीष कुमार महतो उम्र 6 वर्ष पिता नमेधारी महतो ग्राम पतरातू, अनमोल महतो उम्र 5 वर्ष पिता करण कुमार महतो ग्राम पतरातू सभी थाना गोला जिला रामगढ़ के है। घायल छह छात्रों को पुलिस ने तत्परता से अस्पताल भेजा गया। वही ट्रक ड्राइवर का भी पता नहीं चल पाया है। वहीं स्थानीय लोग इस दुर्घटना का विरोध कर रहे हैं।

वहीं स्थानीय लोगों में आक्रोश है कि जब राज्य सरकार ने 13 जनवरी तक स्कूलो की छुट्टी की घोषणा कर रखी है तो गुडविल मिशन स्कूल कैसे खुला था। एक टेंपो में इतने बच्चों को भरकर क्यों स्कूल ले जाया जा रहा था। लोगों का कहना है कि सरकारी आदेश का उल्लंघन कर निजी स्कूल चला रहे हैं उस पर भी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए तथा मृतकों का मुआवजा भी स्कूल से वसुला जाना चाहिए।

### बच्चों की मौत पर मुख्यमंत्री ने प्रकट की संवेदना

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के गोला में हुए सड़क हादसे में तीन बच्चों की मौत पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा है कि स्कूल वैन और ट्रक की टक्कर से वैन चालक एवं 3 बच्चों के निधन की दुःखद खबर से मर्माहत हूं। मरांग बुरु दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें। दुर्घटना में घायल बच्चों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है।

### सड़क दुर्घटना में बच्चों की मौत होने पर गुडविल मिशन विद्यालय किया गया सील



**रामगढ़:** बुधवार को गोला प्रखंड में स्थित गुडविल मिशन विद्यालय, तिरला के बच्चों द्वारा विद्यालय आने के क्रम में सड़क दुर्घटना में मौत होने संबंधित मामले में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी को मामले की तत्काल जांच करने का निर्देश दिया गया जिसके उपरांत पाया गया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा शीतलहर एवं ठंड के बढ़ते प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए जिले में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में दिनांक 07.01.2025 से दिनांक 13.01.2025 तक के लिए वर्ग केजी से वर्ग 08 तक की कक्षाएँ बंद की गई है। इसके बावजूद विद्यालय का संचालन किया जा रहा था जिस पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी गोला द्वारा गुडविल मिशन स्कूल के संचालक एवं प्राचार्य के विरुद्ध गोला थाना में प्राथमिकी की दर्ज करा दी गई है वहीं जांच में पाया गया कि गुडविल मिशन स्कूल का संचालन बिना किसी मान्यता के किया जा रहा था जिसके उपरांत प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार एवं अंचल अधिकारी गोला समरेश प्रसाद भंडारी की उपस्थिति में विद्यालय को अगले आदेश तक के लिए सील कर दिया गया है।

### प्रधानमंत्री ने आंध्र प्रदेश को दो लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात दी

## आंध्र प्रदेश का विकास हमारा विजन है : मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बुनियादी ढांचा, हरित ऊर्जा और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।



इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारा आंध्र प्रदेश संभावनाओं और अवसरों का राज्य है। आंध्र की ये संभावनाएं जब साकार होंगी, तो आंध्र प्रदेश भी विकसित बनेगा और तभी भारत भी विकसित राष्ट्र बनेगा। इसलिए आंध्र प्रदेश का विकास हमारा विजन है और आंध्र प्रदेश के लोगों की सेवा हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश अपनी नवाचारी प्रकृति के कारण आईटी और प्रौद्योगिकी का इतना बड़ा हब है। अब आंध्र के भविष्य की प्रौद्योगिकियों का केंद्र बनने का समय है।

उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश ने 2047 तक राज्य को 2.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए चंद्रबाबू नायडू की सरकार ने स्वर्ण आंध्र @2047 की शुरूआत की है। इसमें केंद्र की एनडीए सरकार राज्य को पूरा सहयोग देगी। इसलिए केंद्र सरकार करोड़ों रुपये की परियोजनाएं देने में आंध्र प्रदेश को प्राथमिकता दे रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आंध्र प्रदेश अपनी नवोन्मेषी भावना के कारण आईटी और प्रौद्योगिकी का एक प्रमुख केंद्र है। अब समय आ गया है कि आंध्र प्रदेश नई, भविष्य की प्रौद्योगिकियों का केंद्र बने। हमें उभरती प्रौद्योगिकियों, जैसे कि ग्रीन हाइड्रोजन के उपयोग, जो भविष्य का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि 2023 में नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन की शुरूआत की गई। हमारा लक्ष्य 2030 तक 5 मिलियन मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करना है। इसके लिए शुरूआत में दो ग्रीन हाइड्रोजन हब शुरू किए जाएंगे। इनमें से एक हब विशाखापत्तनम में स्थापित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार शहरीकरण को एक अवसर के रूप में देखती है। हम आंध्र प्रदेश को नए दौर के शहरीकरण का उदाहरण बनाना चाहते हैं। इसी सपने को पूरा करने के लिए आज कृष्णापट्टनम औद्योगिक शहर (क्रिस शहर) की आधारशिला रखी गई है।

उन्होंने कहा कि हम समुद्र से जुड़े अवसरों के पूरे इस्तेमाल के लिए ब्लू इकोनॉमी को मिशन मोड में बढ़ावा दे रहे हैं। आंध्र के हमारे मत्स्य पालन से जुड़े भाई-बहनों की इनकम और बिजनेस बढ़े। हम इस दिशा में पूरी संवेदनशीलता से काम कर रहे हैं। हमने मछुआरों को किसान क्रेडिट कार्ड जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। हम समुद्र में सुरक्षा के लिए भी अहम कदम उठा रहे हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री के साथ मंच पर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण सहित अनेक गण्यमान्य लोग मौजूद थे। परियोजनाओं का शुभारंभ करने से पहले प्रधानमंत्री ने नायडू और कल्याण के साथ विशाखापत्तनम में सिरिपुरम जंक्शन से आंध्र विश्वविद्यालय मैदान तक एक रोड शो किया।

## पांडेय गिरोह गैंगवार में गैंगस्टर की पत्नी सहित दो गिरफ्तार, भेजे गये जेल

बिभा संवाददाता

**पलामू।** पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के गरदा गांव में रविवार की रात अपराधियों की अंधाधुंध गोलीबारी में मारे गए पांडेय गिरोह के दो अपराधियों भरत सिंह उर्फ भरत पांडेय और दीपक साव उर्फ ढुल्ला की हत्या के मास्टर माइंड गैंगस्टर किशोर पांडे की पत्नी निशि पांडेय एवं साले निशांत सिंह को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दोनों को रामगढ से गिरफ्तार करके मेदिनीनगर लाया गया एवं जेल भेजने से पहले एमआरएमसीएच में मेडिकल जांच करायी गयी। इसके बाद दोनों को जेल भेज दिया गया। कोर्ट में पेशी एवं मेडिकल जांच के दौरान बड़ी संख्या में जवानों को तैनात किया गया था। अस्पताल में बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं जवान तैनात थे। गैंगस्टर भरत पांडेय एवं दीपक साव हत्याकांड में रामगढ़ की निशि पांडेय एवं निशांत सिंह नामजद आरोपित हैं। हत्याकांड में शामिल शूटरों की तलाश में पुलिस कई इलाकों में छापेमारी कर रही है।

उल्लेखनीय है कि पांडेय गिरोह के दो अपराधियों भरत और दीपक की हत्या की साजिश हजारीबाग जेल में बंद विकास तिवारी ने रची थी। विकास तिवारी भोला पांडेय-किशोर पांडेय गिरोह से ताल्लुक रखने वाला है। फिलहाल यह गैंगस्टर सुशील श्रीवास्तव की हत्या के जुर्म में हजारीबाग जेल में आजीवन सजा काट रहा है। इसने ही दोनों के बढ़ते वर्चस्व को देखते हुए गुर्गे भेज हत्या करा दी।

विकास पांडेय को भोला पांडेय गिरोह का सरगना भी माना जाता है। वह भोला पांडे का भांजा है। पहले भोला पांडे और फिर किशोर पांडे की हत्या के बाद गिरोह का संचालन विकास तिवारी ही कर रहा था। विकास तिवारी रामगढ़ के पतरातू का रहने वाला है।

## सरकार की गलत नीतियों से अर्थव्यवस्था के विकास का हर घटक हुआ कमजोर : कांग्रेस

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने कहा है कि निवेश घट रहा है, सामूहिक खपत में स्थिरता आ गई है, विनिर्माण क्षेत्र की गति धीमी पड़ गई है जिसके कारण अर्थव्यवस्था लगातार गिर रही है और विकास की गति सरकार के अनुमान से भी निचले स्तर पर पहुंच गई है लेकिन सरकार हालात में सुधार के लिए कदम नहीं उठा रही है। कांग्रेस ने देश की अर्थव्यवस्था को लेकर यहां जारी बयान में आज कहा कि सरकार के आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष में जीडीपी में 6.4 प्रतिशत ग्रोथ का अनुमान है जो चार साल के निचले स्तर पर है। वित्त वर्ष 2024 में जीडीपी में 8.2 प्रतिशत के ग्रोथ थी। यह रिजर्व बैंक के हालिया 6.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जो सरकार के 7.2 प्रतिशत से भी कम है। विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विनिर्माण क्षेत्र उस तरह से नहीं बढ़ रहा है जिस तरह से उसे बढ़ना चाहिए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पिछले दस वर्षों में, उपभोग कहानी रिवर्स स्विंग में है जो अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी समस्या बनकर उभरी है। इस वर्ष की दूसरी तिमाही के आंकड़ों में निजी अंतिम उपभोग व्यय-पीएफसीई ग्रोथ पिछली तिमाही के 7.4 प्रतिशत से धीमा होकर 6 प्रतिशत रह गया। कारों की बिक्री चार साल के निचले स्तर पर आ गई है। इसी तरह से सुस्त निजी निवेश धीमा होकर 6.4 प्रतिशत हो जाएगा जो पिछले वर्ष 9 प्रतिशत था। यह आंकड़ा निवेश में निजी क्षेत्र की अनिच्छा की वास्तविकता को दिखाता है। नई उत्पादक क्षमता में निवेश में प्राइवेट सेक्टर की अनिच्छा का मतलब है कि हमारे मीडियम टर्म का ग्रोथ प्रभावित होता रहेगा।

## सामान्य सर्दी जुकाम है एचएमपीवीः संयुक्त राष्ट्र

एजेंसी

**नई दिल्ली :** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि मानव मेटान्यूमो-वायरस (एचएमपीवी) सामान्य सर्दी जुकाम है जो शिशिर और बसंत ऋतु में होता है।

संयुक्त राष्ट्र ने बुधवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि एचएमपीवी नया वायरस नहीं है। इसे सर्वप्रथम वर्ष 2001 में पहचाना गया और यह लंबे समय से मानव समाज में है।

पोस्ट में कहा गया है, यह सामान्य वायरस है जो शिशिर और बसंत ऋतु में फैलता है। यह सामान्य सर्दी जुकाम की तरह श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है।

पोस्ट के साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन - डब्ल्यूएमओ की वरिष्ठ अधिकारी मार्ग्रेट हैरिस का एक बयान भी है जिसमें कहा गया है कि इस वर्ष चीन में इससे प्रभावित लोगों की संख्या पिछले वर्ष से कम है। उन्होंने चीन के आंकड़ों के हवाले से कहा है कि इस वर्ष अस्पताल में भर्ती होने वाले एचएमपीवी पीड़ितों की संख्या कम है। उन्होंने कहा कि इसे लेकर चीन में आपातकाल नहीं है। उन्होंने कहा कि चीन में यह स्थिति प्रत्येक वर्ष होती है। दिसंबर 2024 के अंत एचएमपीवी से संक्रमण दर 30 प्रतिशत रही है।

## जम्मू श्रीनगर को जोड़ने वाली रेल परियोजना पूरीः वैष्णव

एजेंसी

**नई दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज घोषणा की कि जम्मू और श्रीनगर को रेललिंक से जोड़ने वाली परियोजना पूरी हो गयी है और रेल संरक्षा आयुक्त का प्रमाणपत्र मिलने के बाद शीघ्र ही जम्मू कश्मीर की शीतकालीन एवं ग्रीष्मकालीन राजधानियों के बीच ट्रेन सेवा शुरू हो जाएगी।

श्री वैष्णव ने आज यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, आज का दिन ऐतहासिक है। जम्मू कश्मीर में श्रीनगर एवं जम्मू को रेललिंक से जोड़ने वाली परियोजना पूरी हो गयी है। अंतिम वैधानिक परीक्षण आज पूरा हो गया है। जम्मू कश्मीर के निवासियों के लिए एक बहुत अच्छी परिवहन व्यवस्था बन कर तैयार है। रेल संरक्षा आयुक्त का प्रमाणपत्र मिलने के बाद दोनों शहरों के बीच ट्रेन सेवा शुरू हो जाएगी।

श्री वैष्णव ने कहा कि फिलहाल श्रीनगर से श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा के बीच विशेष रूप से पर्वतीय जलवायु के हिसाब से विकसित वंदे भारत एक्सप्रेस चलायी जाएगी जिसे अगस्त में जम्मू स्टेशन के विकास के बाद जम्मू तक शुरू किया जाएगा। जम्मू स्टेशन पर अभी तीन प्लेटफॉर्म हैं। पुनर्विकास के बाद आठ प्लेटफॉर्म हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि शून्य से दस डिग्री नीचे परिचालन में सक्षम इस वंदे भारत एक्सप्रेस में आठ कोच होंगे तथा मांग बढ़ने पर इन्हें बढ़ाया जाएगा। इनमें ऑक्सीजन कटरा से श्रीनगर के बीच की यात्रा करीब तीन घंटे में पूरी होगी।



उल्लेखनीय है कि रेल संरक्षा आयुक्त के परीक्षण परिचालन में कटरा से बानिहाल के बीच आज 110 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति पर गाड़ी दौड़ायी गयी।

यह पूछे जाने पर कि क्या श्रीनगर से दिल्ली या देश के किसी अन्य भाग के लिए भी सीधी गाड़ी चलायी जाएगी, रेल मंत्री ने कहा कि इस परियोजना का मूल उद्देश्य जम्मू एवं श्रीनगर को जोड़ना था और दोनों शहरों के बीच ही गाड़ियां चलेंगी। देश के बाकी हिस्सों से श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा तक गाड़ियां पहले ही चल रहीं हैं। उन्होंने कहा कि श्रीनगर जम्मू रेलसेवा शुरू होने की आहट से व्यापारियों में खुशी की लहर है। इससे सामाजिक आर्थिक विकास को बल मिलेगा। हाल ही में रेलवे के जम्मू मंडल का भी गठन किया गया है।

रेल मंत्री ने ऊधमपुर श्रीनगर बारामूला रेललिंक परियोजना के करीब 23 वर्षों के कार्यान्वयन के महत्वपूर्ण क्षणों को याद किया और कहा कि इस परियोजना के माध्यम से हिमालयीन भौगोलिक परिस्थितियों में सुरंग खोदने की विशेष तकनीक ईजाद की गयी है जिसे जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, लद्दाख, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में रेल परियोजनाओं में क्रियान्वित किया जा रहा है। पहाड़ों में मिट्टी का क्षरण रोकने के लिए पॉलीयूरेथिन (पीयू) से रॉक बोल्टिंग की गयी है। सुरंग खोदने की नयी तकनीक के ईजाद होने का परिणाम यह है कि वर्ष 2014 में सुरंगे 150 किलोमीटर लंबी थीं जो अब 400 किलोमीटर से अधिक लंबी हो चुकीं हैं। केवल वर्ष 2023-24 में 89 किलोमीटर सुरंगों का निर्माण किया गया है। रेल मार्ग बनाने के लिए 215 किलोमीटर लंबी सड़कें बनायीं गयीं हैं। उन्होंने कहा कि सुरंग खोदने की नयी तकनीक से बिलासपुर मनाली लेह परियोजना का कार्यान्वयन काफी जल्द हो सकेगा।

## भारत के वैश्विक स्तर पर उभरने में प्रवासियों की महत्वपूर्ण भूमिकाः एस जयशंकर

एजेंसी


**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को प्रवासी भारतीयों की विशेष भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत एक प्रमुख शक्ति के तौर पर उभरने, वैश्वीकरण तथा अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था में अपने उत्थान के लिए अपने प्रवासियों का प्रयोग करता रहा है, कर रहा है तथा करता रहेगा।

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने 18वें प्रवासी भारतीय दिवस के अवसर पर ओडिशा सरकार के साथ संयुक्त व्यापार सत्र में भाग लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अक्सर विदेश नीति के मूल्यांकन के लिए 3टी की बात करते हैं। विदेश मंत्रालय अपने लोगों के मूल्यांकन के लिए 3टी व्यापार, प्रौद्योगिकी और पर्यटन का उपयोग करता है।

वहीं ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में युवा प्रवासी भारतीय दिवस के 18वें संस्करण के उद्घाटन समारोह में जयशंकर ने कहा कि आज युवा भारतीय कई क्षेत्रों में सफल हो रहे हैं और यह महत्वपूर्ण है कि हम इसे पहचानें। देश ने विकसित भारत की अपनी यात्रा शुरू कर दी है। इस दिशा में भारत की युवा पीढ़ी कृत्रिम बुद्धिमत्ता, इलेक्ट्रिक वाहन, स्टार्टअप और क्रिकेट और शतरंज सहित महत्वपूर्ण वैश्विक बदलावों को आकार दे रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### वीमेंस कॉलेजः छात्राओं की प्रतिभा और कौशल से सजा नवरंग



**रांची (बिभा):** प्राचार्या डॉ सुप्रिया के निर्देशन में रांची विमेंस कॉलेज की सांस्कृतिक समिति और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई युवा महोत्सव नवरंग का आयोजन 8 जनवरी से 10 जनवरी तक कर रही है। आज पहले दिन फाइन आर्ट्स इवेंट्स के तहत मेहंदी, पोस्टर मेकिंग, रंगोली ,ऑन द स्पॉट पेंटिंग का आयोजन किया गया। यह सभी कार्यक्रम रीया दे, डॉ रत्ना सिंह, डॉक्टर प्रीति दीपिका मिंज, डॉक्टर डोली कुमारी ,सुरभि तिग्गा ,डॉ सविता मुंडा, रीता कुमारी के निर्देशन में आयोजित हुए। म्यूजिक इवेंट के तहत क्लासिकल वोकल सोलो, लाइट वोकल सोलो, वेस्टर्न वोकल सोलो, ग्रुप सॉन्ग भारतीय, ग्रुप सॉन्ग पाश्चात्य का आयोजन किया गया। इस आयोजन में डॉक्टर पूनम धान ,सुजाता मजूमदार, श्रीमती अंजलि टोप्पो, डॉ सविता मुंडा ,सुश्री मृणालिनी अखौरी का योगदान रहा। डांस इवेंट में क्लासिकल डांस सोलो और लोक या ट्राइबल डांस का आयोजन किया गया। इसके आयोजन में डॉक्टर चैताली अधिकारी, डॉक्टर हरसिमरत कौर, रिया दे, श्रीमती सोनी कुमारी, डॉक्टर रंजना कंठ का योगदान रहा। थिएटर इवेंट में वन एक्ट प्ले, सकते और माईम का आयोजन किया गया। इसके आयोजन में डॉ आरती मोदक, डॉ उर्वशी, डॉक्टर ममता केर-केट्टा ,श्रीमती सुजाता मजूमदार, डॉ शैलजा का योगदान रहा।

### वैकुण्ठोत्सव पर मंदिर का हुआ भव्य सजावट



**रांची(बिभा) :** झारखण्ड का एकलौता दिव्यदेश श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरूपति बालाजी) मंदिर में श्रीवैकुण्ठ महोत्सव को ले बुधवार को देर रात तक मंदिर की सजावट पूरी कर ली गयी। प्राकृतिक फूलों और पत्तियों से पूरे मंदिर के साथ वैकुण्ठ द्वार को ह्वाइट डेजी, ऑर्किट, जिप्सॉ ,चन्द्रमौलिका,कामिनी पत्ता, रेड डेजी आदि बहुतों प्रकार के प्राकृतिक फूलों और पत्तियों से दिव्य सजावट का रूप दिया गया है। श्री विनय धरनीधरका और श्री विनोद भगत के निर्देशन में कोलकाता के कारीगरों द्वारा यह सजावट हुआ। ज्ञात हो कि श्रीवैकुंठ महोत्सव को ले चार दिनी सहस्त्रनाम अर्चना अनुष्ठान का आज 09 जनवरी को पहले दिन प्रातः आठ बजे शुभारंभ होगा । यह अर्चना यजमान के समूह में चार-चार पाली में चारों दिन पूरे किए जाएंगे। यह अनुष्ठान 12 जनवरी रविवार के रात्रि में संपन्न होगा।

### आदिवासी छात्र संघ का सदस्यता अभियान 31 तक



**रांची(बिभा) :** आदिवासी छात्र संघ के डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष विवेक तिर्की की अध्यक्षता में डीएसपीएमयू के जैकब हॉल में विशेष बैठक रखी गई। जिसमें सर्वसहमति से निर्णय लिया गया की अगामी 31 जनवरी तक आदिवासी छात्र संघ का सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। टीआरएल विभाग का नया बिल्डिंग बने और हर भाषा का अपना विभाग बनवाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। डीएसपीएमयू अध्यक्ष विवेक तिर्की ने कहा कुलपति डॉ तपन कु० शान्डिल्य को अल्टिमेंटम देते हुए कहा की टीआरएल विभाग का जब तक नया बिल्डिंग नहीं बन जाता है तब तक आदिवासी छात्र संघ का लागातार आन्दोलन जारी रहेगा। साथ ही डीएसपीएमयू के किसी भी छात्र को किसी प्रकार का प्रशासनिक परेशानी आती है तो अपना शिकायत छात्र संघ के समकक्ष ला सकते हैं तथा छात्र संघ से जुड़ने का अपील किया मौके पर दिपा कच्छप, अमित टोप्पो, मिली उराँव, नितेश टोप्पो, मनीष उराँव और पायल बांड़ो सहित कई लोग उपस्थित थे।

### यू डायस के आधार पर मान्यता की मांग को लेकर निजी स्कूलों ने राजभवन के समक्ष दिया धरना



**रांची(बिभा) :** झारखंड सरकार के द्वारा निजी विद्यालयों पर दमनकारी आदेश थोपकर स्कूलों को जबर्दस्ती बंद करने के सरकारी फरमान के खिलाफ नेशनल प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन रांची की ओर से आज बुधवार को राजभवन के समक्ष शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया जा रहा है ।जिसमें झारखंड के सभी जिले से निजी स्कूल पहुंचे।

### डॉ मधुकांत पाठक बने एएफआई फाइनेंस कमिटी एवम मैराथन कमिटी के चेयरमैन



**रांची(बिभा) :** भारतीय एथलेटिक संघ,नई दिल्ली द्वारा 07-08 जनवरी 2025 को चंडीगढ़ में हुए ए.जी.एम.में झारखंड एथलेटिक्स संघ प्लानिंग कमिटी के चेयरमैन डॉ मधुकांत पाठक को ए.एफ.आई. फाइनेंस कमिटी एवम मैराथन कमिटी के चेयरमैन बनाया गया है। वहीं झारखंड एथलेटिक्स संघ के सचिव शिव कुमार पांडेय को पूर्वी क्षेत्र जोनल कमिटी का कंपटीशन डायरेक्टर एवं जे.ए.ए.अध्यक्ष सी.डी. सिंह को पूर्वी क्षेत्र एरिया कमिटी का कन्वेनर बनाया गया है। इस उपलब्धि पर झारखंड एथलेटिक्स संघ के कोषाध्यक्ष आशीष झा, आलोक मिश्रा, किरण रानी नायक, बंधन टोप्पो,प्रभाकर वर्मा,सिकंदर महतो, संजय त्रिपाठी,अजय नायक, बिनोद सिंह, योगेश प्रसाद,आशु भाटिया, रविन्द्र मुर्मू, अजीत कुमार साहू, दशरथ महतो, रणवीर सिंह, शैलेश कुमार, मनोज मिश्रा,प्रभात रंजन,बरुण कुमार , मनोज कॉन्बेगी,आनंद मेंजज,सरोज यादव, अनिल कुमार, राकेश कुमार,गंगाधर यादव,अनवर हुसैन,अशोक भट्टाचार्य ,संजेश मोहन ठाकुर,मो फरीद राज्य के खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

# झारखंड में महुआ का एमएसपी तय करने पर होगी पहल : शिल्पी नेहा

**सब्जी और वन उपज का एमएसपी तय करने की होगी पहल**

**वीएलडब्ल्यू को अब कृषि विभाग के लिए करना होगा काम**

**18 जनवरी को चान्हो में प्रमंडल स्तरीय कृषि मेला**



बिभा संवाददाता

**रांची :** झारखंड के वन उपज का तय होगा एमएसपी. कृषि विभाग सब्जी सहित वन उपज का एमएसपी तय करने की तैयारी कर रही है . महुआ जैसे वन उपज को कृषि विभाग एमएसपी के दायरे में लाने पर चर्चा कर रही है . हालांकि ये चर्चा प्रारंभिक है. इसकी जानकारी राज्य की कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विभागीय समीक्षा के बाद नेपाल हाउस में दी . मंत्री पद का शपथ लेने के बाद दूसरी मासिक समीक्षा बैठक में शिल्पी नेहा तिर्की ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी ली . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने योजनाओं को लेकर एक्शन टेकन रिपोर्ट पर चर्चा की . इस दौरान वो वीएलडब्ल्यू के काम को लेकर नाराज दिखी . वीएलडब्ल्यू की नियुक्ति कृषि विभाग के द्वारा की गई है . उनके वेतन का भुगतान भी कृषि विभाग के मद से होता है . लेकिन वीएलडब्ल्यू आवास योजना और मनरेगा के लिए जमीन का काम ज्यादा करते है . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने वीएलडब्ल्यू को कृषि विभाग की योजनाओं के लिए काम करने का निर्देश दिया है . उन्होंने कहा है कि बहुत जल्द वीएलडब्ल्यू के लिए एक राज्य स्तरीय सेमिनार का आयोजन कर जिम्मेदारी सौंपी जाएगी . समीक्षा बैठक के दौरान ये बात भी सामने आई की जरूरतमंद लाभुकों तक कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की योजना नहीं पहुंच पा रही है . कुछ खास किसानों को ही विभाग की एक से ज्यादा योजना मिल रही है . कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि मांडर और चान्हो में सिंचाई से संबंधित एक भी आवेदन नहीं मिला है. ये हैरान करने वाली बात है. दरअसल किसानों को विभाग की योजना की सही जानकारी तक नहीं है . मंत्री ने बताया की 18 जनवरी को चान्हो में प्रमंडल स्तरीय कृषि मेला का आयोजन किया गया है. मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अधिकारियों को सरकार की योजनाओं को शत प्रतिशत धरातल पर उतारने का निर्देश दिया है. उन्होंने कहा कि योजनाओं को धरातल पर उतार कर पलायन को रोका जा सकता है. मंत्री ने कहा कि बिरसा ग्राम पाठशाला योजना एक अच्छी योजना है. लेकिन उसका लाभ किसानों को सिर्फ इस लिए नहीं मिल पाया, चूंकि वो सरकारी कागज तक ही सिमट कर रह गई.

## शहादत दिवस पर याद किए गए वीर शहीद शेख भिखारी एवं टिकैत उमराव सिंह



बिभा संवाददाता

**रांची :** स्वतंत्रता सेनानी अमर वीर शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमरांव सिंह के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम मे मुख्य रूप से मंत्री हफीजुल हसन अंसारी, झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, रामगढ़ विधायक ममता देवी शामिल हुई।

इस अवसर पर रांची जिला से केन्द्रीय सदस्य, जिला के पदाधिकारी, और प्रखंड व पंचायत के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम धुर्वा शहीद मैदान से श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन कर शुरू हुई। इसके बाद चुट्टुपालु घाटी स्थित शहीद स्थली मे श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया गया। इसके बाद शहादत स्थली चुटूपालू घाटी पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया जाएगा। इसके उपरांत शहीद उमराव सिंह के शहीद स्थली खटंगा, ओरमांझी मे श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया जाएगा। तत्पश्चात शहीद शेख भिखारी के पैतृक गांव खुदिया- लोटवा मे कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

मंत्री हफिजुल हसन अंसारी जी ने कहा आज हम शहीद शेख भिखारी और शहीद टिकैत उमराव सिंह के शहादत दिवस के मौके पर हम सभी उनको श्रंद्धाजलि अर्पित कर नमन करते हैं। जिस तरह उन्होंने अंग्रेजों से लड़कर अपनी शहादत दी वो हमारे लिए प्रेरणादायक है।

मौके पर झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम जी ने कहा हर साल हम 8 जनवरी यहां शहीद स्थली पर उपस्थित होकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन करते हैं। झारखंड वीर शहीदों की धरती है। हमलोग हर किसी ना किसी वीर शहीदों की जयंती और पुण्यतिथि मनाते हैं। और हम गौरवान्वित करते हैं कि हमारा झारखंड से अनेक वीर शहीदों ने राज्य ही नहीं बल्कि देश की लड़ाई मे अपना सर्वस्व न्यौछावर किया।

इस कार्यक्रम मे केंद्रीय सदस्य पवन जेडीया, जिला उपाध्यक्ष कलाम आजाद, अश्विनी शर्मा, जिला संगठन सचिव जुल्फीकार खान, रमेश साहू, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अंशु लकड़ा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष फरीद खान, उपाध्यक्ष शमीम मंसूरी, जिला सचिव सुजीत कुजूर, किसान मोर्चा जिला सचिव सज्जाद अंसारी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अशोक मुंडा, संयुक्त सचिव साजिद कौसर, महताब आलम, महावीर विश्वकर्मा, ओरमांझी प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर महतो, सचिव नरेश यादव, कांके प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी, सचिव नवीन तिर्की, कुदूस अंसारी, हारून रशीद, महताब आलम, जहूर मियां, सबिबुल रहमान, राजेश सिंह, मो अवधेश यादव, जिला मीडिया सदस्य राकेश, नामकुम प्रखंड सचिव मोजाहिद हुसैन, रातु प्रखंड अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मो असलम, सैय्यद फिरोज, अबूतालिब अंसारी, कुलदीपक कुमार, छात्र मोर्चा से गुलफ़्सा शामी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनीं लोगों कि समस्याएं, जल्द समाधान करने का दिया आश्वासन



बिभा संवाददाता

**रांची :** रांची उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने जनता दरबार में लोगों से मुलाकात की। उपायुक्त ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि संज्ञान में आये शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द समाधान किया जाएगा।

जनता दरबार के दौरान ही उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा आये शिकायत के संबंध में संबंधित अधिकारियों से फोन पर बातचीत कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया कि सभी आवेदनों की भौतिक जांच करते हुए जल्द से जल्द समाधान करें। साथ ही शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए यथाशीघ्र प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करने का निर्देश भी उन्होंने दिया।

जनता दरबार में आए लोगों से उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभ के संबंध में भी जानकारी ली। लोगों ने बताया कि घर की महिलाओं को योजना का लाभ मिल रहा है। जिसपर उपायुक्त ने कहा कि योजना के तहत मिल रही सम्मान राशि का सदुपयोग करें।

## सही आहार, लंबी आयु के आधारः डॉ.मीनाक्षी सिंह



बिभा संवाददाता

**रांची।** संतुलित और पौष्टिक आहार दीर्घ आयु के आधार हैं। नियमित रूप से सही आहार लेते रहना स्वास्थ्य के लिए श्रेयस्कर है। उक्त बातें राजधानी रांची की जानी-मानी दंत चिकित्सक व पर्यावरणविद् डॉ.मीनाक्षी सिंह ने कही।

डॉ.सिंह ने कहा कि प्राचीन ऋषियों-मनीषियों ने भी प्रकृति से जुड़े रहकर आहार क्रम और जीवन शैली सुव्यवस्थित रखने का संदेश दिया है। आहार में अधिक मात्रा में जैविक उत्पादों (फल, सब्जियां, अनाज आदि) का प्रयोग स्वस्थ रखने में सहायक है। भोजन में ताजा और ऋतु के अनुसार सब्जियां, फल, अनाज और गैर प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का सेवन सेहत भरे जीवन के लिए जरूरी है। बिना रासायनिक खाद और कीटनाशक दवाओं के प्रयोग से उत्पादित अनाज फल, सब्जियां व अनाज मानव स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम माना जाता है। प्राकृतिक स्त्रोत वाले भोजन पाचन तंत्र के लिए लाभप्रद और रोग प्रतिरोधक होते हैं।

डॉ.सिंह ने कहा विभिन्न शोध से यह भी स्पष्ट हुआ है कि जैविक उत्पाद सूक्ष्म कोशिकाओं के स्तर पर कार्य करते हुए समय से पूर्व आने वाले बुढ़ापे को भी रोकने में सहायक होते हैं। वहीं, अत्यधिक मांसाहार और रासायनिक खाद व कीटनाशक दवाओं से उत्पादित खाद्य सामग्री मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय संबंधी रोग सहित अन्य बीमारियों को भी जन्म देता है। उन्होंने बताया कि जैविक उत्पाद स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक होते हैं। अब धीरे-धीरे भारतीय रसोई में जैविक उत्पादों का प्रयोग बढ़ने लगा है।

उन्होंने कहा कि आज की जीवन शैली को देखते हुए जैविक उत्पादों का अधिक से अधिक प्रयोग करने की सलाह दी जाती है।

डॉ.सिंह ने कहा कि रोजमर्रा के तनाव, गलत और अनियमित खान-पान, निष्क्रियता के साथ जीवन जीना कई बीमारियों का कारण बन रही है। खानपान में मिलेट्स (मोटे अनाज) और जैविक उत्पादों के उपयोग की धारणा को आज के वैज्ञानिक अन्वेषण भी पोषित करते हैं। संतुलित आहार, नियमित क्रियाशील जीवन शैली, मानसिक अनुशासन आदि सेहत भरे जीवन का आधार हैं। डॉ.सिंह ने बताया कि इसी अवधारणा को आत्मसात कर उन्होंने रांची जिले के ठाकुरगांव में नंदिनी गिर फार्म्स की स्थापना की है। जहां जैविक खेती की जाती है। यहां से उत्पादित फल, अनाज, दूध, दही , पनीर व सब्जियां आदि राजधानी के न्यू एजी कॉलोनी, कडरू में ऑर्गेनिक बास्केट में उपलब्ध हैं। नंदिनी गिर फार्म्स में उत्पादित दूध, दही, पनीर, मिष्ठान व अन्य उत्पाद ग्राहकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गए हैं।

## जागरूकता कर जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही उद्देश्य : कविता खाती



बिभा संवाददाता

**रांची :** झालसा के निर्देश पर माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में 90 दिवसीय जागरूकता एवं आउटरीच अभियान का शुभारम्भ 15.12.2024 से हो गया हैं, जो कि 90 दिनों तक चलेगा।

इसी कड़ी में बुधवार को रातू प्रखण्ड के सुण्डिल पंचायत भवन में डालसा, रांची के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी अधिवक्ता, कविता खाती, पीएलवी पुष्पलता देवी, सुनिता देवी, निशांत एवं राजा उपस्थित थे।

एलएडीसी अधिवक्ता कविता खाती ने कहा कि महिला के विरूद्ध अपराध संबंधित कानूनी सहायता दिलाने में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची एवं एलएडीसीएस बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने यह भी कहा कि आपराधिक मामलों के साथ-साथ दीवानी मामलों का भी निष्पादन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के एलएडीसीएस के द्वारा प्री-लिटिगेशन के माध्यम से भी किया जाता है। आगे उन्होंने उपस्थित लोगों को असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को मिलने वाले लाभ और उनके लिए सरकार के द्वारा चलाये जा रहे लाभकारी योजना के बारे में भी जानकारी दी। सभी ब्लॉक में डालसा की ओर से पीएलवी नियुक्त किये गये है, आप सभी पीएलवी के माध्यम से अपना लेबर कार्ड बनवा सकते हैं या फिर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में आवेदन दे सकते है। डायन बिसाही पर फोकस करते हुए कहीं कि यह एक अंधविश्वास हैं, आये दिन गांव में डायन कहकर हत्या कर की दी जाती है, जो गलत हैं। इस पर सजा का भी प्रावधान है। बाल विवाह कानून की जानकारी देते हुए कहीं कि अभिभावक अपनी लाडलियों की विवाह 18 वर्ष के बाद ही करें, उससे पूर्व उनके उचित शिक्षा पर फोकस करें।

## झारखंड में पड़ रही कड़ाके की ठंड, छाया रहेगा कोहरा



बिभा संवाददाता

**रांची।** झारखंड में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राजधानी रांची में बुधवार को सुबह कोहरा छाया रहा। धीरे-धीरे मौसम साफ हुआ। राज्य के 11 जिलों में 9 जनवरी को घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। इनमें गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ जिले में कहीं-कहीं घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे के दौरान न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेंटीग्रेड की गिरावट आ सकती है। इसके बाद अगले 2-3 दिन में इसमें किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। पिछले 24 घंटे के दौरान डाल्टेनगंज में हल्के दर्जे की बारिश हुई। नौ और दस जनवरी को कोहरा छाया रहेगा जबकि 11 से 14 जनवरी तक कोहरा के बाद आंशिक रूप से बादल छाये रहने की संभावना है।

रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 22.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 27.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में डाल्टेनगंज का अधिकतम तापमान 19.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

इस संबंध में रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेंटीग्रेड लातेहार में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 29.4 डिग्री सेंटीग्रेड चाईबासा में रहा। पिछले 24 घंटे में राज्य के एक स्थान डाल्टेनगंज में बहुत हल्के दर्जे की वर्षा हुई। राज्य में कहीं-कहीं पर हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा भी देखा गया।

## छह दिवसीय पूर्ण आवासीय प्राकृतिक चिकित्सा उपचार शिविर का हुआ शुभारम्भ

बिभा संवाददाता

**रांची :** पवित्रम सेवा परिवार के तत्वाधान मे झारखंड में पहली बार धनबाद के पुराना बाजार स्थित शंभू धर्मशाला में 6 दिवसीय पूर्ण आवासीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ सांसद श्री ढुल्लु महतो के कर कमलो द्वारा दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया।

परित्रम सेवा परिवार के मुख्य संयोजक अजय भरतिया एवं प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि प्राकृतिक चिकित्सा शिविर के उद्घाटन के साथ-साथ आंध्रप्रदेश की विश्व विख्यात पुंगानूर गो माता का पूजन एवं पवित्रम सेवा परिवार के द्वारा तैयार की गयी काऊ एम्बुलेंस का उद्घाटन भी सांसद ढुल्लु महतो द्वारा किया गया,पवित्रम सेवा परिवार पिछले कई वर्षो से घायल, बीमार गोवंश की सेवा चिकित्सा गांव गांव में जैविक खेती एवं गौत्पादों का निःशुल्क प्रशिक्षण, प्रचार -प्रसार कर रहा है, यह काऊ एम्बुलेंस सड़को पर होने वाली दुर्घटनाग्रस्त गायों, बीमार -गायों एवं अन्य पशुओं को चिकित्सा सहायता पहुंचाने का कार्य करेगी, इस शिविर में झारखंड से रांची, जमशेदपुर, धनबाद, के आलावे दूसरे राज्यों हरियाणा,उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार आदि राज्यों से भी लोग भाग लेने आये है, इस शिविर का उद्देश्य आहार एवं जीवन-शैली को ठीक करते हुए प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से साध्य एवं असाध्य सभी रोगों को ठीक करना है।इस शिविर में प्रतिदिन शाम को ओपीडी की भी व्यवस्था की गयी है, जो पूर्णतः निःशुल्क है, पवित्रम सेवा परिवार स्कूलों एवं कालेजों में भी जाकर विभिन्न कार्यक्रमो के माध्यम से बच्चों के बीच आरोग्य के प्रति जागरूकता फैला रहा है, इस शिविर में पवित्रम सेवा परिवार के अलावे कई स्वयंसेवी संस्था भी अपना सक्रिय योगदान दे रहे है।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल से भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने की भेंट



**रांची(बिभा)** : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें सदैव अपने दायित्वों के निर्वहन हेतु तत्पर रहने का संदेश दिया।

### मुख्यमंत्री ने बलिदानी शेख भिखारी और टिकैत उमराव को किया नमन



**रांची(बिभा)**। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बलिदानी शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह को शहादत दिवस पर याद किया है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि अंग्रेज शोषकों और अत्याचारियों के खिलाफ विद्रोह करने वाले झारखंड की माटी के वीर सपूत अमर वीर शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह को शत-शत नमन। साथ ही उन्होंने कहा कि झारखंड के वीर शहीद अमर रहें।

### स्पीकर ने सोहराय पर्व की छुट्टी को लेकर सीएम को लिखा पत्र

**रांची(बिभा)**। स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने सोहराय पर्व की छुट्टी को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। स्पीकर ने यह पत्र झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा सौंपे गये ज्ञापन के आधार पर लिखा है। संघ का कहना है कि संताल जनजाति का सबसे बड़ा पर्व सोहराय है। इस साल राज्य सरकार ने सोहराय की छुट्टी मकर संक्रांति के साथ 14 जनवरी को घोषित की है। जबकि इससे पहले के वर्षों में सोहराय के लिए अलग से छुट्टी घोषित किया जाता रहा है। इस साल सोहराय 10 जनवरी से शुरू होगा, जो 14 जनवरी तक मनाया जायेगा। ऐसे में संघ ने 10 और 11 जनवरी को सोहराय के लिए अवकाश घोषित करने का आग्रह किया है।

### एक बार फिर से पुराने तेवर में दिखेंगे पूर्व सीएम रघुवर दास, 10 को लेंगे भाजपा की सदस्यता

**रांची(बिभा)**। प्रदेश भाजपा एक बार फिर से पूर्व सीएम रघुवर दास की जोरदार इंट्री के लिए तैयार है। वहीं पूर्व सीएम रघुवर दास एक बार फिर पुराने तेवर में दिखेंगे। वे सक्रिय राजनीति में आने के लिए तैयार हैं। जानकारी के अनुसार, वे 10 जनवरी को बीजेपी की सदस्यता ले सकते हैं। रघुवर दास की गिनती भाजपा के फाउंडर मेंबर में भी होती है। वे 2014 से 2019 तक झारखंड में सीएम की कमान भी संभाल चुके हैं। जमशेदपुर पूर्वी से पांच बार विधायक भी रह चुके हैं। उनके भाजपा में स्वागत की भी तैयारी शुरू कर दी गई है। रांची समेत कई इलाकों में पोस्ट बैनर और होर्डिंग भी लगाए जा रहे हैं।

### रांची के थानों में पोस्टिंग के लिए पैरवी कराने वाले पुलिस अफसरों पर होगी कार्रवाई



**रांची(बिभा)** : रांची में थाना प्रभारी बनने के लिए पैरवी करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। एसएसपी ने कहा है कि यदि कोई भी पुलिस अधिकारी इस तरह की पैरवी करता हुआ पाया गया, तो उसे 24 घंटे के भीतर सस्पेंड कर दिया जाएगा। यह निर्णय उस समय लिया गया जब बुधवार को क्राइम मीटिंग के दौरान एसएसपी ने इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाया। वर्तमान में कई पुलिस अधिकारी विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्रभारी बनने के लिए जगह-जगह पैरवी करवा रहे हैं, जिससे पुलिस महकमे में असंतोष की स्थिति बन रही है। इस पर ररढ ने संज्ञान लेते हुए कहा कि कोई भी गलत गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही किसी भी सूरत में ऐसे अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### श्री राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ पौष शुक्ल द्वादशी को, सभी मंदिरों में हो कार्यक्रमः अजय पारिक




**रांची(बिभा)** : विश्व हिंदू परिषद रांची महानगर की धर्म रक्षा निधि समर्पण का समापन कार्यक्रम श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर धर्मशाला ,रांची में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री सह केंद्रीय सेवा प्रमुख श्री अजय पारीक ने कहा प्रभु श्रीराम संपूर्ण सनातन समाज के आदर्श है जिनका चरित्र समाज में समरसता का भाव भरता है। अयोध्या में पिछले वर्ष पौष शुक्ल द्वादशी को श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा संपूर्ण हिंदू समाज के स्वाभिमान के पुनर्जागरण का क्षण था। उन्होंने समस्त हिंदू समाज से आह्वान किया हिंदू हिंदू बनकर रहे अपने धर्म ,संस्कृति का विस्मरण ना हो इसका प्रयास स्वयं एवं समाज के बीच करें। पौष शुक्ल द्वादशी (11 जनवरी 2025) को सभी मंदिरों में श्री हनुमान चालीसा पाठ, भजन कीर्तन, समरसता संगोष्ठी हो। इस अवसर पर क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल, प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र केंद्रीय टोली के श्री ओ पी लाल, प्रांत सह कोषाध्यक्ष श्री शिव शंकर साबू, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख श्री विजय कुमार, प्रांत प्रचार प्रसार सहप्रमुख प्रकाश रंजन, श्रीमती रेणु अग्रवाल, अमरनाथ ठाकुर, महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी, मंत्री विश्वरंजन सहमंत्री राजेश अग्रवाल, सुमन कुमार, योगेश खैड़वाल , अनिल जलान, अजय राजगढ़िया, अनिल तिवारी, संजय ठाकुर, किशुन जी, रवि शंकर राय , अमर प्रसाद,सहित कई लोग उपस्थित थे।

# राज्यपाल ने 28वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 के प्रतिभागियों से किया संवाद

बिभा संवाददाता





**रांची**। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को राजभवन में 28वां राष्ट्रीय युवा महोत्सव-2025 में राज्य के प्रतिभागियों से संवाद किया। महोत्सव 10 जनवरी से 12 जनवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगा।

राज्यपाल ने सभी चयनित प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि यह महोत्सव न केवल युवाओं के कौशल और प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर है, बल्कि भारत की विविध और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी उजागर करता है। उन्होंने कहा कि आप अपनी कला, ज्ञान और कौशल को प्रस्तुत कर राज्य और देश का नाम रोशन करें। आप अपनी प्रतिभा से विशिष्ट पहचान स्थापित करें एवं विकसित भारत के निर्माण में योगदान दें। राज्यपाल ने प्रतिभागियों के साथ स्टार्ट अप से संबंधित उनके विचार साझा किए। साथ ही युवाओं को प्रेरित किया कि वे रचनात्मक सोच और समाधान आधारित दृष्टिकोण अपनाकर राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी ने प्रतिभागियों को बेहतर पीपीटी प्रस्तुति के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि प्रस्तुति ऐसी हो जो श्रोताओं में उत्सुकता जगाए और उसमें समाधान प्रस्तुत करने की स्पष्टता हो।

कार्यक्रम में युवाओं ने मेकिंग इंडिया स्टार्टअप कैपिटल ऑफ द वर्ल्ड, टेक फॉर विकसित भारत, एंपावरिंग वूमेन एंड इंप्रूविंग, सोशल एंपावरिंग वूमेन एंड इंप्रूविंग सोशल इंडिकेटर, एनहांसिंग प्रोडक्टिविटी इन एग्रीकल्चर विषयों पर पीपीटी प्रस्तुति दी। इस दौरान राज्यपाल ने 28वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 के वाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम में राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव, सचिव, पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग मनोज कुमार, निदेशक, खेलकूद एवं युवा कार्य संदीप कुमार, राज्य निदेशक, नेहरू युवा केंद्र संगठन ललिता कुमारी एवं युवा प्रतिभागी उपस्थित थे।

#### कांग्रेस भवन में शहीद शेख भिखारी एवं शहीद टिकैत उमराव सिंह के शहादत दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

# झारखंड की भूमि शहीद और क्रांतिकारियों की भूमि : केशव

बिभा संवाददाता



**रांची** । पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शहिद शेख भिखारी एवं शहिद टिकैत उमराव सिंह के शहादत दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस भवन में कार्यक्रम के संयोजक शजादा अनवर की अध्यक्षता में किया गया।दोनों महान विभूतियों के चित्र पर माला अर्पण कर केशव महतो कमलेश विधायक दल नेता प्रदीप यादव ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह एवं अन्य कांग्रेस जनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पूर्व चुटुपालु घाटी स्थित शहीद स्थल पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर सहित अन्य नेताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में रांची के आदिल अख्तर एवं गुमला के आफताब आलम लाडले ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की जिन्हें नेताओं ने माला एवं अंग पट्टीका पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता प्रदान की।

इस अवसर पर उपस्थित नेताओं कार्यकताओं को संबोधित करते हुए केशव महतो कमलेश ने कहा कि झारखंड की भूमि शहिद और क्रांतिकारियों की भूमि है। आजादी की लड़ाई में जिस तरह अन्य सुबे के लोगों ने अपना योगदान और कुर्बानियां दी थी उसी तरह हमारे पूर्वजों ने भी कुबार्नी दी थी। शहादत की एक लंबी श्रृंखला झारखंड से है। झारखंड के छात्रों युवाओं को उनके जीवनी से सीख लेनी चाहिए। क्रांति के इतिहास में झारखंड के वीर सपूतों के योगदान से युवा वर्ग को परिचित कराने हेतु उनके जीवनी को झारखंड के पाठ्य पुस्तकों में शामिल करने की मांग मुख्यमंत्री से मिलकर किया जाएगा। 1

विधायक दल नेता प्रदीप यादव ने कहा कि इन दोनों महान विभूतियों का सपना आजाद भारत का था। जनता का राज आजाद भारत में होगा इसी आशा से आजादी की लड़ाई में इन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी। आजादी की लड़ाई में सर्वस्व न्यौछावर करने वालों के सपनों को हमने साकार किया लेकिन हाल के दिनों में भारत में लोकतंत्र पटरी से बेपटरी हो रहा है। केंद्र की सत्ता में बैठे लोग भारत की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर रहे हैं।

ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि अंग्रेजों से आजादी दिलाने के लिए हमारे पूर्वजों ने अपनी जिम्मेवारियों के निर्वहन किया है हमें उसे बरकरार रखना है। छोटा नागपुर संथाल परगना के इलाके में अंग्रेज सरकार से संघर्ष का गौरवमई इतिहास है। झारखंड के महान विभूतियों को सम्मान और श्रद्धांजलि देने हेतु हमारी सरकार लगातार प्रयास करती है, योजनाओं, संस्थानो का नामकरण उनके नाम पर किया जा रहा है।

कार्यक्रम के आयोजन के लिए गठित समिति के संयोजक शहजादा अनवर ने कहा कि स्वतंत्रता के लिए सभी धर्म के लोगों ने बलिदान दिया। आज देश में प्रायोजित तरीके से धार्मिक उन्माद फैलाया जा रहा है। इस देश में केंद्रीय सत्ता की ऐसी हनक चल रही है कि लोगों को इंसाफ और न्याय के लिए सड़कों पर आना पड़ रहा है।

कार्यक्रम में रविंद्र सिंह,जयशंकर पाठक,राकेश सिन्हा,सतीश पॉल मुजिनी, किशोर शाहदेव,सोनाल शांति, रियाज अंसारी आलोक कुमार दूबे, नेलीनाथन,अभिलाष साहू,जगदीश साहू,राजन वर्मा, राकेश किरण महतो ,डॉ राजेश गुप्ता, विनय सिंन्हा दीपू, गजेंद्र सिंह,अमूल्य नीरज खलको, पप्पू अजहर के के गिरी,हुसैन खान,खुर्शीद हसन रूमी, आबेदुल्लाह हक अंसारी सुरेंद्र सिंह, मो सलीम, अख़्तर अली, राजराजेंद्र प्रताप देव गुलाम सरवर नरेंद्र लाल गोपी, टिंकू वर्मा, जितेंद्र त्रिवेदी, मनोज सहाय पिंकू, समुद्र गुप्ता ऐनुल हक, कलाम आजाद मो सफर परवेज अली सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।

## डीजल चोरी करने वाले इंटर स्टेट गैंग का खुलासा, सात अपराधी गिरफ्तार



बिभा संवाददाता

**रांची** : राजधानी रांची के होटल और ढाबे के किनारे खड़े बड़े वाहनों से डीजल चुरा लेने वाले एक शातिर गैंग से जुड़े सात सदस्यों को अरेस्ट कर लिया गया। खड़ी गाड़ियों से डीजल चुराने का अंदाज इनका गजब का था। जिस गाड़ी से डीजल चुराई जाती थी, उसे गाड़ी के ड्राइवर तक को पता नहीं चल पाता था कि उनकी गाड़ी से डीजल चोरी हो गई। उन्हें बाद में पता चलता था कि डीजल चोरी हो गई। जिस गाड़ी को टारगेट किया जाता था, ठीक उसी गाड़ी के बगल में अपना ट्रक जाकर लगा देता था, इसके बाद सेक्शन पाइप के सहारे बगल वाली गाड़ी का सारा डीजल चुरा लेता था। ट्रक में बड़ा से कंटेनर बना रखा था। गैंग का नेटवर्क, झारखंड, बिहार, बंगाल एवं ओडिशा तक है।

डीजल चुराने की कई वारदातों की शिकायत पर एक स्पेशल टीम का गठन किया गया था। टेक्निकल सेल की मदद से पुलिस ने गैंग में शामिल बदमाशों को धर लिया। गैंग के कुछ सदस्य की तलाश जारी है। गिरफ्तार फमान, मनोज कुमार पंडित, मो. आमिर उर्फ मोनू, वसीम, अभिषेक, मो. आमिर एवं शहजाद खान ने पुलिस के सामने कई चौंकाने वाले राज उगले हैं, मिले इनपुट पर रांची पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। पकड़े गये सभी लोग यूपी के अलग-अलग शहरों के रहनेवाले हैं।

## कोल लिंकेज प्राप्त एमएसएमई इकाइयों के भौतिक निरीक्षण का निर्देश



बिभा संवाददाता

**रांची** : प्रमण्डलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में नई नोथला वितरण नीती, 2007 के तहत कोल लिंकेज प्राप्त किए जा रहे एमएसएमई इकाईयों की अद्यतन स्थिती पर समीक्षा किया गया।

माह दिसंबर 2024 में प्रमण्डलीय आयुक्त के समीक्षा बैठक में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन में उप निदेशक खान दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, रांची एवं पुलिस उपाधिक्षक श्रीनिवास द्वारा जेएसएमडीसी से प्राप्त 9 एमएसएमई इकाईयों का भौतिक निरीक्षण करने के पश्चात प्रस्तुत प्रतिवेदन पर गहन चर्चा की गई।

प्रमण्डलीय आयुक्त द्वारा निदेश दिया गया की क्षेत्रीय जांच के दौरान कोयला खनिज के आपूर्ति एवं उपयोगीता पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है, ताकि राजस्व की क्षति होने से रोका जाए। भौतिक निरीक्षण के क्रम में पदाधिकारीयों को बन्द पड़े इकाईयों पर विशेष रूप से नियमित निरीक्षण करने का निदेश दिया गया। बैठक में आयुक्त के सचिव आलोक कुमार,उप निदेशक खान, राँची अमरेंद्र कुमार सिंह, पुलिस उपाधिक्षक श्रीनिवासन, खान निरीक्षक आकाश कुमार सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।

# वरिष्ठ पत्रकार राणा गौतम का निधन, शोक

बिभा संवाददाता

**रांची**। राजधानी के वरिष्ठ पत्रकार और रांची प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य राणा गौतम का बुधवार 8 जनवरी को निधन हो गया। वे पिछले एक साल से कैंसर पीड़ित थे। उनका इलाज टाटा कैंसर हॉस्पिटल मुंबई और रांची के अस्पतालों में चल रहा था।उनका अंतिम संस्कार कल गुरुवार को अपराह्न 12 बजे हरमू मुक्तिधाम में किया जाएगा।इससे पूर्व उनके पार्थिव शरीर को रांची प्रेस क्लब में दर्शनार्थ रखा जाएगा।

जून 1971 में रांची में जन्मे राणा गौतम के पिता राजेंद्र प्रसाद सेवानिवृत्त अपर समाहर्ता हैं। प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा रांची से होने के बाद राणा गौतम ने 1992 से पत्रकारिता को बतौर करियर चुना। देशप्राण, आज, रांची एक्सप्रेस, खबरमंत्र और हिंदुस्तान में बतौर क्राइम रिपोर्टर इन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई।वर्ष 2023 में इन्होंने रांची प्रेस क्लब का चुनाव लड़ा और कार्यकारिणी में चुने गये। अपने मृदुल स्वभाव के कारण पत्रकारिता के क्षेत्र में वे खासे लोकप्रिय रहे।



### पत्रकारिता जगत में शोक की लहर

राणा गौतम के निधन से राजधानी के पत्रकारों में शोक की लहर है। निधन की खबर सुनकर उनके घर पत्रकारों का ताँता लग गया। घर जाकर शोक प्रकट करने वालों में रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन, सचिव अमरकांत, सह सचिव रतन लाल, पूर्व अध्यक्ष राजेश सिंह, वरिष्ठ पत्रकार नीरज सिन्हा, आलोक सिन्हा, चंदन भट्टाचार्य, विजय मिश्र, मोनू कुमार, सौरभ शुक्ला, नवनीत नंदन, बॉबी, प्रसेनजीत मुखर्जी, देव कुमार आदि शामिल हैं।

### पत्रकार के निधन पर केशव महतो कमलेश ने शोक संवेदना व्यक्त की

**रांची** : वरिष्ठ पत्रकार और रांची प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य राणा गौतम के निधन पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि राणा गौतम मृदुल स्वभाव के कारण पत्रकारिता के क्षेत्र में खासे लोकप्रिय थे। मिडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पौल मुजनी ने कहा कि राणा गौतम जी एक सरल एवं मृदभाषी थे क्राइम रिपोर्टर थे। उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई थी। आज पत्रकारिता जगत में शोकं की लहर है। ईश्वर दिवंगत राणा गौतम की आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिवार वाले को इस दुख की घड़ी में सहन शक्ति प्रदान करें। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में राकेश सिन्हा,अभिलाष साहू, राजन वर्मा, सोनाल शांति, आभा सिन्हा, लाल किशोरनाथ शाहदेव, संजय पाण्डेय, गजेन्द्र सिंह आदि शामिल हैं।

### पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने जताया शोक

**रांची** : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने वरिष्ठ पत्रकार राणा गौतम के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री मरांडी ने कहा कि राणा गौतम के निधन की दुखद सूचना से मन व्यथित है। कहा कि उनका निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोकाकुल परिवारजनों को अपार दुख सहन करने की शक्ति दें।

# सोलर पावर प्लांट लगाने में आ रही बाधा को लेकर जरेडा ने की समीक्षा बैठक

बिभा संवाददाता



**राँची** । केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सोलर पावर एनर्जी को पूरे भारत में बढ़ावा दिया जा रहा है इसी तत्वाधान में झारखंड जरेडा कार्यालय में सोलर एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए बैठक रखी गई। बैठक में जरेडा के प्रोजेक्ट डायरेक्टर विजय सिन्हा एग्जीक्यूटिव इंजीनियर मुकेश प्रसाद के साथ कई अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में कई इन्वेस्टरों ने भी भाग लिया । बताते चलें कि ग्रीन एनर्जी सोलर बिजली उत्पादन को लेकर झारखंड में 4 गीगा बाइट का टारगेट रखा गया था लेकिन अब तक एक भी प्लांट नही लगाया गया है। जिसे लेकर बैठक की गई। झारखंड में सोलर प्लांट लगाने को लेकर आ रही अड़चन पर मुख्य रूप से बात हुई । पॉलिसी में गड़बड़ी को लेकर इन्वेस्टर इस काम को शुरू नहीं करना चाहते हैं जिसको जरेडा के डायरेक्टर विजय सिंह ने स्वीकार करते हुए इन्वेस्टरों से सुझाव मांगा है। वहीं इन्वेस्टर का साफ कहना है कि झारखंड में लैंड की बहुत बड़ी समस्या है । इसके साथ ही बैंक ऋण और उसके कर्ज वसूली प्रतिशत भी एक बड़ी समस्या है। जिसे लेकर विभाग को प्रोजेक्ट पॉलिसी पर पुनर्विचार कर सुधार करने की आवश्यकता है।

## गो क्रांति अग्रदूत परम पूज्य गोपाल मणि जी महाराज पहुंचे रांची

बिभा संवाददाता

**रांची** : गौ माता को राष्ट्र माता के पद पर प्रतिष्ठित करवाने हेतु गो क्रांति अग्रदूत परम पूज्य गोपाल मणि जी महाराज का रांची एयरपोर्ट पर आज 6:00 बजे आगमन हुआ । गोपाल मणि जी आज देहरादून से भाया दिल्ली होकर रांची ऐयरपोर्ट पहुंचे गो भक्तों एवम धर्म प्रेमियों के द्वारा अंग वस्त्र , पुष्पगुच्छ सहित माला पहनाकर उनका अभिनंदन और भव्य स्वागत किया गया । रांची एयरपोर्ट से महाराज श्री चतरा के लिए प्रस्थान किए जहां चतरा गौशाला के सानिध्य में महाराज श्री कल 9 जनवरी से 13 जनवरी 2025 तक प्रतिदिन दोपहर 1:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक धेनु मानस गो कथा का रसपान चतरा निवासियों को कराएंगे। महाराज श्री दृढ़ संकल्पित है कि गौ माता को राष्ट्र माता के जल्द से जल्द सुशोभित किया जाए ।महाराज श्री ने पूरे भारतवर्ष में इस हेतु कई बार आंदोलन भी किया और रेलिया भी निकाली है।

अभिनंदन स्वागत में मुख्य रूप से एयरपोर्ट पर किशन गोयल, मनोज बजाज ,प्रमोद सारस्वत ,प्रमोद कुमार पांडेय ,गंगाधर शास्त्री,जितेंद पाठक, आलोक रंजन ,रोहित कुमार चौरसिया, प्रशांत कुमार बैद्य, पिंटू कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्राहक सेवा केन्द्र बंद, ग्राहक परेशान

**बोकारो/बिभा संवाददाता।** चास प्रखण्ड जिला परिषद मार्केट बिजुलिया स्थित ग्राहक सेवा केन्द्र एक माह से बंद है, जिसके कारण ग्राहक परेशान हो रहे हैं। ग्राहक पति दिन ग्राहक तथा पैंशन धारी ग्राहक सेवा केन्द्र पहुँचते हैं, घंटो इंतजार कर निराश हो घर लोट जातेहै। मईया योजना के लाभुक भी परेशान हो रहे हैं । ग्राहक सेवा केन्द्र संचालक अब्दुल कादिर ने ने बताया कि बहुत जल्द ही केन्द्र खुलेगा। तकनीकी समस्या है। विभाग को सुचना दिया गया है।पैशनधारी सहाबुद्दीन अंसारी ने कहा कि एक महीने बैंक का चक्कर लगा रहा हुं तीन महीने का पैशन है। बैंक बंद रहने के कारण पैशन का निकासी नहीं कर पा रहा हूँ। बैंक, प्रज्ञा केन्द्र तथा ग्राहक सेवा केन्द्र में काफी भीड़ हो रही है।



### दीपेंद्र प्रभंजन को पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि

**बोकारो/बिभा संवाददाता।** दीपेंद्र प्रभंजन के असामयिक निधन पर आज बोकारो परिषद में पत्रकारों द्वारा एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित सभी पत्रकारों ने दीपेंद्र प्रभंजन को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर पीड़ित परिवार की सहायता के लिए आर्थिक सहयोग करने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से पत्रकार संजीव कुमार का क्यूआर कोड जारी किया गया है, ताकि जो भी इस परिवार की मदद करना चाहें, वे स्वेच्छा से सम्मानजनक सहायता राशि प्रदान कर सकें। सभा में सभी ने एकजुट होकर इस पहल को सफल बनाने का संकल्प लिया और सहयोग करने वाले सभी सज्जनों के प्रति आभार व्यक्त किया।



### खनन विभाग ने चलाया सघन जांच अभियान

**बोकारो/बिभा संवाददाता।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार मंगलवार को विभिन्न स्थानों पर सघन जांच अभियान चलाया गया। इसी क्रम में चास मुफ्फसिल थाना अंतर्गत पूपंकीघाटबेड़ा के समीप अवैध रूप से बालू खनिज का उत्खनन कर लोड करते हुए 01 हाइवा एवं 01 जेसीबी मशीन को पकड़ा गया, जिसे टीम ने विधिवत जप्त कर चास मुफ्फसिल थाना को सुपुर्द करते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। उक्त अभियान में खान निरीक्षक सीताराम टुडू, पुलिस बल आदि मौजूद थे।



### गो तस्करों को ग्रामीणों ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले, जांच मे जुटी पुलिस

**बोकारो/बिभा संवाददाता।** गाय से लदे एक पिकअप वैन को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है. जिस वाहन को स्थानीय लोगों ने पकड़ा है उसमे दो बच्चा समेत कुल नौ गाएं लदी हुई थी . स्थानीय लोगों के मुताबिक गाय से लदे वाहन अनियंत्रित होकर किसी वाहन से टकराते हुए डिवाइडर से टकरा कर भूतनाथ मंदिर के समीप खड़ा हो गई तथा उसका एकसल टूट गया. इसके बाद वहां भींड इक्क्ठा हो गयी, तभी तस्करों ने गाड़ी पर लदे वाहनों से गायों को उतारने लगे. जमा हुए भींड ने जब तस्करों से उनके परिचय पत्र मांगा तो उन्होंने देने से इंकार कर दिया. इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना चास मुफ्फसिल पुलिस को दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने गाय को कब्जे मे लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।



### राष्ट्रीय सडक सुरक्षा को लेकर निकाली गई बाइक रैली

**बोकारो/बिभा संवाददाता।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को लेकर जागरूकता मोटरसाइकिल रैली निकाली गई. रैली नया मोड स्थित बिरसा चौक से शुरू होकर पत्थरकट्टा चौक तक पहुंची. मीडिया से बातचीत करते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी बंदना सेज्जवलकर ने कहा कि जीवन अनमोल है, लोगों को रैली के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है ताकि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें. उन्होंने कहा कि अपनी सुरक्षा के प्रति लोग जागरूक हो, यही हमारा मूल उदेश्य है.दूसरी ओर ट्रैफिक डीएसपी विद्यासागर ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह चल रहा है, आज की रैली जागरूक करने के लिए निकाली गई है, लोग हेलमेट का उपयोग करें, सुरक्षित रहेंगे।



### एचएमपीवी को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, 8 बेड़ो को किया सुरक्षित

**बोकारो/बिभा संवाददाता।** आइसीएमआर द्वारा भारत में भी ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस के मामले विभिन्न राज्यों में अलर्ट किये गए हैं। ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस एक (एमआरएलए) एमआरएनए वायरस है जो कि न्यूमोविरिडे फैमिली से है। इस बीमारी का ईलाज लक्षणात्मक है एवं कोरोना वायरस की तरह बचाव ही इसका ईलाज है। इसके लक्षण सर्दी, खांसी, जुकाम, सांस फूलना एवं बुखार की भांति ही होती है। कुछ मामलों में ब्रोंकाइटिस और निमोनिया भी हो सकता है।सिविल सर्जन अभय भूषण प्रसाद ने जिला वासियों से किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की है।उन्होंने कहा की सदर अस्पताल मे 8 बेड़ो को रिजर्व किया जा चुका है, अक्सीजन, दवा पर्याप्त है, ये साधारण बीमारी का वायरस है, पैनिक होने की जरुरत नहीं है, सावधानी बरतने की जरुरत है, भींड से दूर रहे।

## उपायुक्त विजया जाधव ने जिला स्वास्थ्य समिति का किया बैठक, दिया अहम दिशा - निर्देश

# खराब प्रदर्शन को लेकर उपायुक्त ने सीएस, डीपीएम, एमओआइसी, बीपीएम, आइईसी इंचार्ज से पूछा स्पष्टीकरण

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने बुधवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की। मौके पर सिविल सर्जन डा. ए बी प्रसाद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, सभी प्रखंडों के प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक कुमार, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे। इस दौरान उपायुक्त ने क्रमवार गर्भवती महिलाओं का एएनसी निबंधन/एएनसी जांच, हेमोग्लोबिन जांच, कैल्सियम, अल्मेंडाजोल, फोलिक एसिड की दवाओं के वितरण, पोस्टपारटम चेकअप, फैमली प्लानिंग, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (जेएसएसके) के तहत मां और बच्चों का उचित देखभाल – भोजन उपलब्ध कराने को लेकर प्रखंडवार विस्तृत समीक्षा की। इस क्रम में लक्ष्य अनुरूप प्रदर्शन नहीं करने को लेकर नावाडीह, कसमार एवं गोमिया प्रखंड के प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी (एमओआइसी), प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (बीपीएम) एवं योजनाओं के ससमय क्रियान्वयन/प्रदर्शन बेहतर करने को लेकर निगरानी/अपने स्तर पर समीक्षा बैठक नहीं करने/क्षेत्र भ्रमण नहीं करने को लेकर सिविल सर्जन एवं डीपीएम से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। वहीं, अगले आदेश तक के लिए सभी संबंधितों का वेतन स्थगित करने को कहा।

उपायुक्त ने सभी को प्रदर्शन में अविलंब सुधार लाने को कहा। उन्होंने प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारियों को अपने प्रखंड मुख्यालय में ही आवासन करने का निर्देश दिया। कहा कि इसमें किसी तरह की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने एमओआइसी को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की निगरानी करते हुए लक्ष्य अनुरूप प्रदर्शन का निर्देश दिया। गर्भवती महिलाओं का एएनसी रजिस्ट्रेशन करने, उनका सही समय पर एएनसी जांच करने, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) पर आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध एएनसी कीट का इस्तेमाल करते हुए नियमित जांच करने, संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर के लिए निर्धारित मानक अनुरूप प्रदर्शन करने को कहा।



समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग के साथ समन्वय करते हुए कसमार, नावाडीह एवं गोमिया प्रखंड में अभियान चलाकर विशेष कैंप का आयोजन करने को कहा। वहीं, डीएसडल्ब्यूओ, संबंधित एमओआइसी, डीपीएम – आइईसी इंचार्ज को शिविर में शामिल होने को कहा। समीक्षा क्रम में जिला समन्वयक एवं आइईसी इंचार्ज द्वारा विभाग के संचालित योजनाओं का सही ढंग से प्रचार प्रसार नहीं करने, कार्य दायित्व में दिलचस्पी नहीं लेने को लेकर स्पष्टीकरण पूछने एवं अगले आदेश तक वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने समीक्षा क्रम में गर्भवती महिलाओं को निजी क्लिनिकों में निःशुल्क अल्ट्रासाउंड कराने को लेकर हुए एमओयू का व्यापक प्रचार प्रसार करने को कहा। साथ ही, निजी क्लिनिक द्वारा प्रतिदिन कितने ऐसे गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड किया गया, उसका प्रतिवेदन जिला को उपलब्ध कराएंगे। परिवार नियोजन के दिशा में भी लक्ष्य अनुरूप कार्य नहीं होने पर उपायुक्त ने नाराजगी जताई। वहीं, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (जेएसएसके) के तहत अस्पताल में इलाजरत महिलाओं को नास्ता - भोजन, अस्पताल आने और जाने के लिए खर्च उपलब्ध कराने आदि का निर्देश दिया। मरीजों के लिए भोजन की व्यवस्था के लिए सभी एमओआइसी को बीडीओ के साथ समन्वय करते हुए व्यवस्था करने को कहा।

इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा करते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिया। सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग के तहत सभी संचालित योजनाओं में जिले का प्रदर्शन बेहतर करने को लेकर कहा।

## झारखंड आंदोलनकारी धानसिंह मुंडारी की मनाई गई 9वीं पुण्यतिथि



बिभा संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड आंदोलनकारी धानसिंह मुंडारी की 9वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सेक्टर 8 स्थित ग्रीन टाइगर फोर्स कार्यालय में ग्रीन टाइगर फोर्स और बिरसा मुंडा समिति के तत्वाधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनकी आत्मा शांति की प्रार्थना की गई। अध्यक्षता ग्रीन टाइगर फोर्स के अध्यक्ष संजय गागराई ने किया। संबोधित करते हुए श्री गागराई ने कहा कि स्व मुंडारी झारखंड राज्य का निर्माण के लिए अपनी जीवन का स्वर्णिम समय आंदोलन में बिताए। अलग राज्य के आंदोलन में इनकी भूमिका जुझारू नेता के रूप में रही। उनका राजनीतिक जीवन झामुमो से प्रारंभ हुआ जहां उन्होंने बढ़-चढ़कर आंदोलन में भाग लिया। वे झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक सदस्यों में से एक है। दिशोम गुरु शिबू सोरेन के साथ साया के तरह रहने वाला व उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर अलग राज्य के लिए आंदोलनरत रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं के द्वारा उनके द्वारा किए गए अच्छी कार्यों एवं उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर मथुरा सिंकु, सूरज लगुरी, कृष्णा कुमार, मोनू रजवार, शुभम कुमार, आदित्य कुमार, मुकेश कुमार, मोहित कुमार, रोशन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## जिले के 28 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से डीईओ ने पूछा स्पष्टीकरण

**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार कक्षा 10 के छात्र - छात्राओं के लिए 07 जनवरी को आयोजित जिला स्तरीय प्रि-बोर्ड परीक्षा में छात्रों की उपस्थिति कम होने को लेकर संबंधित 28 मध्य विद्यालय एवं उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों/ प्रभारी प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण पूछा है। जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) ने जारी पत्र में कहा है कि जिला स्तरीय प्रि-बोर्ड परीक्षा के संबंध में सभी प्रधानाध्यापकों/प्रभारी प्रधानाध्यापक को निदेशित किया गया था। परीक्षा विषय में बच्चों को सूचित करने एवं शत-प्रतिशत उपस्थित सुनिश्चित करने हेतु निदेशित किया गया था। इस संबंध में 6 जनवरी को सभी प्रधानाध्यापकों/ प्रभारी प्रधानाध्यापक साथ ऑन लाईन बैठक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया था।

बावजूद, 7 जनवरी को आयोजित प्रि-बोर्ड परीक्षा के प्रथम दिन जिले के 28 विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति 50 प्रतिशत एवं उससे कम पाई गई है। कसमार प्रखण्ड में कुल 11 में से 05 विद्यालयों में उपस्थिति कम पाई गई जो कि अत्यनत ही खेदजनक है।

## स्वदेशी मेला में नगर वासियों की उमड़ने लगी भीड़, लकड़ी के समानो की बढी मांग

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** यहां के सेक्टर 4 स्थित मजदूर मैदान में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित इस्पतांचल स्वदेशी मेला मे यूपी के सहारनपुर की हैंडीक्राफ्ट तथा गया के हैंडीक्राफ्ट की वस्तुओं हर उम्र के लोगों को लुभा रही है। यहां लकड़ी के बने खिलौने मिल रहे हैं। जो बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को आकर्षित कर रही है। लोग अपने परिवार के लिए लकड़ी से बने सामानों की जमकर बिक्री कर रहे हैं। इधर मेला घूमने आए नगरवासियों के लिए आयोजित ज्ञान, ध्यान व गान संध्या में आर्ट ऑफ़ लिविंग के लोगों ने अपने उम्दा कला के प्रदर्शन से लोगों को आनन्दित किया। आर्ट ऑफ लिविंग के डीडीसी राम नारायण जी ने बताया कि आर्ट ऑफ़ लिविंग से जुड़कर तनाव मुक्त जीवन व हिंसा मुक्त समाज की स्थापना कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के 180 देश में लोग आर्ट ऑफ लिविंग से जुड़े लाखों लोग अपने जीवन के साथ साथ सामाजिक जीवन में बदलाव ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग के बाद बताए हुए सिद्धांतों को एम्स, नशा, वर्ल्ड साइकाइट्रिक संगठन और वर्ल्ड साइंटिस्ट संगठन ने यह प्रमाणित किया है की इनके सिद्धांतों को अपना करके आप अपने जीवन में उन्नति और सुधार कर वसुधैव कुटुंबकम की परिकल्पना को साकार कर सकते हैं। मालूम हो कि स्वदेशी मेला में मंच द्वारा घूमने आए दर्शकों का विशेष ध्यान रखा जाता है इनके खरीदारी और मनोरंजन के लिए प्रत्येक दिन तरह-तरह के रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इधर सर्व प्रथम आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक व शिक्षिका दीपक कुमार व संध्या देवी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।



### प्रगणकों को दिया प्रशिक्षण

**बोकारो।** जन्म एवं मृत्यु से सम्बंधित अधिकारियो, प्रगणको, तथा कर्मियों को जिला सहकारिता बिल्डिंग मे एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया. हलांकि बोकारो जिला के प्रदर्शन पर संतोष ब्यक्त करते हुए उप निदेशक रांची प्रणलेखा दास गुप्ता ने कहा कि यह प्रशिक्षण देना आवश्यक था ताकि अबतक हम लोग ऐप पर काम करते रहे है, लेकिन ऐप के वर्जन बदलते रहा है, इसलिए प्रशिक्षण आवश्यक है.दूसरी ओर सहायक निदेशक रांची गजेंद्र गुप्ता ने कहा कि लंबे समय से आंकड़े भेजे जाते है लेकिन मोबाइल मे कुछ दुविधाएं आती है, डाटा को लेकर अपडेट करते रहते है, इसी को लेकर आज प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### स्कूली बच्चों की मौत: झारखंड अभिभावक संघ बोकारो ने की निंदा

**बोकारो।** झारखंड अभिभावक संघ बोकारो जिला द्वारा गोला मे हुई आज सुबह सड़क दुर्घटना में 4 बच्चों की मौत पर शोकसवेदना प्रकट करते हुए जिलाध्यक्ष महेंद्र राय ने कहा कि स्कूलों द्वारा अक्सर सरकार के आदेश की धज्जियां उड़ाई जाती रही हैं । सरकार ने बढ़ती ठंड को देखते हुए कक्षा 8 तक के बच्चो की स्कूल बंद करने की आदेश जारी किया मगर उस आदेश को दरकिनार कर स्कूल प्रबंधन ने क्लास 8 तक की कक्षाएं चालू की जिसके कारण आज सड़क दुर्घटना से 4 बच्चो की मौत हुई। इस घटना पर सरकार को सख्त करवाई करते हुए स्कूल प्रबंधन पर हत्या का केस तथा उसकी मान्यता रद्द करनी चाहिए। उन्होंने ने कहा कि आज सुबह गोला में दामोदर रेस्टोरेंट के समीप गुड विल पब्लिक स्कूल के बच्चे ऑटो से स्कूल जाने के दौरान एक ट्रक के चपेट में आने से ऑटो ड्राइवर सहित 3 स्कूल बच्चों का मौके पर ही मौत हो गया है।

## रामगढ़ जिला में नहीं थम रहा चोरों का आतंक, पुलिस के हाथ अब तक खाली

बिभा संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के कुजू ओपी क्षेत्र में एक व्यवसायी के बंद घर में चोरों ने हाथ साफ कर दिया। पिछले 30 दिसंबर से आधा दर्जन से अधिक घरों में चोरी हो चुकी है जिसमें अभी तक पुलिस के हाथ खाली है। ताजा मामला कूज्जू ओपी थाना क्षेत्र का है। जहां व्यवसायी सह कुजू गुरुद्वारा के प्रधान अरविंद सिंह बग्गा पूरे परिवार के साथ शोभायात्रा में शामिल होने गुरुद्वारा गए हुए थे। उसी दौरान बंद घर में चोरों ने वारदात की। चोरों ने करीब पांच लाख के जेवरात और 29 हजार नगद की चोरी की है। अरविंदर सिंह बग्गा ने बताया कि हमारा पूरा परिवार मंगलवार को गुरु गोविंद सिंह जयंती के शोभायात्रा में शामिल होने गया था। रात करीब 11 बजे लौटे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है। घर से लगभग पांच लाख के जेवरात और 29 हजार नगद की चोरी हुई है। इस संबंध में अरविंदर सिंह बग्गा ने मामले की जानकारी कुजू ओपी पुलिस को दी है।



## एमजीएम स्कूल के पूर्व छात्र कुणाल ने सीडीएस की परीक्षा में मारी बाजी

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ के पूर्व छात्र कुणाल गौतम ने संघ लोक सेवा आयोग, यूपीएससी की ओर से आयोजित कंबाइंड डिफेंस सर्विसेस 2024 की परीक्षा में बाजी मारी। इस परीक्षा में उन्होंने अखिल भारतीय स्तर पर 21 वां स्थान प्राप्त हुआ। वह चेन्नई स्थित भारतीय सेना के केंद्र में प्रशिक्षण हासिल कर रहे हैं। यह जानकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक फादर डा.जोशी वर्गीस ने दी। उन्होंने कहा कि स्कूल के सत्र 2018 के छात्र कुणाल गौतम की भारतीय सेना में अधिकारी बनने की इच्छा थी। उन्होंने लक्ष्य साध कर कठिन परिश्रम किया। शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में सफलता की राह पर कदम आगे बढ़ाया। कड़ी मेहनत व लगन से इन्होंने इस परीक्षा में सफलता का परचम लहराया।



चेन्नई में प्रशिक्षण हासिल करने के पश्चात वह भारतीय सेना में अधिकारी के पद पर सेवा प्रदान करेंगे। कहा कि विद्यालय में शिक्षा का बेहतर माहौल तैयार किया जा रहा है। विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा के साथ-साथ करियर के विकल्प की भी जानकारी प्रदान की जा रही है। इन्हें विविध प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता का गुर बताया जा रहा है। इसका सकारात्मक नतीजा सामने आ रहा है। विद्यार्थी विविध प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता हासिल कर रहे हैं। प्रधानाध्यापक फादर डा.जोशी वर्गीस ने कुणाल गौतम के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बीएसएल में ग्रीनको रेटिंग सिस्टम का शुभारंभ

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के द्वारा विकसित ग्रीनको रेटिंग सिस्टम उत्पादन कंपनियों को पर्यावरण को बेहतर बनाने में सहायता प्रदान करता है.ग्रीनको रेटिंग सिस्टम ऊर्जा के क्षेत्र में दस मुख्य कारकों दक्षता, नवीकरणीय ऊर्जा, जल संरक्षण, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी, अपशिष्ट प्रबंधन, सामग्री संरक्षण, पुनर्चक्रण हरित आपूर्ति श्रृंखला, उत्पाद भण्डारण, जीवन चक्र मूल्यांकन, पर्यावरण और हरित बुनियादी ढांचे के लिए नवाचार और पारिस्थितिकी जैसे प्रथाओं के मूल्यांकन और उन्हें बढ़ाने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है।



8 जनवरी को बीएसएल के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में भारतीय उद्योग परिसंघ के द्वारा विकसित ग्रीनको रेटिंग सिस्टम पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यकारी निदेशक प्रभारी एवं अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रँगानी के द्वारा परंपरागत तरीके से दीप प्रज्वलित कर शुरू किया गया. इस मौके पर अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन)सी आर मिश्रा, अधिशासी निदेशक (माइंस ) विकास मनवटी, बीजीएच के प्रभारी डॉ बीबी करुणामय, भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सी शिवानंद, विवेक कुमार सिंह एवं रवि कुमार के साथ मुख्य महाप्रन्धक, विभागाध्यक्ष तथा वरीय अधिशासीगण उपस्थित थे. उल्लेखनीय है कि बोकारो स्टील प्लांट को सेल की पहली इकाई के रूप में ग्रीनको रेटिंग सिस्टम के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए चुना गया है. बीएसएल में इसके परिचालन और कार्यान्वयन के आधार पर इस सिस्टम को सेल के अन्य इकाइयों में लागु करने का निर्णय लिया जाएगा। वर्तमान में, 1000 से अधिक इकाइयाँ अपनी वृद्धि के लिए ग्रीनको रेटिंग को लागू करने पर काम कर रही हैं. ग्रीनको को अपनाने के बाद कंपनियों को 3500 करोड़ रुपये की वार्षिक बचत हुई है. एन पी श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (ईसीएस) ने सभी लोगों का स्वागत किया. नितेश रंजन, सहायक महाप्रबंधक (ईसीएस) के द्वारा बोकारो स्टील में अपनायी गयी प्रक्रियाओं पर एक प्रस्तुतीकरण किया गया. भारतीय उद्योग परिसंघ (सी आई आई) के ग्रीनको टीम के द्वारा भी एक प्रस्तुतीकरण किया गया. तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्रॉस फंक्शनल टीमों का गठन किया गया है जो मिलकर ग्रीनको रेटिंग प्रणाली के लागु करने के बारे में काम करेंगी।

## तंबाकू के दुष्प्रभाव : गोमिया प्लस टू स्कूल व होसीर स्कूल में सेमिनार का आयोजन

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** गोमिया प्लस टू हाई स्कूल एवं होसीर हाई स्कूल में तम्बाकू के दुष्परिणाम विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य के द्वारा की गई। जिला परामर्शी मो0 असलम द्वारा सभी बच्चों को तम्बाकू के दुष्परिणाम, तम्बाकू में पाये जाने वाले जहरीले तत्व, तम्बाकू प्रयोग से स्वास्थ्य पर दीर्घ अवधी परिणाम, तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र व तम्बाकू छोडने के उपाय, परामर्शी सेवा लेने की सुविधा, टाल फ्री नम्बर 1800-11-2356 एवं तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के मुख्य बिन्दुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई।

जिला परामर्शी ने बच्चों को बताया कि तंबाकू के अंदर 4000 से अधिक जहरीले तत्व होते हैं जो मानव शरीर में विभिन्न प्रकार की बीमारियां उत्पन्न करती है निकोटीन की वजह से सोचने समझने की क्षमता में कमी आता है सेमिनार के दौरान सभी बच्चों को बताया कि तंबाकू का सेवन पहले खुद ना करें और साथ ही ऐसी जगह से बचें जहां धूम्रपान का सेवन किया जाता है क्योंकि यदि आप उस जगह पर खड़े रहते हैं तो पैसिव स्मोकिंग की वजह से आपको भी नुकसान हो सकता है तो ऐसी जगह से बचें जहां खुले में धूमपान किया जाता है लाता है तम्बाकू में पाया जाने वाला निकोटीन, कार्बन मोनोआक्साईड, टार, बेंजीन आदि रसायनिक गैसें भी हमारे आने वाले पीढी को कितना नुकसान कर सकते है आप अन्दाजा नही लगा सकते।



संक्षिप्त खबरें

## मुरहू प्रखण्ड उपप्रमुख ने हरिजन बस्ती में किया कम्बल वितरण

**खूँटी/बिभा संवाददाता।** जिले के मुरहू प्रखण्ड के मुरहू हरिजन बस्ती में मंगलवार की रात कड़ाके की ठंढ पर हाल-चाल व जरुरतमंदों की वास्तविकता का जानकारी लेने प्रखण्ड उपप्रमुख अरुण साबू मुहल्ले में पहुँचे। जहाँ उन्होंने ऐसे जरुरत मंदों को कम्बल प्रदान किया। वहीं लोगों ने इस दौरान उपप्रमुख को रात में पाकर किसी खुश हुए। लोगों में चर्चा हुई कि जनप्रतिनिधि वहीं जो अपने स्वार्थ के लिए नहीं बल्कि जनता के हित पर निस्वार्थ खड़ा रहे। लेकिन ऐसा आज के दिनों में देखने को नहीं मिलता है। निर्वाचन के दिनों में लोग अपनी जीत सुनिश्चित कराने को लेकर खर्च का नदी बहाना चाहते हैं। अपना ध्वनि विस्तारक यंत्रों से प्रचार करते हैं। कि हम ही सबसे अच्छे हैं। लेकिन जब समय बीत जाता है तो लोग समाज को भूल जाते हैं। अभी भी अंबुजा आवास के लिए लोग भटक रहे हैं। अनेक लोगों को वृद्धा पेंशन नहीं मिल रहा है। गरीबों को मिलनेवाली जनवितरण प्रणाली का राशन की कटौती हो रही है। लेकिन समुचित लाभ दिलाने के लिए जनप्रतिनिधियों की भूमिका की सुनिश्चित है वो तो जनप्रतिनिधि ही बतला पाएंगे। हालांकि जाड़े का मौसम काफी समय बीत जाने के बाद मिली कम्बल का वितरण किया जाने लगा है। लेकिन वहीं इस कड़ाके की ठंढ पर अरुण साबू प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी वितरण करने में अपनी भूमिका सुनिश्चित कर रहे हैं।



## किस्को प्रखंड में मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन

**लोहरदगा/बिभा संवाददाता।** सशत्र सीमा बल किस्को तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किस्को द्वारा संयुक्त रूप से मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन बुधवार को किस्को प्रखंड के सेमरडीह में किया गया। मानव कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत राजेश सिंह, कमांडेंट 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सिलम गुमला के मार्ग निर्देशन में, आज दिनांक 08.01.2025 को ग्रामसभा-सेमरडीह में जी समवाय सशस्त्र सीमा बल किस्को के कंपनी कमांडर ज्ञानेश्वर सिंह सहायक कमांडेंट के नेतृव में मानव चिकित्सा कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. हिमांशु गिरी सहायक कमांडेंट, 32 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के माथ डॉ. प्रियंका, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद किस्को के द्वारा सेमरडीह, वाणपुर, डटमा व आस पास के लगभग 100 ग्रामीणों का स्वास्थ्य जाँच किया गया और साथ ही निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर ज्ञानेश्वर सिंह, सहायक कमांडेंट जी समवाय सशस्त्र सीमा बल किस्को ने कहा कि सशस्त्र सीमा बल समय समय पर अपने आदर्श वाक्य 'सेवा सुरक्षा व बंधुत्व को चरितार्थ करते हुए ग्रामवासियों की मदद व युवाओ के उत्थान हेतु जन कल्याण कार्यक्रमों के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है ताकि क्षेत्र के पिछड़े व वंचित लोगों को जन-सुविधाओ का लाभ पहुंचाया जा सके। अंत में उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की मदद की जरुरत पड़ती है तो सशस्त्र सीमा बल आपके साथ है। कार्यक्रम में उप० नि० सुमन मिंज थाना प्रभारी किस्को, खरकी पंचायत के मुखिया चाँदमनी उराँव, प्राथमिक विद्यालय सेमरडीह के प्रधानाचार्य व क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



## उप विकास आयुक्त ने लिया योजनाओं का जायजा

**लोहरदगा/बिभा संवाददाता।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण उप विकास आयुक्त द्वारा किया गया। विदित हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र का बुधवार को दौरा कर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप देव् शेखावत ने जिला परिषद विभाग से निर्मित सेन्हा राइस मिल एवं कल्हेपाट ग्राम में पीसीसी पथ निर्माण का निरीक्षण किया। तथा प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत में मनरेगा योजना से हो रहे कार्य बागवानी,ट्रेंच कटिंग,कूप निर्माण एवं अबूआ आवास योजनाओं का निरीक्षण करते हुए कार्य को प्रगति प्रदना हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मु को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि मनरेगा योजना कार्य मे अधिक से अधिक मजदूरों को काम देने और ससमय योजना को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीआरओ सुजीत उरांव, वंदना कुमारी, आरती चेरमाको सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



## विधायक ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्या, जल्द समाधान का दिया भरोसा

**सिल्ली/बिभा संवाददाता।** सिल्ली विधायक अमित महतो ने राहे प्रखण्ड अंतर्गत होटलो पंचायत में जनता दरबार में आमजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुनकर समयबद्ध कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। इस दौरान विभिन्न प्रखंडों से आये फरियादियों ने व्यक्तिगत व सामाजिक मुद्दों को विधायक के समक्ष रखा। जिसपर विधायक ने यथोचित कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। फरियादियों ने अबुआ आवास, वृद्धा पेंशन, जमीन विवाद, दाखिल खारिज करने, भूमाफिया लोगों के द्वारा जमीन अतिक्रमण, अत्याचार करने समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं व समस्याओं को लेकर ध्यान आकृष्ट कराया। विधायक ने पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रखंड कार्यालय के साथ-साथ अन्य सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित कर जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों का जांचोपरांत समयबद्ध कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।



### सरकारी विद्यालय की भूमि को बचाने के लिए डहकेला में हुआ विशाल बैठक, विधायक ने कहा

# विद्यालय की जमीन पर नजर गड़ाने वाले सुधर जाएं

बिभा संवाददाता

**खूँटी।** जिले के कर्रा प्रखंड के डहकेला स्थित राजकीय मध्य विद्यालय के खेल मैदान को बेचे जाने के विरोध में विद्यालय प्रबंधन समिति एवं ग्रामीणों का बुधवार को एक विशाल बैठक किया गया। बैठक में विशेष रूप से तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया उपस्थित रहे। जिन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा की विद्यालय की जमीन पर अवैध कब्जा करना सरासर ग़लत है। जिसे किसी भी हाल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जमीन दलाल की नजर अगर विद्यालय की जमीन पर है तो ऐसे लोग सुधर जाएँ। यह विद्यालय की जमीन है और विद्यालय का ही जमीन रहेगा। हमारी लड़ाइ शुरू से ही जल जंगल जमीन की रही है। उन्होंने विद्यालय के जमीन दानकर्ता ठाकुर महेन्द्र नाथ शाहदेव का भी आभार प्रकट किया और सभा के माध्यम से बताया कि किस तरह तोरपा विधानसभा के बानो प्रखंड अंतर्गत जयपाल सिंह मुंडा खेल मैदान को अवैध कब्जा से मुक्त कराया गया है। वहीं जनता की समस्या पर 24 घंटा खड़ा रहने की बात कही। जनता बेझिझक अपनी समस्या विधायक के पास रख सकते हैं।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय एरियल कंडुलना ने कहा कि 1949 से खेल मैदान पर विद्यालय का ही अधिनस्थ है। विद्यालय में होने व ला सभी आयोजन व खेल उसी मैदान में होता है। उन्होंने कहा कि 1990 ई के बंडा पर्चा में भी इसका उल्लेख है। उन्होंने कहा कि 1949 से 1975 तक विद्यालय का संचालन आदिम जाति सेवा मंडल द्वारा किया जाता था। 1975 से इसका सरकारीकरण हुआ। पिछले 74 वर्षों से मैदान पर स्कूल का कब्जा है। इस जमीन को किसी भी हाल में बेचने नहीं दिया जाएगा। इस बैठक में शिक्षक श्याम कुमार साहू, झामुमो सोशल मिडिया प्रभारी राहूल केशरी, मुखिया पूनम बाखला, देवेंद्र सिंह, अभय सिंह, भोला गोप, सुनील साहू, मार्शल होरो शोसन होरो, लच्छुवा लोहरा, सुनील धान, संजय मुंडा, मंगल पहान, ग्राम प्रधान चुडरू पहान, बिरसा पहान संजय गोप, छकिन्द्र महतो के अलावे सैकड़ों महिला पुरूष मौजूद रहे।



### हमारे पूर्वजों में दान देने और रियासत में बसाने की प्रथा रही है, जिसे कोई अपमान न करें : लाल विजय

अखिल भारतीय झारखंड पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष व ठाकुर महेन्द्र नाथ शाहदेव के पोते लाल विजय नाथ शाहदेव ने कहा कि जयेंद्र नाथ शाहदेव के बहकावे व मिलीभगत से प्रतिमा सिंह द्वारा अपने निजी स्वार्थ के लिए गलत ढंग से शिक्षा के मंदिर की जमीन को बेचे हैं, निश्चित रूप से कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। जिसका सभी को मिलकर कड़ा विरोध किया जाएगा। हमारे दादा जी ठाकुर महेन्द्र नाथ शाहदेव जरियागढ़ के साथ साथ डहकेला विद्यालय के नाम से भी 70 साल पहले ही जमीन दान कर चुके हैं जिसे हमारे राजपरिवार के कुछ लोग ग़लत तरीके जमीन को बेच रहे हैं। जिस पर एफआईआर होना चहिए। साथ ही आदिवासी मूलवासी को संगठित होकर अपने जमीन को बचाने के लिए अपने हक अधिकार कि लड़ाई संगठित होकर लड़ने कि अपील किया. कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक एरियर संजय कंडुलना व धन्यवाद ज्ञापन मुखिया ग्लोरिया लुगुन ने किया।

## निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रहण करें अधिकारी : उपायुक्त



बिभा संवाददाता

**खूँटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में बुधवार को राजस्व संग्रहण एवं राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की उपायुक्त ने समीक्षा बैठक की। बैठक में राजस्व संग्रहण, दाखिल खारिज, भूमि सीमांकन, ई-रेवेन्यू कोर्ट, सक्सेसन म्यूटेशन, पार्टीशन म्यूटेशन, सर्टिफिकेट केस समेत विभिन्न विषयों की समीक्षा की गई। बैठक में अपर समाहर्ता ने विभिन्न अंचलों से प्राप्त अद्यतन प्रतिवेदन रिपोर्ट प्रस्तुत की। उपायुक्त ने बिंदुवार समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार राजस्व संग्रहण करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने दाखिल खारिज मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने पर बल दिया। दस्तावेजों की गहन जांच के बाद निर्णय लेने का निर्देश दिया गया। नियमित रूप से ई-रेवेन्यू कोर्ट करने और ऑनलाइन रिपोर्ट अपडेट करने का भी निर्देश दिया गया। विभिन्न विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए अंचल में भूमि चिह्नित करने को लेकर भी सभी अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, डीसीएलआर, जिला खनन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## खूँटी में खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित

बिभा संवाददाता

**खूँटी।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के द्वारा खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षित करने के लिए गैर सरकारी संगठन एक्सपडाइटस वर्कर फाउंडेशन व लेज़रसॉफ्ट टेक्नोलोजिस द्वारा शहर के पिपराटोली स्थित संस्था के कार्यालय सभागार में बुधवार को खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में 120 खाद्य कारोबारियों ने भाग लिया। शिविर में प्रशिक्षक राकेश सिंह द्वारा खाद्य कारोबारियों के साथ खाद्य सुरक्षा निबंधन व लाइसेंस की अनिवार्यता एवं प्रक्रिया, खाद्य खतरा एवं नियंत्रण, खाद्य जनित रोग, विभिन्न प्रकार के खाद्य खतरे, अच्छा निर्माण अभ्यास, अच्छा स्वच्छ रखरखाव, अच्छा तौर तरीके, व्यक्तिगत एवं कार्यस्थल की साफ-सफाई व स्वच्छता, डब्बा तैयार करने के तरीके व नियम, कच्ची सामग्री की गुणवत्ता के मानक, कोविड-19 से संबंधित सावधानियां एवं नियम आदि पर विशेष रूप से चर्चा की गई। शिविर के आयोजन में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया। मौके पर संस्था के अजय सिंह, प्रतीक, अभिषेक, रिजवाना, रोबिन कुमार, प्रवीण कुमार सिन्हा, रवींद्र लहकार आदि उपस्थित थे।




## आजसू कार्यकर्ता के निधन पर सुदेश महतो ने दिया श्रद्धांजलि



**राहे।** प्रखंड क्ष के होटलो पंचायत अंतर्गत फुलवार गांव निवासी आजसू पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता पंचानन यादव के श्राद्ध कर्म में घर जाकर पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो श्रद्धांजलि अर्पित किए। स्व० पंचानन यादव की आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना किये। उन्होंने परिवारजनों से मिलकर ढाढस बांधया व आश्वासन दिए कि सुख-दुःख में आजसू परिवार सदैव उनके साथ खड़ा रहेगा।मौके पर प्रभारी संजय सिद्धार्थ, बबलू खान, रंगबहादुर महतो, मीरा महतो, हलधर पांडेय, संजय मुंडा, संतोष दास, प्रमोद लाल, बुधराम मुंडा, कमल मुंडा, देवनारायण सिंह, बासु अहीर, विजय अहीर, संतोष महतो आदि मौजूद थे।

## खूँटी जिले में चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान



**खूँटी/बिभा संवाददाता।** सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला परिवहन कार्यालय द्वारा जिले की जगहों पर यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में बुधवार को बस स्टैंड में आयोजित कार्यक्रम में बस और अन्य सवारी वाहन चालकों को यातायात नियमों के विषय में जानकारी दी गई। साथ ही सड़क सुरक्षा के नियमों का अनुपालन करने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देते हुए वाहनों में ओवरलोडिंग न करने की अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान जिला मुख्यालय के पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट, नो फ्यूल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पेट्रोल पंप के संचालक एवं कर्मचारियों को नो हेलमेट, नो फ्यूल का अनुपालन करने का निर्देश दिया गया।

## हिंडालको के खिलाफ धरना पर बैठे महिलाओं की ठंड से हालत बिगड़ी

**लातेहार।** चंदवा प्रखंड के चंदवा पंचायत की रहने वाली महिला और पुरुष के द्वारा हिंडालको कोल माइंस कंपनी के खिलाफ उपायुक्त कार्यालय लातेहार मे धरना एवं प्रदर्शन किया जा रहा है इस कड़ाके की ठंड में भी महिला एवं पुरुष उपयुक्त कार्यालय के समक्ष धरना पर बैठे हैं दो दिन भी जाने के बाद भी धरना प्रदर्शन जारी है ठंड लगने के कारण सुशीला देवी एवं चिंता देवी की हालत बिगड़ गई है धरना पर बैठे लोगों ने 108 एंबुलेंस की मदद से लातेहार अस्पताल ले जाया गया और भर्ती कराया गया। प्रदर्शन में बैठे लोगों ने बताया की कंपनी हम लोगों के साथ गलत व्यवहार कर रही है हम लोग अपने चकला पंचायत में करीब 5 महीना से धरना पर बैठे हैं और प्रदर्शन कर रहे हैं फिर भी हिंडालको कंपनी हम लोगों से बातचीत करने नहीं आई तब जाकर हम लोग उपायुक्त कार्यालय समीप धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

## शहीद शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह का शहादत दिवस मनाया गया



बिभा संवाददाता

**मांडर।** प्रखंड फारेस्ट मैदान में युवा कांग्रेस और प्रखंड कमेटी के नेतृत्व में शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह का 168वी शहादत दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कृषि पशुपालन सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और पुर्व मंत्री सह झारखंड सरकार सम्मनवयक समिति के सदस्य बंधु तिर्की उपस्थित हुए। वीची सपुतो के चित्र पर मल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर बोलते हुए मंत्री ने कहा कि आज हमें इन वीर सपुतो की शहादत से सिख लेनी चाहिए। दोनों अलग अलग जाति का होते हुए भी आपस मे तालमेल बनाकर देश के लड़े। लेकिन आज कुछ लोग हमें जाति धर्म में बाट कर नफरत फैलाते हैं। पुर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि झारखंड की धरती वीरों से भरा पडा है। देश की आजादी के लिए काफी लोग शहीद हुए हैं। इनसे हमे प्रेरणा लेने की जरूरत है। आपस में मिलजुल कर रहेंगे तभी विकास की राह में आगे बढ़ पाएंगे। जाति पाती का बंधन छोड़कर हमें एक होकर अपने हक के लिए आवाज उठाना है। मौके पर जमील मलिक, मांगा उरांव ला, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अमीत खलखो, अल्पसंख्यक अध्यक्ष शमीम अख्तर समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## तमाड़ विधायक ने 90 लाख की लागत से बनने वाली योजनाओं का रखी आधारशिला

बिभा संवाददाता

**खूँटी।** अड़की प्रखंड के अंतर्गत बालालोंग पंचायत एवं सारगेया पंचायत के लगभग 90 लाख की लागत से बनने वाले विभिन्न योजनाओं का तमाड़ विधायक विकास मुंडा ने बुधवार को आधारशिला रखी। जिसमें ऊपर बालालोंग पंचायत में लगभग 1000 फीट पीसीसी पथ निर्माण , जोजोहातु के बिरसा उच्च विद्यालय में चारदिवारी एवं दो कमरे वाला कक्षा कक्ष निर्माण जिसका लागत लगभग 44 लाख 66 हजार रुपए से निर्माण होगा। वहीं सारगेया पंचायत के कोटा गांव में मुख्य कैनल से उच्च विद्यालय कोटा तक 24 लाख की लागत से पीसीसी पथ निर्माण उच्च विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के लिए दस लाख की लागत से साइकिल स्टैंड का निर्माण किया जाएगा। वहीं विधायक के कार्यक्रम स्थल पहुँचने पर ग्रामीणों तथा विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने विभिन्न जन समस्याओं को लेकर विधायक को आवेदन भी सौंपा। इसी क्रम में विधायक ने खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्रियों का वितरण किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि मनोज, मंडल पंचायत समिति सदस्य महावीर मुंडा, प्रकाश मंडा, चंद्रसाईं शोले, मुखिया अमित मुंडा, रेशमी देवी, जावरा पहान ,जगदीश मुंडा, हरि सिंह मुंडा, बसु सेठ, प्रदीप मुंडा, अरविंद कुमार एवं सैकड़ों कार्यकर्ता महिला पुरुष उपस्थित थे।



# अल्मा मेटर लोगों को कर रही खेल व शिक्षा के प्रति प्रेरित

बिभा संवाददाता

**खूँटी।** अल्मा मेटर व पार्टनर संस्था द्वारा दानी स्पोर्ट्स फाउंडेशन के माध्यम से चल रहे छलांग परियोजना के अंतर्गत सिमडेगा जिला अंतर्गत कोलेबिरा प्रखंड के 12 गांव - सोकोरला राजू टोली, पहाड़ टोली, छोटकाटोली, कुंदरुडेगा, शिवनाथपुर, कोंडेकेरा, पश्चिम कोलेबिरा, बेलाटोली, लरबा, जामटोली भंडारटोली, सरायपानी, सारंगापानी में खेल मेला का आयोजन किया गया । जिसमें विगत 23 दिसम्बर से 13 जनवरी 2025 तक 12 समुदायों में शीत शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें गाँव के बच्चे जिनका उम्र 6 से 14 तक है वो बच्चे विंटर कैंप मे आ रहे और खेल से संबंधित अनेक गतिविधियां कर रहे हैं l सभी 12 सभी गांव में एक खेल मेला का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें बच्चों के साथ-साथ बच्चों के अभिभावक भी खेल गतिविधि में भाग ले रहे हैं। जिसमें अच्छे खिलाड़ी को मेडल से पुरस्कृत कर खेल के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है।

खेल मेला का उद्देश्य - खेल मेला का उद्देश्य यह है की बच्चों में शारीरिक खेल गतिविधि पर रुचि पैदा की जा सके जिससे उनका शारीरिक और मानसिक और बौधिक विकास हो और यह कार्यक्रम स्कूल ठंड छुट्टी में बच्चों के साथ किया जा रहा ताकि बच्चें विद्यालय में पढ़ाई किए हुआ भूले नहीं और गलत संगत या नशा पान से बच्चों को सुरक्षित किया जा सकेl बच्चे और अभिभावक छलांग के इस कार्यक्रम से बहुत खुश हैं और छलांग को धन्यवाद देते हुए कहा की आगे होने वाले हर कार्यक्रम में वे शामिल होंगे तथा दूसरे बच्चों को भी शामिल होने के लिए प्रेरित करेंग। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अल्मा मेटर संस्था के कार्यक्रम प्रबंधक भूपेंद्र कंसारी, क्षेत्र समन्वयक रश्मि होरो, आशा तोपनो, दीपक दास, शशि भूषण साहू, और समुदाय के 50 वॉलिंटियर का पूर्ण सहयोग हो रहा है।




## सदर अस्पताल में निःशुल्क मोतियाबिंद शल्य चिकित्सा

**खूँटी।** सदर अस्पताल में निःशुल्क मोतियाबिंद शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य जिले के सभी छह प्रखंडों के नागरिकों को निःशुल्क नेत्र जाँच और मोतियाबिंद शल्य चिकित्सा की सुविधा प्रदान करना है। जिले के सभी छह प्रखंडों के नागरिक इस सेवा का लाभ उठा सकते हैं। जांच के दौरान, जिन व्यक्तियों में मोतियाबिंद के कारण अंधत्व पाया जाएगा, वे निःशुल्क ऑपरेशन के लिए पात्र होंगे। दूर-दराज के निवासियों के लिए पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में प्रारंभिक नेत्र जांच की व्यवस्था की गई है। सीएचसी में मोतियाबिंद की पुष्टि होने पर मरीजों का उपचार जिले के सदर अस्पताल में किया जाएगा।

## सदस्यता अभियान के लक्ष्य को पूरा करें भाजपा कार्यकर्ता : नीलकंठ सिंह मुडा

बिभा संवाददाता

**खूँटी।** मुरहू मंडल में बुधवार को भाजपा का सदस्यता अभियान चलाया गया। जहाँ भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और भाजपा सदस्यता अभियान के मंडल प्रभारी नीलकंठ सिंह मुंडा उपस्थित रहे। मौके पर उन्होंने कहा कि पूरे देश में भाजपा द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। विधानसभा चुनाव के कारण झारखंड प्रदेश में यह अभियान विलंब से शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान में सभी की भागीदारी हो और सदस्यता अभियान में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति, सामान्य वर्गों को भाजपा का सदस्य बनाएँ। मौके पर जिला महामंत्री सह मण्डल सदस्यता अभियान प्रभारी संजय साहू ने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए सदस्यता अभियान महत्वपूर्ण है। यह आम जनता से जुड़ने और उनके मुद्दों को समझने का मौका भी है। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष काशीनाथ महतो, जिला सह मीडिया प्रभारी महावीर राम, मंडल महामंत्री भुनेश्वर मांझी, सुखमोहन नायक, सुरेश प्रसाद, बसंत प्रसाद, विजय प्रसाद, लोकनाथ मुंडा, लीलावती कश्यप, किरण देवी, फूलमनी बोदरा, बीना देवी, गोमेश्री पाहन, सोतो मानकी, सुनील गुप्ता, रामा भगत, जगमोहन पूर्ति, शंकर महतो, राजेश महतो सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।



संपादकीय

## मिटाना होगा आत्महत्याओं का कलंक

भारत में आए दिन आत्महत्या की घटनाएं होती रहती है। आंकड़ों पर गौर करें तो देश में हर चार मिनट में एक आत्महत्या होती है। शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता होगा जब किसी न किसी इलाके से गरीबी, भुखमरी, कुपोषण, बेरोजगारी, कर्ज जैसी तमाम आर्थिक तथा अन्य सामाजिक दुश्वारियों से परेशान लोगों के आत्महत्या करने की खबरें न आती हों। आत्महत्या सभ्य समाज के माथे पर कलंक के समान है। आत्महत्या में व्यक्ति स्वयं को दंडित करते हुए अपनी जान दे देता है। ऐसा कोई व्यक्ति तभी करता है जब वह चारों तरफ से निराश हो जाता है। आत्महत्या का सबसे बड़ा कारण आर्थिक पक्ष को माना जाता है। उसके बाद मानसिक, पारिवारिक व अन्य बहुत से कारण हो सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर होने पर व्यक्ति स्वयं को गिरा हुआ महसूस करता है और अंत में वह आत्महत्या करने जैसा घिनौना कदम उठा लेता है। हम आए दिन अखबारों में पढ़ते हैं कि परिवारों ने आर्थिक कारणों से सामूहिक आत्महत्या कर जीवन लीला समाप्त कर ली। बहुत से किसान खेती का कर्ज नहीं चुका पाने के कारण आत्महत्या करते हैं। आत्महत्या की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार ने कानून तो बना दिया मगर उसका प्रभाव समाज पर पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है। प्रेम में असफल होने पर भी बड़ी संख्या में नवयुवक-युवतियां आत्महत्या कर जीवन लीला समाप्त करते हैं। आंकड़ों की दृष्टि से भारत आत्महत्याओं के मामले में दुनिया में सबसे ऊपर होता जा रहा है। आत्महत्या रोकने की दिशा में अब तक सरकारी स्तर पर जितने भी प्रयास हुए हैं वह सब नाकाफी साबित हुए हैं। सरकारी आंकड़ों में जितनी आत्महत्या की संख्या दर्शायी जाती है उससे कई गुना अधिक लोग आत्महत्या कर अपनी जान गंवा रहे हैं। मगर आत्महत्या की घटनाओं को रोकने की कोई सार्थक पहल नहीं हो पाई है। खेती के लिए लिया गया कर्ज़ नहीं चुका पाने के कारण भी बड़ी संख्या में किसान आत्महत्या कर रहे हैं। मगर सरकारी बैंकों, साहूकारों के कर्ज से परेशान किसान आज भी आत्महत्या कर रहे हैं। बैंक आज भी किसानों से जबरदस्ती कर्ज वसूली के लिए उनकी जमीने नीलाम कर रहे हैं। इसी के चलते किसान मजबूर होकर आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर हो रहे हैं। भारत में आत्महत्या एक प्रमुख समस्या है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के अनुसार 2022 में 171,000 आत्महत्याएं की गईं थी जो 2021 की तुलना में 4.2 प्रतिशत अधिक थी । प्रति एक लाख की जनसंख्या पर आत्महत्या की दर 2022 में बढ़कर 12.4 हो गई जो आंकड़ो के हिसाब से सर्वोच्च थी। 2022 के दौरान आत्महत्याओं में 2018 की तुलना में 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई और भारत में दुनिया में सबसे अधिक आत्महत्याएं हुईं। वैश्विक आत्महत्या के मामलों में मौत के भारत के आंकड़े 1990 में 25.3 प्रतिशत से बढ़कर 2016 में महिलाओं में 36.6 प्रतिशत और पुरुषों में 18.7 प्रतिशत से बढ़कर 24.3 प्रतिशत हो गये।

# ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस को मात दे पायेगा भारत?

लेखक



डॉ॰ सत्यवान सौरभ

(लेखक, कवि, स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार हैं।)

> भारत को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन पहलों के माध्यम से निगरानी, निदान और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करके मानव मेटान्यूमोवायरस जैसे उभरते वायरल खतरों से निपटने के लिए अपने नियामक ढांचे को बढ़ाना चाहिए। वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के साथ-साथ वैक्सीन और एंटीवायरल अनुसंधान में निवेश से ऐसे प्रकोपों को कम करने में मदद मिलेगी। कमजोर आबादी की सुरक्षा और एचएमपीवी प्रसार को नियंत्रित करने के लिए स्वास्थ्य देखभाल बुनियादी ढांचे को मजबूत करना आवश्यक है।

मानव मेटान्यूमोवायरस एक वैश्विक स्वास्थ्य चिंता के रूप में उभरा है, विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और प्रतिरक्षाविहीन व्यक्तियों जैसे कमजोर आबादी के लिए। पहली बार 2001 में पहचाना गया, मानव मेटान्यूमोवायरस दुनिया भर में महत्वपूर्ण श्वसन संक्रमण का कारण बनता है, जिससे अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु दर, विशेष रूप से कम आय वाले देशों में होती है। मानव मेटान्यूमोवायरस जैसे वायरल प्रकोपों के कारण बढ़ती चुनौतियाँ सामने आ रही हैं, प्रभावी प्रबंधन के लिए नियामक ढाँचों को मजबूत करना महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से मौसमी प्रकोपों के दौरान अपने व्यापक प्रसार के कारण मानव मेटान्यूमोवायरस एक महत्वपूर्ण वैश्विक स्वास्थ्य चिंता बन गया है। वायरस का प्रभाव क्षेत्रों में बढ़ने के कारण लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। चीन में, बढ़ी हुई निगरानी ने मानव मेटान्यूमोवायरसमामलों में वृद्धि का खुलासा किया है, विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों में, जो पता लगाने की दरों में वृद्धि का संकेत देता है। हालाँकि पहली बार 2001 में पहचाना गया, मानव मेटान्यूमोवायरस ने दुनिया भर में बढ़ते श्वसन संक्रमण के कारण ध्यान आकर्षित किया है, जिससे अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु दर बढ़ रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट है कि मानव मेटान्यूमोवायरस वैश्विक स्तर पर अस्पताल में भर्ती होने वाले लोगों का 3%-10% हिस्सा है, जिसमें पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वायरस अक्सर फ्लू के मौसम में तेजी से फैलता है, जिससे श्वसन संक्रमण में वृद्धि होती है, जिससे यह मौसमी स्वास्थ्य खतरा बन जाता है। चीन में, फ्लू का मौसम मानव मेटान्यूमोवायरस के मामलों में वृद्धि के साथ मेल खाता है, जिससे अस्पताल में भर्ती होने और मीडिया कवरेज में वृद्धि होती है। वर्षों से प्रचलन में होने के बावजूद, भारत सहित कई देशों में मानव मेटान्यूमोवायरस के लिए व्यापक और किफायती परीक्षण बुनियादी ढांचे का अभाव है। जबकि वैश्विक एजेंसियां मानव मेटान्यूमोवायरस की निगरानी करती हैं, फिर भी कई क्षेत्रों में इसका पता लगाने और रिपोर्ट करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिससे शुरुआती हस्तक्षेप प्रभावित होते हैं। वायरस पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों जैसे कुछ कमज़ोर समूहों को असमान रूप से प्रभावित करता है।

मानव मेटान्यूमोवायरस छोटे बच्चों, विशेष रूप से पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को असमान रूप से प्रभावित करता है, जिन्हें गंभीर बीमारी और अस्पताल में भर्ती होने का अधिक जोखिम होता है। बुजुर्ग, विशेष रूप से वे जिन्हें पहले से कोई स्वास्थ्य समस्या है, मानव मेटान्यूमोवायरस संक्रमण से गंभीर परिणामों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। चीन में, बुज़ुर्गों में मानव मेटान्यूमोवायरस के मामलों में वृद्धि के कारण अस्पताल में भर्ती होने की संख्या बढ़ी है, जिससे वृद्ध आबादी की कमज़ोरी उजागर हुई है। कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों को मानव मेटान्यूमोवायरस से गंभीर संक्रमण का अधिक जोखिम होता है, जिसके लिए गहन चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता होती है। एचएमपीवी के कारण होने वाली मौतें शिशुओं और प्रतिरक्षाविहीन लोगों सहित कमज़ोर समूहों में उल्लेखनीय रूप से अधिक हैं। पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए मृत्यु दर 1% है, जो विकसित और विकासशील दोनों देशों में उच्च जोखिम वाली आबादी पर वायरस के प्रभाव के बारे में चिंताएँ पैदा करती है। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में, सीमित स्वास्थ्य सेवा पहुँच कमज़ोर आबादी के लिए गंभीर परिणामों के जोखिम को बढ़ाती है। इस तरह के वायरल प्रकोपों को प्रबंधित करने के लिए विनियामक ढाँचे और क्षमताओं को मज़बूत करने के उपाय डायग्नोस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर को मज़बूत करना है। भारत सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में एचएमपीवी जैसे वायरस के लिए परीक्षण सुविधाओं का विस्तार करके अपनी नैदानिक क्षमताओं को बढ़ा सकता है।

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद व्यापक, किफ़ायती एचएमपीवी परीक्षण सुनिश्चित करने के लिए निजी प्रयोगशालाओं के साथ सहयोग कर सकती है, जिससे शुरुआती पहचान और रोकथाम हो सके। भारत एक सुव्यवस्थित विनियामक मार्ग स्थापित करके नैदानिक परीक्षणों के लिए अनुमोदन प्रक्रिया में तेज़ी ला सकता है जो सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों के दौरान परीक्षणों को तेज़ी से मंज़ूरी देता है। भारतीय औषधि महानियंत्रक अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करने वाले डायग्नोस्टिक किट के लिए आपातकालीन स्वीकृति तंत्र लागू कर सकता है। वास्तविक समय में श्वसन संक्रमण की निगरानी, रुझानों और मानव मेटान्यूमोवायरस जैसे उभरते खतरों पर नज़र रखने के लिए एक मजबूत राष्ट्रीय निगरानी प्रणाली विकसित की जा सकती है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय सभी राज्यों में वास्तविक समय मानव मेटान्यूमोवायरस ट्रैकिंग को शामिल करने के लिए एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम का विस्तार कर सकता है। भारत मानव मेटान्यूमोवायरस के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियान शुरू कर सकता है, रोकथाम के तरीकों और लक्षणों को पहचानने पर ध्यान केंद्रित कर सकता है, खासकर कमजोर आबादी के बीच। स्वास्थ्य मंत्रालय मानव मेटान्यूमोवायरस जैसे श्वसन संक्रमण के लक्षणों को पहचानने के लिए, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना अभियान चलाने के लिए मीडिया और गैर सरकारी संगठनों के साथ साझेदारी कर सकता है।

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करें: भारत वायरल प्रकोपों के प्रबंधन के लिए सूचना और संसाधनों को साझा करने के लिए अपने वैश्विक सहयोग को बढ़ा सकता है, जिससे उभरते रोगजनकों के लिए समय पर प्रतिक्रिया सुनिश्चित हो सके। भारत को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन पहलों के माध्यम से निगरानी, निदान और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करके मानव मेटान्यूमोवायरस जैसे उभरते वायरल खतरों से निपटने के लिए अपने नियामक ढांचे को बढ़ाना चाहिए। वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के साथ-साथ वैक्सीन और एंटीवायरल अनुसंधान में निवेश से ऐसे प्रकोपों को कम करने में मदद मिलेगी। कमजोर आबादी की सुरक्षा और एचएमपीवी प्रसार को नियंत्रित करने के लिए स्वास्थ्य देखभाल बुनियादी ढांचे को मजबूत करना आवश्यक है।

# चुनावी शुचिता पर बेजा सवालों के तार्किक जवाब

लेखक



विकास सक्सेना



दिल्ली विधानसभा के चुनावों की तारीखों के ऐलान के लिए चुनाव आयोग की तरफ से पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। यूँ तो चुनाव कार्यक्रम की जानकारी चंद मिनटों में देकर इस बातचीत को समाप्त किया जा सकता था, लेकिन मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने इस मौके का भरपूर फायदा उठाते हुए उन तमाम सवालों का विस्तार से तार्किक जवाब देने की कोशिश की जिनके माध्यम से देश की चुनाव प्रक्रिया में खोट निकालने के प्रयास कुछ राजनैतिक दलों और सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे हैं। अपने शायराना अंदाज में मुख्य चुनाव आयुक्त ने परोक्ष रूप से चुनाव प्रक्रिया पर बेजा सवाल उठाने वालों पर निशाना तो साधा ही, यह भी कहा कि देश में जीवंत लोकतंत्र है इसलिए सभी को सवाल पूछने की पूरी आजादी है और हमारा दायित्व है कि हर सवाल का जवाब लोगों को दिया जाए।

पिछले कई चुनावों का एक सामान्य चलन हो गया है कि जब भी चुनाव के नतीजे गैर भाजपा दलों के पक्ष में नहीं आते, तब वे अपनी नाकामी का ठीकरा चुनाव आयोग और ईवीएम के सिर फोड़ते हैं। लगातार मतदाताओं द्वारा नकारे जाने के बाद कुछ राजनैतिक दल तो अब चुनाव के नतीजे आने से पहले ही ईवीएम का रोना, रोना शुरू कर देते हैं। लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों के बाद तो ईवीएम और चुनाव प्रक्रिया पर इन विपक्षी दलों के हमले और तीखे हो गए हैं। अब तक ईवीएम में खामी बताकर अपनी नाकामी पर पर्दा डालने वाले राजनैतिक दलों ने तो इस बार पूरी चुनाव प्रक्रिया को ही दूषित बताते हुए देश के मतदाताओं में भ्रम डालने का प्रयास किया। उन्होंने मतदाता सूचियों से बड़ी तादाद में नाम काटने या नाम जोड़ने, मतदान बंद होने के बाद मत प्रतिशत बढ़ने और ईवीएम हैकिंग को लेकर जिस तरह के सवाल उठाए उसने चुनाव प्रक्रिया से जुड़े पूरे तंत्र को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया।

संभवतया मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर आखिरी बार पत्रकारों से बातचीत करने के लिए आए राजीव कुमार ने दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के अवसर पर इन तमाम सवालों का सिलसिलेवार ढंग से जवाब दिया और पत्रकारों को पूरी प्रक्रिया बताई। चुनाव को लेकर हाल फिलहाल सबसे गंभीर सवाल मतदाता सूचियों से किसी दल विशेष के समर्थकों के नाम काटने और किसी दल विशेष से समर्थकों के नाम जोड़ने को लेकर उठ रहे हैं। इसको लेकर सीईसी राजीव कुमार ने बताया कि चुनाव आयोग हर साल मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का कार्य करता है। इसकी सूचना प्रत्येक राजनैतिक दल को दी जाती है। प्रत्येक बूथ पर मतदाता सूचियों का प्रकाशन किया जाता है। किसी भी मतदाता का नाम काटने या नाम बढ़ाने की एक निश्चित प्रक्रिया होती है जिसका पालन किया जाता है। राजनैतिक दल इन बूथों पर अपने अभिकर्ता बना सकते हैं। इसके अलावा इस सबकी सूचना सभी राजनैतिक दलों को नियमित रूप से दी जाती है। उन्होंने बिना नाम लिए कहा कि कुछ लोग 50 हजार वोट काटे जाने के आरोप लगा रहे हैं, एक साथ किसी क्षेत्र में इतने वोट कम होना अव्यवहारिक है। उन्होंने मतदाता सूचियों में हेरफेर का आरोप लगाने वालों से अपील की कि यदि अगर उन्हें लगता है कि कहीं गड़बड़ी हुई है तो उसकी स्पष्ट शिकायत करें, उस पर निश्चित तौर पर कार्रवाई की जाएगी। यूं ही आरोप लगाना ठीक नहीं है।

लोकसभा चुनाव के बाद एक खबर काफी चर्चा में रही जिसमें दावा किया जा रहा था कि जिन वोटों की गिनती हुई है उनकी संख्या ईवीएम में डाले गए कुल वोटों से तकरीबन पांच लाख अधिक है। इस समाचार के सामने आते ही लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं होने लगी थीं। इस समाचार का जिक्र करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि जैसे ही यह समाचार उनके संज्ञान में आया तो अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया गया कि ईवीएम के अलावा बहुत से लोग डाक मतपत्रों के जरिए भी अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। यह अन्तर पोस्टल बैलेट को न जोड़ने के कारण आ रहा है। उन्होंने कहा कि इसके बाद संबंधित पोर्टल से उस समाचार को हटा दिया गया लेकिन स्थिति स्पष्ट नहीं की गई इस कारण जो नुकसान होना था वह तो हो गया।

मतदान की समाप्ति के कुछ घण्टों बाद मत प्रतिशत में पांच से आठ प्रतिशत तक की बढ़ोतरी को लेकर उठे सवालों का भी उन्होंने बड़े ही तार्किक ढंग से जवाब दिया। उन्होंने बताया कि देश में लगभग साढ़े दस लाख मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) होते हैं। प्रत्येक मतदेय स्थल पर कम से कम चार मतदान कर्मी नियुक्त किए जाते हैं। इस तरह मतदान प्रक्रिया में 45 से 50 लाख कर्मचारी लगे होते हैं। ये मतदान कर्मी अलग अलग विभागों के होते हैं और सामान्य तौर पर एक दूसरे से अपरिचित होते हैं। ऐसे में इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारियों को प्रभावित कर पाना असंभव है। जहां तक मतदान समाप्त होने के बाद मत प्रतिशत में बढ़ोतरी का सवाल है तो मतदान समाप्ति के समय पोलिंग बूथ पर मौजूद पीठासीन अधिकारी अत्यंत व्यस्त होते हैं। उन्हें ईवीएम, बैलेट यूनिट, बैटरी आदि को सील करना होता है और साथ ही बूथ पर मौजूद विभिन्न प्रत्याशियों के अभिकर्ताओं को फार्म 17ग देना होता है जिसमें उस बूथ पर पड़े वोटों का पूरा लेखा-जोखा होता है। उन्होंने कहा कि अत्यंत व्यस्तता के चलते बहुत से पीठासीन अधिकारी और सेक्टर मजिस्ट्रेट तत्काल पूरे आंकड़े नहीं दे पाते। लेकिन जब मतदान कर्मियों का दल मशीनों को जमा करने संग्रह केंद्र पहुंचता है तो वह ईवीएम के साथ मतपत्र लेखा (फार्म 17ग) की प्रति भी देता है। इनके आधार पर रात तक सारे आंकड़े सभी राजनैतिक दलों के साथ साझा करते हुए वेब साइट पर अपलोड किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि बहुत से पोलिंग बूथ दूरदराज के क्षेत्रों में होते हैं इसलिए उनके आंकड़े मिलने में देरी हो जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि मतदान प्रक्रिया के समाप्त होते ही साढ़े दस लाख पोलिंग बूथों से आंकड़े जमा करके उसकी सटीक सूचना तुरन्त दे पाना असंभव है।

मत प्रतिशत में हेरफेर की किसी भी संभावना को सिरे से खारिज करते हुए उन्होंने साफ किया मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के बाद प्रत्येक मतदेय स्थल पर पीठसीन अधिकारी वहां मौजूद सभी पोलिंग एजेण्ट को मतपत्र लेखा (फार्म 17ग) की एक प्रति उपलब्ध कराते हैं।

## राशिफल

**मेष:** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**वृष:** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**मिथुन:** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**कर्क:** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें व परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा।

**सिंह:** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी।

**कन्या:** आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**तुला:** अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**वृश्चिक:** पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**धनु:** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। पारिवारिक विवाद टालें। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है।

**मकर:** खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा।

**कुंभ:** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**मीन:** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी।

# अवैध निर्माण व कब्जा: भूमाफिया और भ्रष्ट अधिकारियों पर नकेल कसने की जरूरत

लेखक



डॉ. अनिल कुमार निगम

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

> मजे की बात यह है कि जब यह अवैध निर्माण चलता है प्राधिकरण अथवा प्रशासन के अधिकारी जानबूझकर कोई कार्रवाई नहीं करते क्योंकि माफिया इसके बदले अधिकारियों की जेबें जमकर गरम करते हैं। आपने सुना होगा कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा अथवा गाजियाबाद प्राधिकरणों के अधिकारियों के घरों पर विजीलेंस, ईडी अथवा आयकर विभाग की टीमें प्राय: छापे मारती हैं और उनके घरों से अकूत संपत्ति भी पकड़ी गई है। नोएडा के कई ऐसे बहुचर्चित अधिकारी सरदार मोहिंद सिंह, रविंद्र यादव, यादव सिंह आदि हैं।



आज दिल्ली एनसीआर सहित देश के विभिन्न शहरों में अवैध निर्माण और कब्जा बहुत जटिल समस्या बन गई है। विडंबना है कि देश के विभिन्न शहरों में भूमाफिया न केवल सक्रिय बल्कि वे जमीनों पर अवैध कब्जा कर अथवा अवैध तरीके से निर्माण कर जमीन और भवनों को भोलेभाले लोगों को बेच देते हैं। यह सारा काम प्रशासनिक अधिकारियों से साठगांठ से किया जाता है और बाद में इन अवैध निर्माण को वैध कराने के लिए अदालतों में इस आधार पर अपील दायर की जाती है कि निर्माण अत्यधिक पुराना है लिहाजा उसे वैध कर दिया जाए। प्रश्न है कि भूमाफिया और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच इस षडयंत्र के कुचक्र को तोड़ने के लिए सरकारें क्या कर रही हैं? प्रश्न यह भी है कि प्रदेश सरकारें इस कुचक्र पर प्रहार क्यों नहीं करती? ऐसे मामलों पर अदालतों को हस्तक्षेप क्यों करना पड़ता है? कहीं ऐसा तो नहीं कि भूमाफिया के अवैध धंधों को संरक्षण मिला हुआ है?

प्रशासनिक देरी, समय बीतने या निवेश के कारण कोई अवैध निर्माण वैध नहीं हो सकता। यह बात देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट ने गत माह 18 दिसंबर को एक फैसले के सिलसिले में यह टिप्पणी भी की। दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज देश के विभिन्न नगरों एवं महानगरों में भूमाफिया सक्रिय हैं। वे न केवल अवैध कब्जा करते और निर्माण करते हैं बल्कि उन जमीनों पर कालोनी काटकर अथवा भवन बनाकर लोगों को बेच रहे हैं। इन भूमाफियाओं की स्थानीय अधिकारियों एवं नेताओं से इतनी गहरी साठगांठ होती है कि जब वे यह सब करते हैं तो प्रशासनिक अधिकारी और नेता इसकी न केवल अनदेखी करते हैं बल्कि समय बीतने के साथ ही वे अवैध निर्माण को वैध करने की प्रक्रिया शुरू कर देते हैं।

यूं तो संपूर्ण देश में अवैध निर्माण एक संगठित अपराध बनकर उभरा है पर देश की राजधानी दिल्ली और एनसीआर में यह काम धड़ल्ले से चल रहा है। भूमाफिया काम के सिलसिले में देश के अनेक हिस्सों से आने वाले लोगों को मकान और दुकान बेचने के नाम पर ठग रहे हैं और वे भ्रष्ट अधिकारियों से साठगांठ कर सरकार को करोड़ों का चूना भी लगा रहे हैं। आज दिल्ली के अंदर आने वाले गांव, दिल्ली से सटे नोएडा-ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद और गुड़गांव के गांवों के आसपास और शायद ही कोई ऐसा सेक्टर होगा, जहां पर भूमाफिया ने अवैध निर्माण कर लोगों को ठगा न हो। मजे की बात यह है कि जब यह अवैध निर्माण चलता है प्राधिकरण अथवा प्रशासन के अधिकारी जानबूझकर कोई कार्रवाई नहीं करते क्योंकि माफिया इसके बदले अधिकारियों की जेबें जमकर गरम करते हैं। आपने सुना होगा कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा अथवा गाजियाबाद प्राधिकरणों के अधिकारियों के घरों पर विजीलेंस, ईडी अथवा आयकर विभाग की टीमें प्रायः छापे मारती हैं और उनके घरों से अकूत संपत्ति भी पकड़ी गई है। नोएडा के कई ऐसे बहुचर्चित अधिकारी सरदार मोहिंद सिंह, रविंद्र यादव, यादव सिंह आदि हैं जिन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लग चुके हैं। पहले निर्माण और बाद में बुल्डोजर चलाने के मामले में 18 दिसंबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट को दिशा-निर्देश भी जारी करने पड़े। जस्टिस जेबी पारदीवाला व जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि निर्माण के बाद होने वाले कानूनी उल्लंघनों के खिलाफ भी त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। ऐसे निर्माण को गिराने के साथ दोषी अधिकारियों पर भी जुर्माना लगाया जाना चाहिए। पीठ ने मेरठ में एक रिहायशी भूमि पर बने अवैध व्यावसायिक निर्माण के ध्वस्तीकरण को सही ठहराते हुए कहा, शहरी योजना से जुड़े कानूनों व अधिकारियों की जिम्मेदारियों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है। अवैध निर्माण को नियमित करने वाली योजनाएं केवल असाधारण परिस्थितियों में और विस्तृत सर्वेक्षण के बाद आवासीय घरों के मामले में एक बार के उपाय के रूप में लाई जानी चाहिए। अनधिकृत निर्माण, उसमें रहने वालों और आस-पास रहने वाले नागरिकों के जीवन के लिए खतरा पैदा करने के अलावा, बिजली, भूजल और सड़कों तक पहुंच जैसे संसाधनों पर भी प्रभाव डालते हैं, जिन्हें मुख्य रूप से व्यवस्थित विकास और अधिकृत गतिविधियों के हिसाब से डिजाइन किया जाता है। यहां अधिकारियों एवं सरकार के समक्ष अनेक सवाल रख रहा हूं। प्रश्न है कि अवैध कालोनी और फ्लैटों की रजिस्ट्री क्यों और कैसे होती है? अगर जमीन और निर्माण अवैध है तो इन भवनों को कंपलीशन सर्टिफिकेट कैसे मिल जाता है? बिजली विभाग यहां पर कनेकसन क्यों और कैसे दे दिया जाता है? नगर निगम अथवा प्रशासन यहां पानी का कनेक्सन कैसे उपलब्ध करा देता है? यह भी देखा गया है कि यह सब होने के बाद स्थानीय नेता यहां रहने वालों के राशनकार्ड और वोटर आईडी कार्ड बनवा देते हैं, आखिर इस प्रक्रिया पर प्रतिबंध कौन लगाएगा?

लोगों को अवैध निर्माण से मुक्त कराना है तो प्राधिकरणों और प्रशासन को अवैध निर्माण की निगरानी का सशक्त तंत्र बनाना चाहिए। अगर किसी भी इलाके में अवैध निर्माण हो रहा है तो अधिकारियों को प्रारंभिक स्तर पर ही उसके ढहा देना चाहिए। बावजूद इसके यदि वहां अवैध निर्माण हो गया है तो उस क्षेत्र के अधिकारी के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके अलावा भूमाफियाओं को चिन्हित कर उनके खिलाफ संख्त कदम उठाए जाएं। सरकारी एवं अधिसूचित जमीनों का नियमित तौर पर सर्वे कराया जाए। इसके लिए ड्रोन की भी मदद ली जा सकती है। हाल ही में दिल्ली में सरकारी जमीन पर कब्जे की समस्या से निपटने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण, दिल्ली नगर निगम और सर्वे ऑफ इंडिया ने एक अहम समझौता किया है। इसके तहत ड्रोन सर्वे की मदद से जमीन का सटीक रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। ड्रोन सर्वे से अतिक्रमण का आसानी से पता लगाया जा सकेगा और उस पर नजर रखी जा सकेगी। किसी भी शहर के सुनियोजित विकास और लोगों को समुचित सुरक्षित एवं गुणात्मक सुविधा प्रदान करना शासन और प्रशासन की नैतिक जिम्मेदारी है। इसलिए भूमाफिया और भ्रष्ट अधिकारियों दोनों पर ही नकेल कसने की जरूरत है।



# नदी पर बनाया जाता है बर्फ का होटल, दूर-दूर से ठहरने आते हैं पर्यटक!

**दुनियाभर में कई तरह के घुमक्कड़ होते हैं जो तरह-तरह की जगह जाना पसंद करते हैं। इनमें से कुछ ऐसे भी होते हैं जिन्हें अजीबो-गरीब होटल देखना या वहां ठहरना भी पसंद होता है। अगर आप भी कुछ ऐसा ही शौक रखते हैं तो आज हम आपको एक ऐसे ही अजीबो-गरीब होटल के बारे में बताने जा रहे हैं जो पूरी दुनिया में अपनी खासियत के लिए मशूहर है।**

कुछ अलग दिखने की सूची में स्वीडन में मौजूद आइस होटल शमिल है। ये अपने हटके प्रस्तुति के कारण पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। काफी पुराना होने के बावजूद भी ये होटल अपने कलाकारी के लिए लोगों के बीच आकर्षित है। यहां हर साल कलाकार अलग-अलग कलाकारियां करते हैं। आइए आपको आइस होटल की अन्य खासियत के बारे में बताते हैं, जो आपको हैरान कर सकती हैं...



### नदी पर बना हुआ होटल

स्वीडन के टॉर्न नदी के ऊपर आइस होटल बना हुआ है। ये होटल पूरी तरह से बर्फ का बना हुआ होता है। इसकी खासियत है कि ये पिघलकर नदी का रूप ले लेता है। तय समय तक ये आइस होटल रहता है और फिर हर साल इसे बनाया जाता है। हर साल ये अलग-अलग आकर और कलाकारियों के साथ बनाया जाता है। जिसे देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। यहां ठहरने के लिए पर्यटकों को 1 साल पहले ही बुकिंग करनी होती है।

### अप्रैल के बाद पिघलना शुरु हो जाता है होटल

जब तक मौसम ठंडा और बर्फदार रहता है तब तक ये होटल अपने ठोस आकार में नदी पर मौजूद रहता है। वहीं, तापमान गर्म होने पर ये पिघलकर पानी में बदल जाता है। इसे हर साल नए-नए डिजाइन में बनाया जाता है। यहां आकार दुनियाभर के कलाकार अपनी कलाकारियां दिखाते हैं।

### काफी कम तापमान के होते हैं कमरे


सोलर पॉवर कूलिंग की मदद से होटल के कमरों को बनाया जाता है। यहां ज्यादातर लाइट्स या अन्य उपकरणों को सौर ऊर्जा से ही चलाया जाता है। ये होटल इकोफ्रेंडली होने के कारण लोगों के लिए पहली पसंद में से एक है। यहां के कमरों का तापमान काफी कम होता है। बर्फ की मोटी-मोटी परत को काटकर कमरा बनाया जाता है। गर्मी आने तक ये होटल बर्फ के तौर पर रहता है और फिर अप्रैल के बाद पिघलना शुरु हो जाता है।

### बर्फ के सेरेमनी हॉल और रेस्त्रां भी मौजूद

साल 1992 में पहली बार ये होटल खोला गया था। यहां मौजूद रेस्त्रां, सेरेमनी हॉल और कॉम्प्लेक्स को बर्फ से ही बनाया जाता है। इतना ही नहीं, होटल के फर्नीचर, दीवार, बार समेत अन्य चीजों को भी बर्फ से ही बनाया जाता है। यहां एक से एक डिजाइनिंग वाले कमरे मौजूद हैं।

---

# कम से कम खर्च में घूमने के लिए अपनाएं यह टिप्स, जेब पर नहीं पड़ेगा जोर



**घूमना** आखिरकार किसे अच्छा नहीं लगता। हर दिन के तनाव और रूटीन से ब्रेक लेते हुए नई जगहों को एक्सप्लोर करने का अपना एक अलग ही आनंद है। लेकिन फिर भी मध्यम वर्गीय परिवार चाहकर भी घूमने नहीं जा पाते और उसकी वजह होती है बजट। चार-पांच महीने में अगर एक बार भी घूमने का प्लॉन बनाया जाए तो इससे पूरा बजट बिगड़ जाता है और सेविंग भी काफी हद तक खर्च हो जाती है। हो सकता है कि आप भी पैसों के चक्कर में घूमने ना जा रहे हों। लेकिन आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बता रहे हैं, जिसे अपनाकर आप ट्रेवलिंग के दौरान पैसों की भी बचत कर सकते हैं-

### प्लान करें ट्रिप

जब आप किसी नई जगह पर घूमने का विचार कर रहे हैं और चाहते हैं कि उसमें आपके काफी सारे पैसे खर्च ना हो तो इसके लिए आपको अपनी ट्रिप को प्लॉन करना चाहिए। आप जहां जा रहे हैं, इसके लोगों, संस्कृति, रीति-रिवाजों और भोजन आदि के बारे में थोड़ा-बहुत जानना आपको बहुत परेशानी से बचाएगा। इसके अलावा रिसर्च आपको उन महंगे शहरों के बारे में बताएगा जिनसे आप बचना चाहते हैं। रिसर्च के जरिए आप उस जगह की सस्ती जगहों व लोकल फूड के बारे में जान पाएंगे।

### सोच-समझकर चुनें एयरलाइन

यदि आप अपनी यात्रा के लिए सही एयरलाइन नहीं चुनते हैं तो आपको फ्लाइंग पर अतिरिक्त पैसा खर्च करना पड़ सकता है।एक बजट एयरलाइन आपको कुछ पैसे बचा सकती है, इसलिए ट्रेवल के लिए आप सोच-समझकर एयरलाइन बुक करें। साथ ही अलग-अलग समय पर फ्लाइंग के चार्जेस अलग होते हैं, इसलिए उस पर भी फोकस जरूर करें।

### ऑफ-सीजन में यात्रा करें

यह एक ऐसी ट्रिक है, जो ट्रेवल के दौरान आपके काफी सारे पैसे खर्च होने से बचा सकती है। पीक सीज़न के दौरान यात्रा करने से आपको अधिक पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं, इसलिए पीक सीज़न की यात्रा से बचना समझदारी है। एयरलाइंस, होटल और फूड प्राइस आदि छुट्टियों के दौरान और क्रिसमस, ईस्टर, ईद और दिवाली जैसे अवसरों पर बढ़ जाती हैं। ऐसे में आप ऑफ सीजन में घूमने का प्लॉन करें। इससे आपके पैसे भी कम खर्च होंगे और भीड़ कम होने के कारण आप अच्छी तरह एंजॉय भी कर पाएंगे।

### खाएं लोकल फूड

अगर आप बजट में घूमना चाहते हैं तो आपको अपने फूड पर भी फोकस करना चाहिए। ओवरप्राइज्ड कैफ़े और रेस्तरां में आपको बहुत सारे पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं जिन्हें आप स्थानीय स्थानों पर जाकर बचा सकते हैं जो ताजा भोजन परोसते हैं। इससे एक लाभ यह भी होगा कि आपको उस जगह के ऑथेटिंक फूड का स्वाद चखने का मौका मिलेगा।

---

## हैप्पी हनीमून





# करना है पॉकेट फ्रेंडली हैप्पी हनीमून तो घूमें इन जगहों पर

**शादी** के बाद हनीमून किसी भी नवविवाहित जोड़े के लिए एक यादगार वक्त होता है। हनीमून ट्रिप को लेकर कपल्स के मन में कई तरह की एक्साइटमेंट होती है। लेकिन बहुत से कपल्स सिर्फ इसलिए हनीमून पर नहीं जा पाते, क्योंकि वह उनकी पॉकेट से बाहर होता है। हो सकता है कि आपकी भी जल्द शादी होने वाली है और आप कम बजट में हैप्पी हनीमून ट्रिप प्लॉन करना चाहते हैं तो ऐसे में आप इन जगहों पर जा सकते हैं-

### हिमाचल प्रदेश

दिल्ली से 400 किलोमीटर की दूरी पर हिमाचल प्रदेश एक बेहद ही खूबसूरत जगह है, जहां पर आप कम बजट में अपने पार्टनर के साथ घूमने जा सकते हैं। यह आध्यात्मिक गुरु, दलाई लामा का घर है और इसमें कई जगह हैं, जैसे कि भागसू फॉल्स, शिव कैफ़े आदि जगहों पर जा सकते हैं और ट्रेकिंग और अन्य एडवेंचर्स एक्टिविटीज कर सकते हैं। यहां पर आपको व्यक्ति प्रति दिन 300 रूपए में ठहरने की जगह मिल सकती है।

### केरल


केरल एक बेहद ही खूबसूरत राज्य है और न्यू कपल्स के लिए इसे एक बेहतरीन घूमने की जगह माना जाता है। यहां की नेचुरल ब्यूटी हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करती है। केरल को भगवान का अपना देश माना जाता है, जिस कारण हर व्यक्ति केरल के मंदिरों को देखना चाहता है। यहां बहुत सिद्ध मंदिर हैं। कुछ मंदिरों में पद्मनाभस्वामी मंदिर, गुरुवायुर मंदिर, वडक्कुन्नत मंदिर, अनंतपुरा झील मंदिर, थिरुमन्धाकुन्नु मंदिर, पडियानूर देवी मंदिर आदि प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। यह पद्मनाभस्वामी मंदिर है जो यहाँ बहुत प्रसिद्ध है।

### उदयपुर

राजस्थान राज्य में कई बेहतरीन घूमने की जगहे हैं, लेकिन आप कम बजट में राजस्थान में हनीमून पर जाना चाहते हैं तो ऐसे में आपको उदयपुर जाना चाहिए। यह अपेक्षाकृत काफी सस्ता है। आप यहां पर सिटी पैलेस से लेकर पिंचोला झील आदि कई खूबसूरत जगहों का लुत्फ उठा सकते हैं।

### आगरा

आगरा के ताजमहल को दुनिया के सात अजूबों में शामिल किया गया है। यह बेमिसाल प्यार की निशानी है। ऐसे में आपके लिए आगरा से बेहतर घूमने की जगह कौन सी होगी। यहां घूमने में आपको 5000 रूपए से भी कम का खर्च आएगा। आगरा में आप ताजमहल के अलावा आगरा का किला, फतेहपुर सिकरी आदि घूम सकते हैं। वैसे अगर आप आगरा जा रहे हैं तो वहां का फेमस पेठा खाना ना भूलें।



## रामलला के दर्शन करने के लिए यूकेजी का छात्र पंजाब से दौड़ा अयोध्या पहुंचा



अयोध्या। श्रीरामलला का दर्शन करने के लिए पंजाब से दौड़ लगाते एक 6 वर्षीय बालक मंगलवार को अयोध्या पहुंचा। एक महीने तेईस दिन में हजार किलोमीटर से अधिक दौड़ पूरी करने वाला यह बालक मंगलवार को भाजपा नेता भूपेंद्र सिंह बल्ले के अयोध्या फेमिली रेस्टोरेंट लखनऊ मार्ग पर पहुंचा है। बताया जाता है कि मोहब्बत नाम वाले इस बच्चे की रास्ते भर खूब स्वागत व सराहना हुई। छह वर्षीय मोहब्बत ग्राम किलियांवाली पोस्ट अबोहर, तहसील हबोर जिला फाजिल्का, पंजाब का रहने वाला है। वहां बालाजी धाम से एक सैन्य अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर मोहब्बत के दौड़ की शुरुआत कराई। पूरे रास्ते बालक के अभिभावक श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय के सम्पर्क में रहे। यह भी पता चला है कि प्रतिष्ठा द्वादशी के दिन इस नन्हे धावक की मुख्यमंत्री से भेंट भी होनी है।

## प्रियंका गांधी वाड्रा से मिलकर कंगना ने कहा, 'आपको 'इमरजेंसी' देखनी चाहिए



मुंबई। अभियन में जलवा बिखेर चुकीं बॉलीवुड 'क्वीन' कंगना रनौत इन दिनों राजनीति में सक्रिय हैं। इस बीच कंगना अपनी अपकमिंग फिल्म 'इमरजेंसी' की रिलीज की तैयारी में जुटी हुई हैं। पंगा क्वीन' की फिल्म 1970 में इंदिरा गांधी के कार्यकाल के दौरान लागू हुई इमरजेंसी पर आधारित है। पिछले साल से कंगना की फिल्म विवादों में घिरी हुई है। दो बार रिलीज टलने के बाद अब फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक को तैयार है। कंगना ने बताया कि उन्होंने संसद में प्रियंका गांधी वाड्रा से मुलाकात कर उन्हें फिल्म देखने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा, मैं संसद में प्रियंका गांधी वाड्रा से मिली थी और मैंने उनसे कहा कि 'आपको 'इमरजेंसी' देखनी चाहिए। इस पर उन्होंने कहा, 'हां हो सकता है', तब देखते हैं कि क्या वह फिल्म देखना चाहेंगी। कंगना कहती हैं, जब मैंने इंदिरा गांधी के बारे में रिसर्च करना शुरू किया, तब मैंने पाया कि उनके निजी जीवन के बारे में जानने के लिए बहुत सी चाजें थीं। चाहे उनके पति, दोस्तों या विवादास्पद समीकरणों के साथ उनका रिश्ता हो। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा के बारे में कंगना कहती हैं, मैंने खुद से सोचा कि हर व्यक्ति में बहुत कुछ है। लेकिन मैंने इंदिरा गांधी को बहुत गरिमा और संवेदनशीलता के साथ चित्रित किया है और मुझे लगता है कि सभी को यह फिल्म देखनी चाहिए।

## बहू से प्रताड़ित बुजुर्ग ने राष्ट्रपति से लगाई इच्छामृत्यू की गुहार

दमोह। यहां बेहद शर्मनाक और हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां पर 75 वर्षीय एक बुजुर्ग ने बहू की प्रताड़ना से तंग आकर राष्ट्रपति से इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी है। दरअसल, मध्य प्रदेश के दमोह में 75 वर्षीय बुजुर्ग अपनी पत्नी के साथ दमोह कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनसुनवाई में पंहुचा और राष्ट्रपति के नाम डीएम सुधीर कुमार कोचर को लिखित आवेदन देकर इच्छा मृत्यु के लिए गिड़गिड़ाते हुये अनुमति मांगने लगा। 75 वर्षीय चमन लाल रैकवार जबेरा तहसील के बनवार गांव का रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि 16 साल पहले उसके बेटे जयंत की शादी अनीता से हुई थी। लेकिन साल 2009 में तालाब में डूबने से बेटे जयंत की मौत हो गई। बेटे की मौत हो जाने के बाद बहू अनीता अपनी सास दुर्गा बाई के करीब दो लाख रुपये के जेवरात लेकर मायके चली गई और दमोह में अपनी मां के साथ रहने लगी। बुजुर्ग चमन लाल ने आरोप लगाते हुए कहा, कुछ समय बाद बहू अनीता मुझसे पैसों की मांग करने लगी और पैसे ना देने पर मुझे और मेरी पत्नी को जेल भेजने की धमकी देने लगी। बहू अनीता की प्रताड़ना से तंग आकर अब मैं जीना नहीं चाहता, बहुत मुश्किल से मैं अपनी व पत्नी का जीवन यापन कर रहा हूं। इस उम्र में अब मजदूरी भी नहीं होती, ऐसे में फिर कहां से लाखों रुपये लाकर बहु को दूं। उन्होंने बताया, डेढ़ एकड़ जमीन जो मेरे पिता से मुझे मिली थी, वह मैं अपने दोनों बेटों को बराबरी से देने के लिए तैयार हूं। इसके बाद भी बहू अनीता हम दोनों को लगातार प्रताड़ित कर रही है। इसलिए अब मैं जीना नहीं चाहता महामहिम से विनती है कि मेरा आवेदन पत्र स्वीकार कर मुझे इच्छा मृत्यु की अनुमति दें।

## संभल सर्वे पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक, 25 फरवरी को होगी सुनवाई

संभल। यूपी के संभल में विवादित स्थल के सर्वे को लेकर हाईकोर्ट ने बड़ी कार्रवाई करते हुए निचली अदालत के आदेश पर रोक लगा दी है। इससे हिंदू पक्ष को झटका लगा है। यह फैसला मुस्लिम पक्ष द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के बाद आया है। मुस्लिम पक्ष ने सर्वे के खिलाफ अदालत का रुख करते हुए तर्क दिया कि यह सर्वे अनावश्यक है और इससे धार्मिक सौहार्द्र बिगड़ने की आशंका है। हाईकोर्ट ने इन दलीलों को गंभीरता से लेते हुए निचली अदालत के सर्वे कराने के आदेश पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का निर्देश दिया है। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई के लिए 25 फरवरी तय की है। इस दौरान दोनों पक्षों को अपनी-अपनी दलीलें प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

# वायुसेना प्रमुख ने कहा- सीमाओं पर बढ़ता सैन्यीकरण भारत के लिए चिंताजनक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल एपी सिंह ने मंगलवार को कहा कि वर्ष 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को पूरा करने में एयरोस्पेस क्षेत्र बहुत बड़ा योगदानकर्ता होगा। विवादों और संघर्षों की वजह से वर्तमान में दुनिया में अस्थिरता का माहौल है। लेकिन देश की उत्तरी और पश्चिमी सीमा पर चीन और पाकिस्तान के बढ़ते सैन्यकरण की वजह से भारत की अपनी सुरक्षा चिंताएं हैं। चीन बड़ी तादाद में अपनी वायुसेना पर खर्च कर रहा है। इसमें उसके द्वारा हालिया उद्घाटित स्टेल्थ विमान भी शामिल है। वायुसेनाप्रमुख ने राजधानी में आयोजित एसआईडीएम के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी।



उन्होंने सी-295 परिवहन विमान निर्माण सुविधा के उद्घाटन पर दिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का उल्लेख करते हुए कहा कि पीएम ने कहा था कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। वायुसेना इनमें शामिल प्राथमिक क्षेत्र है और वह हमेशा आत्मनिर्भरता को लेकर बड़े पैमाने पर निवेश करने में आगे रहती है। एयर चीफ मार्शल ए.पी.सिंह ने बल द्वारा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कई कदमों के बारे में जानकारी दी।

### आत्मनिर्भरता की कीमत चुकानी पड़ती है

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि आत्मनिर्भरता के लिए कीमत चुकानी पड़ती है और हमें इसे स्वीकार करना चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर हमें अधिक मात्रा में चीजें खरीदनी होती हैं। इसमें शोध-अनुसंधान के भाग में सीमित संख्या की वजह से कीमत बढ़ती है। लेकिन हमें आत्मनिर्भरता की बेहद आवश्यकता है। समय सीमा को पूरा न करने की स्थिति में शोध-अनुसंधान का कोई महत्व नहीं रहता है। लेकिन इससे किसी भी शोध के विफल होने पर उसमें शामिल जोखिम को स्वीकार करने की क्षमता बढ़ती है।

## गुस्साए हाथी ने शख्स को 4 बार लहराया और फिर 10 फीट दूर उठाकर फेंका


कोच्चि। केरल के मलप्पुरम में एक हाथी ने शख्स को सूंड़ से उठा लिया। फिर हवा में 4 बार लहराकर 10 फीट दूर उठाकर फेंक दिया। पीड़ित को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती किया गया है।



हादसा स्थानीय उत्सव के दौरान हुआ, इस नेरचा कहते हैं। उत्सव में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए थे। तभी वहां मौजूद 4 हाथियों में एक हाथी भड़क गया। भगदड़ में 17 घायल हैं। मलप्पुरम के तिरूर में हर साल नेरचा उत्सव मनाया जाता है। पलक्कड़ जिले में पट्टांबी मस्जिद में हजारों की संख्या में लोग उत्सव में भाग लेते हैं। बुधवार को भी भीड़ ज्यादा थी। उत्सव के दौरान चार हाथी मंगाए गए थे। चारों हाथी एक लाइन में खड़े थे, हालांकि उनके ऊपर महावत भी था। तभी एक हाथी अचानक आगे की ओर भागने लगा। हाथी के बेकाबू होते ही भगदड़ की स्थिति बन गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। एक शख्स हाथी की सूंड़ की पकड़ में आ गया। हाथी ने शख्य को उठाया और हवा में लहराने लगा। लोग जब तक कुछ समझ पाते, हाथी ने शख्स को कई फीट दूर उठाकर फेंक दिया। हालांकि बाद में महावत ने हाथी पर काबू पा लिया।

## नितिन गडकरी ने अपनी बनवाई सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे करने दिए सुझाव...

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली(ईएमएस)। देशभर में कुल 1,46,145 किमी नेशनल हाईवे हैं। इसके अलावा कई एक्सप्रेसवे भी हैं, जिनसे सफर आसान हो गया है। यही वजह है कि जब चमचमाती सड़कों की बात होती है तो पहला नाम केन्द्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आता है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक हाईवे और एक्सप्रेसवे का नेटवर्क बिछाने का काम गडकरी ने किया है। लेकिन लोग उस वक्त हैरान हो गए जब गडकरी ने कह दिया इन सड़कों को खुदवा दीजिए।



गडकरी ने बताया कि सरकार सड़क हादसों और इससे होने वाली मौतों को कम करने का लगातार प्रयास कर रही है। लेकिन उम्मीदों के अनुसार सफलता नहीं मिल रही है। इसके लिए सड़क परिवहन मंत्रालय योजनाएं भी लांच कर चुका है। हादसों को कम करने के मंथन के दौरान एक जानकार ने उनसे कहा कि सड़क हादसों की वजह आप ही है। यह सुनकर गडकरी स्तब्ध रह गए, क्योंकि वे हादसों को कम करने का प्रयास कर रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री ने इसकी वजह पूछी तो सज्जन ने बताया कि आपके सड़कें इतनी अच्छी बनवा दी हैं, इस वजह से वाहन चालक स्पीड से गाड़ी चलाते हैं और हादसा की चपेट में आ जाते हैं। इस तरह गडकरी ने उन्हें हंसते हुए सुझाव दिया कि आप जगह-जगह सड़कों पर गड्डे करवा दो, जिससे वाहनों की स्पीड और पैदल चलने वालों की स्पीड एक जैसी हो जाए और इस तरह हादसे कम हो जाएंगे।

दिल्ली -मुंबई (1386 किमी।), अहमदाबाद -धोलेरा ( 109 किमी।), बेंगलुरू-चेन्नई (262 किमी।), लखनऊ कानपुर (63 किमी।) और दिल्ली -अमृतसर- कटरा ( 669 किमी।) हैं। इनमें से तीन एक्सप्रेसवे दिल्ली -मुंबई, अहमदाबाद -धोलेरा, बेंगलुरू चेन्नई इस साल तैयार हो जाएंगे, जबकि लखनऊ कानपुर और दिल्ली -अमृतसर- कटरा 2026 तैयार होंगे। इन एक्सप्रेसवे की कुल लंबाई 2489 किमी। है।

# किसी महिला के शरीर की बनावट पर 'फाइन' कहना, आपको पहुंचा सकता है जेल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगर आप किसी महिला के शरीर को देखकर 'फाइन' कहते हैं, तब आप जेल जा सकते है। जी हां, केरल हाईकोर्ट ने कहा कि किसी महिला के शरीर की बनावट पर 'फाइन' कहकर टिप्पणी करते हैं, तब पहली नजर में यौन उत्पीड़न माना जाएगा। इसी आधार पर हाईकोर्ट ने एक याचिकाकर्ता के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर को भी रद्द करने से मना कर दिया।

केरल हाईकोर्ट के जस्टिस ए. बदरुद्दीन ने याचिकाकर्ता के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा और केरल पुलिस अधिनियम, 2011 (अधिनियम) की धारा 120 सहित अपराधों के लिए शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने से मना कर दिया। वहीं धारा 509 में महिला की लज्जा का अपमान करने के इरादे से किए गए कृत्यों का जिक्र है।




रिपोर्ट के मुताबिक, महिला ने बताया कि जब वे केरल राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड के इलेक्ट्रिकल सेक्शन में काम कर रही थी, तब आरोपी ने उसकी बॉडी को देखकर फाइन कहा था। उसकी यह टिप्पणी यौन कुंठा से भरी थी। आरोपी की इस टिप्पणी ने उन्हें परेशान किया था। महिला ने आरोप लगाया गया कि आरोपी ने उसके मोबाइल नंबर पर यौन इशारों वाले मैसेज भेजे थे।

हालांकि, आरोपी ने इसका विरोध किया। आरोपी का तर्क था कि किसी व्यक्ति के शरीर की संरचना की तारीफ करना यौन उत्पीड़न वाली टिप्पणी नहीं है। इसके बाद हाईकोर्ट ने पहले इन अपराधों पर विस्तार से चर्चा की। फिर धारा 509 का जिक्र कर अदालत ने अपने पिछले फैसले का हवाला दिया। इस मामले में अदालत ने धारा 509 के तहत आने वाले अपराधों पर चर्चा की थी। अदालत ने बताया कि किसी भी महिला पर यौन रंगीन टिप्पणी करने वाला पुरुष यौन उत्पीड़न के अपराध का दोषी है। इस पर अदालत ने याचिकाकर्ता की दलील को खारिज करते हुए कहा, 'मामले के तथ्यों को देखने के बाद यह स्पष्ट है कि अभियोजन पक्ष का मामला पहली नज़र में कथित अपराधों को आकर्षित करने के लिए बनाया गया है।

## मिजोरम के नए राज्यपाल वीके सिंह का शपथ ग्रहण समारोह टला, अब 15 को होगा

आइजोल। पूर्व केंद्रीय मंत्री और सेना प्रमुख (सेवानिवृत्त) जनरल विजय कुमार सिंह का मिजोरम के नए राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण समारोह, जो 9 जनवरी को निर्धारित था, उसे स्थगित कर दिया गया है। अब यह समारोह 15 जनवरी को होगा। इससे पहले, मिजोरम सरकार के अधिकारियों ने कहा था कि जनरल वीके सिंह 8 जनवरी को आइजोल पहुंचेंगे और शपथ ग्रहण समारोह अगले दिन यानी 9 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। वीके सिंह अब 15 जनवरी को आइजोल पहुंचेंगे और शपथ ग्रहण समारोह अगले दिन आयोजित किया जाएगा। मिजोरम में वर्तमान में कोई राज्यपाल नहीं है, क्योंकि मौजूदा राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति जो तीन साल और पांच महीने से अधिक समय तक इस पद पर रहे वह दो जनवरी को राज्य छोड़कर चले गए और अगले दिन ओडिशा में राज्यपाल का कार्यभार संभाल लिया। अधिकारियों ने कहा कि नए राज्यपाल पदभार संभालने के बाद अपने शपथ ग्रहण समारोह के बाद बजट सत्र बुलाने की संभावना है। राजभवन और मिजोरम सरकार के अधिकारियों ने आधिकारिक तौर पर नए राज्यपाल के शपथ ग्रहण समारोह को स्थगित करने के कारणों का खुलासा नहीं किया। एक अधिकारी ने कहा कि जनरल वीके सिंह ने मिजोरम में अपने आगमन और राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण समारोह को स्थगित कर दिया है। सूत्रों के हवाले से एक अन्य अधिकारी ने कहा कि यह स्थगन उनके परिवार के किसी सदस्य के चिकित्सा उपचार के कारण हो सकता है।

# बिहार के कई युवा रोजगार के नाम पर विदेश जाकर साइबर फ्रॉड में फंसे

### अब खुद और परिजन सरकार से कर रहे गुजारिश

**गोपालगंज (एजेंसी)।** बिहार के युवाओं को टूरिस्ट वीजा पर कंबोडिया, थाईलैंड, म्यांमार और लाओस भेजकर उन लोगों से साइबर फ्रॉड कराया जा रहा है। गोपालगंज जिले के करीब 47 युवक विदेशों में फंसे हैं। आरोप है कि इन युवकों को विदेश में रोजगार दिलाने के नाम पर एजेंट ने भेजा था। इस पूरे खेल में पाकिस्तान और चीन के साइबर अपराधियों का हाथ होने की बात सामने आई है, जिसकी जांच एनआइए और ईओयू की टीम कर रही है।



फतेहपुर गांव निवासी रौशन अली का बेटा वाहिद रौशन और भतीजा मो. साउद अली को प्रयागराज के एजेंट सुदरजीत यादव ने दिल्ली से थाईलैंड भेजा था। दोनों युवकों को मॉल में काम दिलाने के नाम पर 26 अक्टूबर 2024 को भेजा था। इसके बाद थाईलैंड में एयरपोर्ट पर उतरते ही दोनों को एक एजेंट ने रिसीव कर नदी के रास्ते मोटरबोट से म्यांमार पहुंचा दिया, जहां पहले से पाकिस्तान, चीन, नेपाल और दूसरे देश के युवा साइबर फ्रॉड में लगे हुए थे। आरोप है कि एजेंट ने 7 हजार यूएस डॉलर (छह लाख से ज्यादा भारतीय रुपये) में इन युवकों को चीन और पाकिस्तान के साइबर अपराधियों को बेच दिया है।

रौशन और साउद ने किसी तरह से छिपकर वीडियो बनाकर सरकार और प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। युवकों ने वीडियो में लोकेशन दिखाया और कहा कि कंप्यूटर के काम को लेकर यूपी के एजेंट ने भेजा था, लेकिन यहां साइबर फ्रॉड में लगाया है। वीडियो में युवक कहते हैं कि विरोध करने पर यातना दी जा रही है। प्लीज, मुझे यहां से भारत वापस बुला लें।

रौशन और वाहिद की तरह शुभम कुमार भी कंबोडिया जाकर फंस गया था। साइबर फ्रॉड के लिए दबाव बनाया गया, लेकिन वह भागकर भारतीय दूतावास पहुंच गया। फिर दूतावास की मदद से वापस घर आ गया है।

शुभम कुमार ने मामले में साइबर थाने में पांच लोगों पर केस दर्ज कराया है, जिसमें पुलिस को बताया कि एजेंट ने 70 हजार रुपये प्रतिमाह की सैलरी पर मॉल में काम करने के लिए भेजा था, लेकिन थाईलैंड जाने के बाद वहां से कंबोडिया ले जाया गया, जहां साइबर फ्रॉड के काम में लगा दिया गया। विरोध करने पर बिजली करंट के झटके दिए जा रहे थे। किसी तरह से भागकर दूतावास पहुंचा, जिसके बाद वापस घर लौट पाया।

म्यामांर में फंसे युवक के पिता रौशन अली ने कहा कि मेरे लड़के के अलावा कई युवक वहां फंसे हुए हैं। जब भी फोन आता है, रोते हुए कहता है कि जल्द बुलवा लीजिए। पूरा परिवार आहत है। मोदी सरकार से गुजारिश है कि मदद करे।

# बांग्लादेश की मांग ठुकराई- भारत में ही रहेंगी शेख हसीना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांगलादेश के अंतरिम सरकार ने शेख हसीना के प्रत्यर्पण के लिए 23 दिसंबर को एक डिप्लोमैटिक नोट भारत के विदेश मंत्रालय को भेजा था। हालांकि, भारत सरकार ने अब तक इस पर कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी है। भारतीय अधिकारियों का कहना है कि ढाका ने प्रत्यर्पण के लिए आवश्यक औपचारिकताएं पूरी नहीं की हैं। भारत ने बांगलादेश की निर्वासित प्रधानमंत्री शेख हसीना की वीजा बढ़ा दिया है। यह कदम उस समय उठाया गया है जब ढाका में उनकी प्रत्यर्पण की मांग तेज हो रही है। शेख हसीना पिछले अगस्त में देश छोड़कर भारत आई थीं।



बांगलादेश में उनके खिलाफ छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया था। सूत्रों के मुताबिक, उनका वीजा हाल ही में बढ़ाया गया है, ताकि वह भारत में पहले की तरह रह सकें। सूत्रों ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत ने उन्हें शरण नहीं दी है क्योंकि भारत में शरणार्थियों के लिए कोई विशेष कानून नहीं है।

इस बीच बांगलादेश की सरकार ने 97 लोगों के पासपोर्ट रद्द करने का निर्णय लिया है, जिनमें शेख हसीना का नाम भी शामिल है। इन लोगों पर जुलाई में हुए प्रदर्शनों में कथित रूप से लोगों को जबरन गायब कराने और हत्याओं में शामिल होने के आरोप हैं। बांगलादेश के इमिग्रेशन और पासपोर्ट विभाग ने यह घोषणा की है कि शेख हसीना और अन्य 75 व्यक्तियों के पासपोर्ट रद्द किए गए हैं।

वहीं, 6 जनवरी को बांगलादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने शेख हसीना के खिलाफ दूसरा गिरफ्तारी वारंट जारी किया। न्यायाधिकरण ने बांगलादेशी पुलिस को शेख हसीना और 11 अन्य लोगों को गिरफ्तार करने और उन्हें 12 फरवरी को न्यायाधिकरण के सामने पेश करने का आदेश दिया है।

### भारत में शेख हसीना का भविष्य

भारत में शेख हसीना के भविष्य को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। भारत सरकार का विदेश मंत्रालय ने पहले ही यह कह चुका है कि शेख हसीना को अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में खुद निर्णय लेना है। इस बीच, बांगलादेश के राष्ट्रीय स्वतंत्र जांच आयोग के प्रमुख ने कहा है कि आयोग के सदस्य भारत जाने की योजना बना रहे हैं ताकि शेख हसीना से 2009 में बांगलादेश राइफल्स द्वारा 74 लोगों की हत्या के मामले में पूछताछ की जा सके।

# चार युद्ध लड़ने वाले हवलदार बलदेव सिंह की बहादुरी को नेहरु से लेकर पीएम मोदी तक ने सराहा!

**राजौरी (एजेंसी)।** बलदेव सिंह एक ऐसे वीर सिपाही जो अपने साहस और देशभक्ति के लिए इतिहास में हमेशा के लिए अमर हो गए। जिन्होंने पाकिस्तान के खिलाफचार युद्ध लड़े और भारतीय सेना में तीन दशकों तक अपनी सेवाएं दीं, उनकी सोमवार को सांसे थम गईं। बलदेव सिंह 14 नवंबर 1950 को सेना में भर्ती हुए। उन्होंने करीब तीन दशक तक देश की सेवा की और 1961, 1962 और 1965 के भारत-पाक युद्धों में हिस्सा लिया। 1969 में रिटायर होने के बाद, उन्हें 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान फिर से बुलाया गया। इस दौरान उन्होंने 11 जाट बटालियन (25 इन्फैंट्री डिवीजन) के साथ आठ महीने तक सेवा की। अपने लंबे करियर के दौरान, बलदेव सिंह को कई सम्मानों से नवाजा गया। उनकी बहादुरी को देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से लेकर वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक ने सराहा। सोमवार को उनके गांव नौनिहाल में पूरे सैन्य सम्मान और प्रोटोकॉल के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।

हवलदार बलदेव सिंह (रिटायर्ड) का उनके गृह नगर राजौरी जिले के नौशेरा में निधन हो गया। वह 93 साल के थे। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने बताया कि उनकी नेचुरल डेथ हुई।

बता दें कि हवलदार बलदेव सिंह का जन्म 27 सितंबर 1931 को नौशेरा के नौनिहाल गांव में हुआ था। केवल 16 साल की उम्र में, उन्होंने ब्रिगेडियर उस्मान की अगुवाई में 'बाल सेना' में शामिल हो गए। 1947-48 के नौशेरा और झांगर की लड़ाई के दौरान, बाल सेना के लड़कों (12-16 साल की उम्र) ने भारतीय सेना के लिए महत्वपूर्ण समय पर संदेशवाहक के रूप में काम किया था। उनके इस योगदान के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें ग्रामोफेन, घड़ियां और भारतीय सेना में शामिल होने का मौका दिया था।



# जन औषधि केंद्रों ने नवंबर 2024 तक 1255 करोड़ से ज्यादा की दवाइयां बेची

### -पीएमओ ने कहा- इन आउटलेट्स से नागरिकों को 5,020 करोड़ की हुई बचत

**नई दिल्ली।**

जन औषधि केंद्रों से नवंबर 2024 तक 1255 करोड़ रुपए से ज्यादा की दवाइयों की बिक्री हुई। यह जानकारी पीएमओ द्वारा दी गई। सोशल मीडिया एक्स पर पीएमओ ने कहा कि इन आउटलेट्स के जरिए दवाइयों की खरीद करने से नागरिकों को 5,020 करोड़ रुपए की बचत हुई। जन औषधि केंद्र आम जनता को किफायती दामों पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराते हैं। इसकी स्थापना प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के तहत की गई थी, जो नवंबर 2008 में शुरू की गई एक जन कल्याणकारी योजना है। इस योजना को फार्मास्यूटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइस ब्यूरो ऑफ इंडिया (पीएमबीआई) के जरिए क्रियान्वित किया जाता है। रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने बताया कि नवंबर 2024 तक देशभर में 14,320 जन औषधि केंद्र खोले गए हैं। 2023-24 में पीएमबीआई ने 1,470 करोड़ रुपए की दवाइयों की बिक्री दर्ज की थी, जिससे नागरिकों को 7,350 करोड़ रुपए की बचत हुई थी। पिछले दस सालों में इस परियोजना के तहत करीब 30 हजार करोड़ रुपए की बचत हुई है। 2024 में पीएमबीजेपी ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड और असम राइफल्स के साथ कई एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए थे, जिससे सीएपीएफ, एनएसजी और एआर (एमएचए) अस्पतालों में जन औषधि दवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अलावा मॉरीशस में पहला विदेशी जन औषधि केंद्र खोला गया। मंत्रालय ने कहा कि फार्मास्यूटिकल्स विभाग ने भी चालू वित्त वर्ष में 500 करोड़ रुपए के कुल वित्तीय परिव्यय के साथ फार्मास्युटिकल उद्योग को मजबूत करने के लिए एक योजना लागू की है। इस योजना का उद्देश्य देश में मौजूदा फार्मा क्लस्टरों और एमएसएमई को उनकी उत्पादकता, गुणवत्ता और एमएसएमई क्लस्टरों में सुधार करने के लिए सहायता प्रदान करना है।

## भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में लॉन्च किया जाएगा क्रेटा ईवी

**नई दिल्ली ।**

हुंडई मोटर्स के बहुप्रतीक्षित इलेक्ट्रिक एसयूवी क्रेटा ईवी को भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में लॉन्च किया जाएगा। हुंडई क्रेटा ईवी में दो बैटरी विकल्प दिए गए हैं। पहला 42 केडब्ल्यूएच बैटरी पैक, जो 390 किलोमीटर की रेंज देगा, और दूसरा 51.4 केडब्ल्यूएच बैटरी पैक, जिसकी रेंज 473 किलोमीटर तक होगी।

क्रेटा ईवी चार वेरिएंट्स एक्जीक्यूटिव, स्मार्ट, प्रीमियम और एक्सीलेंस में उपलब्ध होगी। कंपनी का दावा है कि यह एसयूवी 0 से 100 किमी/घंटा की रफ्तार मात्र 7.9 सेकंड में पकड़ सकती है। हालांकि, इसके इलेक्ट्रिक मोटर के स्पेसिफिकेशंस अभी साझा नहीं किए गए हैं। डिजाइन की बात करें तो क्रेटा ईवी का लुक पेट्रोल और डीजल वर्जन जैसा है, लेकिन इसमें इलेक्ट्रिक व्हीकल का ट्विस्ट दिया गया है। इसमें व्हीकल-टू-लोड (वी2एल) सपोर्ट, लेवल-2 अडास फीचर्स (जैसे एडाप्टिव क्रूज कंट्रोल और लेन कीप असिस्ट), 360-डिग्री कैमरा और 6 एयरबैग्स दिए गए हैं। हुंडई क्रेटा ईवी में डीसी फास्ट चार्जर है, जो 10-80प्रतिशत चार्जिंग मात्र 58 मिनट में कर सकता है। 11 केडब्ल्यू एसी चार्जर के जरिए यह 4 घंटे में पूरी तरह चार्ज हो सकती है।

यह इलेक्ट्रिक एसयूवी टाटा कर्व ईवी, महिंद्रा बीई 6, एमजी झेडएस ईवी और आगामी मारुति ई विटारा जैसे मॉडल्स को कड़ी टक्कर देगी। फ्रंट फेसिया क्रेटा एन लाइन से प्रेरित है, जिसमें ब्लैंक्ड-ऑफ



ग्रिल और ग्लॉस ब्लैक क्यूबिकल एलिमेंट्स हैं। चार्जिंग पोर्ट हुंडई के लोगो के नीचे, बीच में स्थित है। इसमें 17-इंच के एयरोडायनामिक अलॉय व्हील्स दिए गए हैं। हुंडई क्रेटा ईवी में ड्यूल-टोन इंटीरियर, पैनोरमिक सनरूफ, दो डिजिटल डिस्प्ले और लोअर सेंटर कंसोल में नए कंट्रोल्स हैं।

## सेबी की फटकार के बाद ओला इलेक्ट्रिक के शेयर 5 फीसदी लुढ़के

### सोशल मीडिया पर योजनाओं का खुलासा करने पर चेयरमैन को दी हिदायत

**नई दिल्ली।**

ओला इलेक्ट्रिक का शेयर आज यानी बुधवार को शुरूआती कारोबार में बीएसई पर 5 फीसदी लुढ़क गया। ईवी कंपनी के शेयरों में यह गिरावट मार्केट रेगुलेटर सेबी की फटकार के बाद आई। मार्केट रेगुलेटर भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को फटकार लगाई है। रेगुलेटर ने नियमों के उल्लंघनों पर कंपनी को चेतावनी लेटर भी जारी किया है।

ओला इलेक्ट्रिक की रेगुलेटरी फाईलिंग के मुताबिक कंपनी को मंगलवार को ईमेल के जरिए सेबी ने यह भेजा। यह लेटर इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी के एक्सचेंजों को सूचित करने से पहले एक्स पर अपनी योजनाओं का खुलासा करने के चलते मिला है। ओला इलेक्ट्रिक ने अपनी एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि इस चेतावनी के कारण कोई वित्तीय प्रभाव नहीं पड़ेगा।

बता दें कि ओला इलेक्ट्रिक ने कॉर्पोरेट एक्शन की बजाय सोशल मीडिया एक्स पर अपनी योजनओं का पहले खुलासा कर दिया। लेटर में ओला इलेक्ट्रिक के चेयरमैन को इस संबंध में आगे से ऐसा न करने की हिदायत दी है। नियमों के मुताबिक सभी खुलासे पहले स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित करना है और वह 12 घंटों के भीतर। सेबी ने कहा कि इससे उन शर्तों का भी उल्लंघन हुआ कि सभी निवेशकों को समय पर समान रूप से सूचित करना चाहिए। सेबी ने लेटर में कहा कि पहले स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचना प्रसारित करने में विफल रहने और इसके बजाय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी घोषणा करने से आप सभी निवेशकों के लिए जानकारी तक समान और समय पर पहुंच प्रदान करने में विफल रहे हैं।

सेबी के इस एक्शन के बाद ओला इलेक्ट्रिक के शेयरों में बुधवार को शुरूआती कारोबार में गिरावट आई है। कंपनी का शेयर बीएसई पर इंट्रा-डे ट्रेड में 5 फीसदी तक फिसल गया। सुबह 10 बजे यह 3.53 रुपए या 4.46 फीसदी गिरकर 75.63 रुपए प्रति शियर के भाव पर कारोबार कर रहा था। बता दें कि ओला इलेक्ट्रिक का शेयर 9 अगस्त, 2024 को स्टॉक मार्केट में लिस्ट हुआ था। लिस्टिंग के एक हफ्ते के बाद कंपनी के शेयर ऑल टाइम हाई 157.53 रुपए तक पहुंच गए थे। हालांकि, तब से कंपनी के शेयर करीब 20 फीसदी गिर चुके हैं।

## 2024 में कई प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद मोटर वाहन खुदरा उद्योग मजबूत रहा

### -फाडा ने कहा-दोपहिया में आपूर्ति, नए मॉडल और ग्रामीण मांग से हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** दोपहिया और यात्री वाहनों की मजबूत मांग से 2024 में मोटर वाहन खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर नौ फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने कहा है कि 2024 में कुल वाहन पंजीकरण 2,61,07,679 इकाई रहा, जबकि 2023 में यह 2,39,28,293 इकाई रहा था। फाडा के अध्यक्ष कहा कि 2024 में भीषण गर्मी, केंद्र और राज्यों में चुनाव और असमान मानसून सहित कई प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद मोटर वाहन खुदरा उद्योग मजबूत बना रहा। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन खंड में बेहतर आपूर्ति, नए मॉडल और मजबूत ग्रामीण मांग ने बढ़ोतरी को बढ़ावा दिया, हालांकि वित्तीय बाधाएं और बढ़ती इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) प्रतिस्पर्धा चुनौतियां पेश करती रही हैं। यात्री वाहनों की बिक्री 2024 में 40,73,843 रही, जो 2023 में 38,73,381 इकाई की तुलना में पांच फीसदी ज्यादा है। दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 11 फीसदी से बढ़कर 2024 में 1,89,12,959 हो गई। 2023 में यह 1,70,72,932 थी। वहीं तिपहिया वाहनों का पंजीयन सालाना 11 फीसदी से बढ़कर 12,21,909 इकाई हो गया जो 2023 में 11,05,942 इकाई रहा था। ट्रैक्टर की बिक्री में सालाना आधार पर तीन फीसदी की वृद्धि देखी गई और यह 8,94,112 इकाई रही, जबकि वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 2024 में 10,04,856 पर स्थिर रही। वहीं दिसंबर में फाडा के मुताबिक मोटर वाहन क्षेत्र की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 12 फीसदी घटकर 17,56,419 इकाई रही। दिसंबर 2023 में 14,54,353 इकाइयों की तुलना में दोपहिया वाहनों का पंजीकरण 18 फीसदी से घटकर 11,97,742 इकाई रह गया। दिसंबर 2023 में 2,99,351 इकाइयों की तुलना में पिछले महीने यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री भी दो फीसदी घटकर 2,93,465 इकाई रह गई थी।

# मोटर वाहन खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़ी

### फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन ने बताया

**मुंबई ।**

देश में चुनौतीपूर्ण कारोबारी माहौल के बीच दोपहिया तथा यात्री वाहनों की मजबूत मांग से 2024 में मोटर वाहन खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़ी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने कहा, 2024 में कुल वाहन पंजीकरण 2,61,07,679 इकाई रहा, जबकि कैलेंडर वर्ष 2023 में यह 2,39,28,293 इकाई था। फाडा के अध्यक्ष सी.एस. विग्नेश्वर ने कहा, वर्ष 2024 में भीषण गर्मी, केंद्र तथा राज्यों में चुनाव और असमान मानसून सहित कई प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद मोटर वाहन खुदरा उद्योग मजबूत बना रहा।'' उन्होंने बताया कि कि दोपहिया वाहन खंड में बेहतर आपूर्ति, नए मॉडल तथा मजबूत ग्रामीण मांग ने वृद्धि को बढ़ावा दिया, हालांकि वित्तीय बाधाएं तथा बढ़ती इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) प्रतिस्पर्धा चुनौतियां पेश करती रहीं। यात्री वाहनों की बिक्री 2024 में 40,73,843 इकाई रही, जो 2023 में 38,73,381 इकाई की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक है। दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़कर 2024 में 1,89,12,959 इकाई हो गई। 2023 में यह 1,70,72,932 इकाई थी। वहीं तिपहिया वाहनों का पंजीकरण सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़कर 12,21,909 इकाई हो गया जो 2023 में 11,05,942 इकाई था। ट्रैक्टर की बिक्री में सालाना आधार पर तीन प्रतिशत की वृद्धि देखी गई और यह 8,94,112 इकाई रही, जबकि वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 2024 में 10,04,856 इकाई पर स्थिर रही।

## सप्लाई तेज होने से गिर रहे हैं हरी सब्जियों के दाम

नई दिल्ली । ठंड के मौसम में सप्लाई तेज होने से हरी सब्जियों के दाम अब गिरने लगे हैं। लोगों को अब बढ़ी हुई हरी सब्जियों की कीमतों से राहत मिलने लगी है। गोभी, मटर, आलू, मूली और गाजर जैसी हरी सब्जियों की नई खेप और बढ़ी हुई सप्लाई के चलते इनके दाम में गिरावट आई है। गोभी से लेकर हरी मिर्च, मूली, पालक सहित कई मौसमी सब्जियां सस्ती होने से बड़ी राहत मिली है। कारोबारियों का कहना है कि टमाटर, जो एक हफ्ते पहले 40 रुपए प्रति किलो बिक रहा था, अब 20 रुपए में उपलब्ध है। आलू और अन्य सब्जियों की कीमतों में भी कमी देखी जा रही है और आने वाले दिनों में इनके रेट्स में और गिरावट की उम्मीद है। हालांकि, आने वाले दिनों में आलू, टमाटर, शिमला मिर्च, मटर से लेकर बींस के भी रेट और कम हो सकते हैं। हफ्ते भर पहले 40 रुपए प्रति किग्रा के हिसाब से बिकने वाला टमाटर सोमवार को रिटेल में 20 रुपए प्रति किग्रा के हिसाब से मिला। इसके अलावा 100 रुपए में ढाई किग्रा मिलने वाला आलू अब 100 में चार किलोग्राम मिल रहा है।




## चैटजीपीटी को सब्सक्राइबर बढ़ने से घाटा?

**नई दिल्ली ।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआईचैटवाट के सब्सक्राइबर तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। उसी तेजी के साथ कंपनी का घाटा भी बढ़ रहा है। कंपनी के सह संस्थापक सैम आलटमैन का कहना है। सब्सक्राइबर बढ़ाने के कारण कंपनी को नुकसान हो रहा है। चैट जीटीपी का सालाना सब्सक्राइबर शुल्क भारत में करीब 17000 रुपए प्रति वर्ष है। भारत में तेजी के साथ सब्सक्राइबर बढ़ रहे हैं। जिसके कारण चैट जीपीटी कंपनी की लागत बढ़ती चली जा रही है। ग्राहकों को प्रीमियम सुविधा देने के लिए ओपन एआई की कंप्यूटिंग लागत पर कंपनी को ज्यादा खर्च करना पड़ रहा है। कंपनी के इस बयान के बाद ऐसा लग रहा है कि कंपनी भारत में अपना शुल्क बढ़ाने की तैयारी कर रही है। भविष्य में सालाना सब्सक्रिप्शन और भी महंगा हो सकता है।

## छोटी और मझोली कंपनियों के प्रमोटरों ने बेचे 1.2 लाख करोड़ के शेयर

### आम निवेशकों में दहशत, निवेशकों मे सुरक्षित निकलने की होड़

**मुंबई ।** छोटी एवं मध्यम कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली देखने को मिल रही है। छोटी और मझोली कंपनियों के प्रमोटर और उनके छोटे निवेशक इन दिनों बिकवाली कर रहे हैं। जिसके कारण शेयर बाजार में मंदी और बिकवाली का बड़ा दौर देखने को मिल रहा है। प्रमोटरों के शेयर बिकने के बाद छोटे निवेशकों में भगदड़ मच गई है। अब मुनाफे की जगह छोटे निवेशक अपने निवेश को बचाने के चक्कर में शेयर बेचकर बाहर निकलना चाहते हैं। 2023 के दिसंबर माह से सितंबर 2024 के बीच में 384 मिडकैप और स्मॉल कैप कंपनियों के प्रमोटर अपने शेयर बड़े पैमाने पर बेच चुके हैं। डीएसपी म्युचुअल फंड की एक रिपोर्ट के अनुसार विचार स्मॉल कैप और मिड कैप कंपनियों के 4 प्रमोटर मे एक प्रमोटर ने अपने इक्विटी शेयरों की शुद्ध विकवाली की है। बाजार में प्रमोटरों ने अपने 1.2 लाख करोड रुपए के शेयर बेच दिए हैं। जिसके कारण शेयर बाजार में भगदड़ जैसी स्थिति देखने को मिल रही है।

## वीआई ने की प्रमुख टेक्नोलॉजी कंपनियों के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली ।** अपने नेटवर्क को बेहतर बनाने और ग्राहकों को मजबूत कनेक्टिविटी देने के लिए वोडाफोन आइडिया (वीआई) ने एरिक्सन, नोकिया और सैमसंग जैसी प्रमुख टेक्नोलॉजी कंपनियों के साथ साझेदारी की है। 2024 में वीआई ने 46,000 नए साइट्स जोड़कर अपने नेटवर्क का बड़ा विस्तार किया और 58,000 लोकेशन्स पर नेटवर्क की क्षमता को मजबूत किया। कंपनी ने अगले तीन सालों में हजारों नए साइट्स लगाने की योजना बनाई है, जिससे यूजर्स को पहले से बेहतर अनुभव मिलेगा। इसके अलावा, इनडोर कवरेज प्लस टेक्नोलॉजी ने घर और ऑफिस में भी कनेक्शन की गुणवत्ता को और बेहतर बना दिया है। ग्राहकों की सुविधा के लिए कंपनी ने स्पैम डिटेक्शन फीचर लॉन्च किया, जिससे अनचाहे कॉल और मैसेज को नियंत्रित किया जा सके। इसके साथ ही, वीआई ने लाइंसगेट प्ले के साथ साझेदारी की है, जिससे ग्राहकों को प्रीमियम ओटीटी कंटेंट का भी लाभ मिलेगा। कंपनी के इन प्रयासों का सकारात्मक असर शेयर बाजार में भी दिखा। वीआई का शेयर 2.41 प्रतिशत की बढ़त के साथ रुपए 8.07 पर बंद हुआ। कंपनी के सीईओ अक्षय मूंदड़ा ने ग्राहकों का धन्यवाद करते हुए कहा, आपके भरोसे ने हमें हर दिन बेहतर करने की ताकत दी है। 2025 में और भी रोमांचक चीजें आने वाली हैं, इसलिए जुड़े रहें। वीआई के ये प्रयास कंपनी के बाजार में मजबूत स्थिति बनाने और ग्राहकों को उन्नत सेवाएं देने के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं।

## वित्त वर्ष 2024-25 में बैंकों की लाभप्रदता पर पड़ सकता है असर

**नई दिल्ली ।**

खराब परिसंपत्तियों में वृद्धि के चलते वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय बैंकों की लाभप्रदता पर असर पड़ सकता है। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 बैंकों के लिए मुनाफे का चरम साल था, लेकिन अब यह लाभप्रदता टर्निंग पॉइंट पर है और अगले वित्तीय वर्ष में इसमें और कमी की आशंका है। एजेंसी के प्रमुख और निदेशक (वित्तीय संस्थान) करण गुप्ता ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में बैंकों की लाभप्रदता पर ऋण चूक और बढ़ती ऋण लागत का दबाव रहेगा। उन्होंने कहा कि परिसंपत्ति गुणवत्ता पर दबाव मुख्य रूप से बिना गारंटी वाले खुदरा कर्ज जोखिम से उत्पन्न होगा, हालांकि इसका कोई प्रणालीगत प्रभाव नहीं होगा। रेटिंग एजेंसी ने 50,000 रुपये से कम के खुदरा असुरक्षित कर्ज को बैंकों के कुल कर्ज का 0.4 प्रतिशत बताया और कहा कि केवल 3.6 प्रतिशत कर्ज ऐसे हैं जिनकी उधारी दर 11 प्रतिशत से अधिक है। हालांकि, ऋण वृद्धि की गति धीमी होने की संभावना जताई गई है, और वित्त वर्ष 2024-25 के लिए प्रणालीगत ऋण वृद्धि अनुमान को 15 प्रतिशत से घटाकर 13-13.5 प्रतिशत कर दिया गया है। एजेंसी ने बताया कि बढ़ती कर्ज चूक, पिछली बढ़ोतरी और लेखांकन नीतियों में बदलाव के कारण अगले वित्त वर्ष में बैंकों का शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) 0.10 प्रतिशत तक घट सकता है। साथ ही, ऋण और जमा वृद्धि के बीच अंतर भी कम होने का अनुमान है। गुप्ता ने परिसंपत्ति गुणवत्ता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि व्यक्तिगत ऋण, बिना गारंटी वाले व्यावसायिक ऋण और सूक्ष्म-वित्त पर दृष्टिकोण को स्थिर से घटाकर बिगड़ता हुआ कर दिया गया है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि इस दबाव को संभालना संभव है और इसका कोई बड़ा व्यवस्थित प्रभाव नहीं होगा।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुम्बई ।**

भारतीय बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट एशियाई बाजारों में हुए नुकसान से आयी है। विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली और कंपनियों के तीसरी तिमाही के परिणामों से भी निवेशकों ने सतर्कता बरती जिससे भी बाजार नीचे आया। अमेरिकी बाजारों में कमजोरी से भी बाजारों पर दबाव पड़ा। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स कारोबार के अंत में सेंसेक्स 50.62 अंक तकरीबन 0.06फीसदी नीचे आकर 78,148.49 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी अंत में निफ्टी 18.95 अंक तकरीबन 0.08 फीसदी नीचे आकर 23,688.95 पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान देसी कंपनियों के तीसरी तिमाही के परिणामों को लेकर निवेशक बाजार से दूर रहे। इन परिणामों की शुरुआत 9 जनवरी को टीसीएस के साथ होगी। अमेरिकी शेयर बाजार गत दिवस गिरावट पर बंद हुआ। इसका प्रभाव भी एशियाई बाजारों के साथ घरेलू बाजार पर भी पड़ा।

दिसंबर में सर्विस सेक्टर की गतिविधियों में तेजी और नवंबर में नयी नौकरियों में बढ़त के आंकड़े जारी होने के बाद वॉल स्ट्रीट पर गिरावट आई है। इससे तय है कि इफेडरल रिजर्व 2025 में ब्याज दरों में कम बार कटौती करेगा। दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटी दिग्गज टीसीएस और आईटीसी के शेयरों में तेजी ने बाजार को दिन की बड़ी गिरावट से संभाला। इंट्रा-डे ट्रेड में सेंसेक्स 700 से ज्यादा अंक गिर गया था।




डाबर इंडिया और हीरो मोटोकॉर्प समेत अन्य कंपनियों के दूसरी तिमाही के परिणामों के उम्मीद अनुसार नहीं रहने से भी बाजार नीचे आया। निवेशकों को डर है कि तीसरी तिमाही में कॉर्पोरेट परिणाम पिछली (दूसरी) तिमाही से बेहतर होंगे या नहीं। बता दें कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनियों के नतीजे पिछले चार वर्षों में सबसे खराब थे।

जानकारों के अनुसार कंपनियों की आय में कमी और महंगे वैल्यूएशन को लेकर चिंताएं घरेलू बाजारों पर दबाव डाल रही हैं।

इससे पहले आज सुबह बाजार बुधवार को गिरावट के साथ खुला। सुबह सेंसेक्स 78,319 अंक पर खुला। खुलने के कुछ ही मिनटों के भीतर इसमें गिरावट आने लगी। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी सकारात्मक शुरुआत के साथ खुला। मगर खुलने के कुछ ही देर में यह गिरावट में चला गया।

वहीं दूसरी ओर अमेरिकी शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट में बंद हुए। इसका असर एशियाई बाजारों के साथ घरेलू बाजार पर भी पड़ा है। सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में तेजी और नवंबर में नयी नौकरियों में वृद्धि के आंकड़े जारी होने के बाद वॉल स्ट्रीट पर गिरावट आई है। ये आंकड़ों संकेत देते है कि फेडरल रिजर्व 2025 में ब्याज दरों में कम कटौती करेगा।

अमेरिकी बाजारों की बात करें तो वॉल स्ट्रीट में प्रमुख तकनीकी शेयरों की कमजोरी से गिरावट दर्ज की गई। एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.11 फीसदी गिरा, डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 0.42 फीसदी की गिरावट रही, और नैस्डैक कंपोजिट 1.89 फीसदी नीच आया।

वहीं गत दिवस बाजार हल्की बढ़त पर बंद हुआ था।

# अरबपति बिल गेट्स ने परिवहन क्षेत्र में किया 3730 करोड़ रुपए का निवेश



**नई दिल्ली।**

माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने परिवहन क्षेत्र में 3730 करोड़ रुपए यानी 373 मिलियन डॉलर का बड़ा निवेश किया है। गेट्स ने यह कदम ऐसे उठाया है जब यह क्षेत्र चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है। उनका मानना है कि 2025 में इस क्षेत्र में शानदार वापसी करेगा। गेट्स ने फेडएक्स और पेसकर कंपनियों में एक-एक मिलियन शेयर खरीदे। फेडएक्स में निवेश की कुल राशि 2730 करोड़ रही, जबकि पेसकर में 1000 करोड़ यानी 100 मिलियन डॉलर का निवेश किया।

पेककर, जो पेटरबिल्ट और केनवॉर्थ जैसे प्रसिद्ध ट्रक ब्रांड्स का निर्माता है, वैश्विक क्लास 8 ट्रक बाजार में 31.1 फीसदी हिस्सेदारी रखता है। ये ट्रक भारी माल ढुलाई के लिए जाने जाते हैं। वहीं फेडएक्स एक प्रमुख लॉजिस्टिक कंपनी है, जो अपने ड्राइव पहल के तहत परिचालन को सुव्यवस्थित करने और लागत में कटौती की योजना पर काम कर रही है। 2024 में एसएंडपी 500 ट्रांसपोटेक्शन इंडेक्स में 0.5 फीसदी की गिरावट देखी गई, जबकि एसएंडीपी 500 में 23 फीसदी की बढ़त हुई। इसके बावजूद बिल गेट्स को परिवहन क्षेत्र में आर्थिक सुधार और ब्याज दरों में गिरावट के कारण मांग बढ़ने की उम्मीद है। विश्लेषकों का कहना है कि गेट्स का यह निवेश इस क्षेत्र के दीर्घकालिक लचीलापन पर उनके भरोसे को दर्शाता है। पेसकर और फेडएक्स दोनों कंपनियां परिवहन और लॉजिस्टिक्स की बढ़ती मांग से लाभ उठाने के लिए स्थिति में हैं। बिल गेट्स के पास वर्तमान में 8515 अरब रुपए यानी 103.1 बिलियन डॉलर की संपत्ति है। उन्होंने माइक्रोसॉफ्ट में अपनी हिस्सेदारी का एक हिस्सा बेचकर निवेश किया। उनकी परोपकारी संस्था बिल एंड मेलिंडा गेस्ट फाउंडेशन का पोर्टफोलियो 3735 अरब रुपए यानी 45 बिलियन डॉलर का है।

## मारुति और टोयोटा की इलेक्ट्रिक कार लॉन्च करने की तैयारी

**नई दिल्ली।** भारत में साल 2025 में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार में प्रतिस्पर्धा एक नए स्तर पर पहुंचने वाली है। मारुति और टोयोटा कंपनी अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार लॉन्च करने की तैयारी में हैं, जबकि लगभग 12 अन्य ऑटो निर्माता 30 से अधिक नए ईवी मॉडल पेश करेंगे। फिलहाल भारतीय बाजार में 7 लाख से 2.15 करोड़ रुपये तक की 45 इलेक्ट्रिक कारें उपलब्ध हैं। नई ईवी कारें 500 किमी से अधिक की रेंज प्रदान करने में सक्षम होंगी और इनकी अनुमानित कीमत 19 लाख रुपये के आसपास होगी। इंटरनेट-कनेक्टेड और प्रीमियम फीचर्स वाली कारों की मांग बढ़ रही है, जो पिछले साल की कुल कार बिक्री का 40 प्रतिशत हिस्सा थी। 2024 में कारों की बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी 2.53 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो 2023 में 2.32 प्रतिशत थी। 2025 में यह हिस्सेदारी दोगुनी होकर 4.61 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। ईवी के बढ़ते प्रभाव के बीच, सीएनजी वाहनों की बिक्री में 38.5 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि ईवी बिक्री 14 प्रतिशत बढ़ी। डीजल वाहनों की मांग 7.2 प्रतिशत बढ़ी, लेकिन पेट्रोल वाहनों की बिक्री में 3.9 प्रतिशत की गिरावट आई। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में बैटरी की कीमतों में 23 प्रतिशत की कमी आई है और 2025 में इसके और 20 प्रतिशत कम होने की संभावना है। इसका मतलब है कि इलेक्ट्रिक कारों की कीमत पेट्रोल कारों के करीब आ सकती है।

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी : ऑस्ट्रेलियाई पिचों पर आईसीसी की रेटिंग आई सामने

**सिडनी (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की पांच में से चार पिचों को आईसीसी ने 'बेहतरीन' करार दिया है जबकि सिडनी में पांचवें और आखिरी टेस्ट की पिच को 'संतोषजनक' रेटिंग मिली है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पांच मैचों की श्रृंखला ऑस्ट्रेलिया ने 3.1 से जीती और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए भी क्वालीफाई किया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक विज्ञप्ति में कहा कि पर्थ के आप्टस स्टेडियम की पिच, एडीलेड ओवल, ब्रिसबेन में गाबा की पिच और मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड की पिच को ऊंची रेटिंग मिली है। वहीं सिडनी क्रिकेट ग्राउंड की पिच को 'संतोषजनक' बताया गया है।

सिडनी की पिच इस बार गेंदबाजों की मददगार थी और दोनों पारियों में बल्लेबाज जूझते नजर आए। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट परिचालन प्रमुख पीटर रोच ने कहा, 'हम हमेशा कोशिश करते हैं कि ऐसी पिचें तैयार करें जो उस मैदान की खूबी बताती हो और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में ऐसा ही होता आया है।'

उन्होंने कहा, 'हम ऐसी पिचें नहीं तैयार करते जो मेजबान टीम के अनुकूल हो या हमारी मदद करे। हम चाहते हैं कि बल्ले और गेंद के बीच अच्छी स्पर्धा हो और नतीजा निकले। तैयारियों पर मौसम का असर पड़ा और हमें पता है कि सबसे कुशल क्यूरेटर भी विपरीत मौसम से प्रभावित होते।' सिडनी की पिच को लेकर जहां सुनील गावस्कर ने कहा कि यह आदर्श पिच नहीं थी वहीं भारतीय कोच गौतम गंभीर ने इसे 'मसालेदार' और टेस्ट क्रिकेट के लिए अच्छी बताया।



# बुमराह सहित तीन खिलाड़ी आईसीसी के दिसंबर 2024 के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के लिए चयनित

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान पैट कमिंस और और दक्षिण अफ्रीका के स्टार तेज गेंदबाज डेन पैटरसन को आईसीसी ने दिसंबर 2024 के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के लिए चयनित किया है। भारतीय टीम के बुमराह ने बॉर्डर गावस्कर सीरीज में शानदार गेंदबाजी करते हुए सबसे अधिक 32 विकेट लिए। उनके सामने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज संघर्ष करते दिखे। उन्होंने तीन टेस्ट मैचों में 14.22 की शानदार औसत से विकेट लिए। कमिंस ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान शानदार गेंदबाजी और बल्लेबाजी की थी। उन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया था। कमिंस ने तीन टेस्ट मैचों में 17.64 की शानदार औसत से 17 विकेट लिए हैं।

कमिंस ने इसके अलावा बल्लेबाजी में भी 49 और 41 रन बनाये।

ब्रिस्बेन और मेलबर्न में बुमराह ने 9-9 विकेट लिए। उनकी गेंदबाजी से ही भारतीय टीम अंत तक मैच में बनी रही। वहीं दक्षिण अफ्रीका के डेन पैटरसन ने श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन करके अपनी टीम को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में जगह दिलायी। पैटरसन ने दो टेस्ट में 16.92 की औसत से 13 विकेट लिए। पैटरसन ने श्रीलंका के खिलाफ 71 रन देकर पांच विकेट और पाकिस्तान के खिलाफ 61 रन देकर 5 विकेट लिए।

# रबाडा को डब्ल्यूटीसी फाइनल में जीत की उम्मीद



**केपटाउन (एजेंसी)।** पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट में मिली 10 विकेट की जीत से उत्साहित दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा को उम्मीद है कि उनकी टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हरा देगी। रबाना ने कहा कि हम जानते हैं कि लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया पर कैसे जीत हासिल की जा सकती है। दक्षिण अफ्रीका ने केपटाउन में पाकिस्तान के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में जीत के साथ ही 2-0 से सीरीज जीती है। मेजबान टीम ने इस सीरीज के पहले मैच में जीत के साथ ही आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में भी प्रवेश हासिल कर लिया है।

रबाडा ने पाकिस्तान के खिलाफ छह विकेट लिए थे। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में अभी समय है पर इतने बड़े टूर्नामेंट के लिए हमेशा तैयार रहने की जरुरत होती है। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया एक जैसा क्रिकेट खेलते हैं, इसलिए अच्छी प्रतिद्वंद्विता भी रहती है। हम हमेशा कड़ी मेहनत से खेलते हैं और वह हमें कड़ी टक्कर देते हैं, यह हम जानते हैं। उन्होंने आगे कहा, हम उन्हें हराना भी जानते हैं। टेस्ट क्रिकेट हमारा सर्वश्रेष्ठ प्रारूप है, जो हम अभी खेल रहे हैं। जब आप दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट और हमारे सभी दिग्गजों को देखते हैं तो वह सभी महान टेस्ट क्रिकेटर रहे हैं। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेटर हैं जो पाक के खिलाफ सीरीज में दिखा है। पाकिस्तान को हराने के बाद दक्षिण अफ्रीका आईसीसी अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है। उसके अब 69.44 प्रतिशत अंक हो गए हैं, वहीं ऑस्ट्रेलिया 63.73 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर है। वहीं, डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले दक्षिण अफ्रीका के लिए कोई टेस्ट मैच निर्धारित नहीं होने के कारण टीम के कोच शुकरी कॉनराड अभ्यास के लिए आयरलैंड या अफगानिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट मैच आयोजित करने का प्रयास कर रहे हैं।

# रचिन रविंद्र और मार्क चैपमैन की शानदार बल्लेबाजी, न्यूजीलैंड की श्रीलंका पर बड़ी जीत

**हैमिल्टन (एजेंसी)।** रचिन रविंद्र (79), मार्क चैपमैन (62) की शानदार बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने बुधवार को वर्षा बाधित मैच दिन-रात्रि एकदिवसीय मुकाबले में श्रीलंका को 113 रनों हरा दिया हैं। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं।

न्यूजीलैंड के 255 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 22 के स्कोर पर अपने चार विकेट गवां दिए। पथुम निसंका (एक), कुसल मेंडिस (दो), अविष्का फर्नांडो (10) और कप्तान चरित असलंका (चार) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए जनित लियानगे ने कामिंडु मेंडिस के साथ पारी संभालने का प्रयास किया। 17वें ओवर में नेथन स्मिथ ने जनित लियानगे (22) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। 25वें ओवर में चामिंदु विक्रमासिंघे (17) रनआउट हुए।

वानिंदु हसरंगा (एक), महीश तीक्षणा (छह) और एहसान मलिंगा (चार) रन बनाकर आउट हुए। कामिंडु मेंडिस ने श्रीलंका के लिए सर्वाधिक (64) रनों की पारी खेली। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंका की पूरी टीम 30.2 ओवर में 142 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र को उनकी 79 रनों की बेहतरीन पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच% से नवाजा गया। न्यूजीलैंड की ओर से विलियम ओरूर्क ने तीन, जेकब डफी ने दो विकेट लिये। मैट हेनरी, नेथन स्मिथ और मिचेल सैंटनर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बारिश के खलल के कारण मैच 37-37 ओवर का दिया गया था।



बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 31 के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज विल यंग (16) का विकेट गवां दिया। उन्हें ए फर्नांडो ने आउट किया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आए मार्क चैपमैन ने रचिन रविंद्र के साथ दूसरे विकेट के लिए 112 रन जोड़े। 20वें ओवर में महीश तीक्षणा ने मार्क चैपमैन 52 गेंदों में (62) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। 23वें ओवर में हसरंगा ने रचिन रविंद्र 63 गेंदों में (79) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। टॉम लेथम (एक) रनआउट हुए। ग्लेन फिलिप्स (22), कप्तान मिचेल सैंटनर (20) और डैरिल मिचेल (38) रन बनाकर आउट हुए।

श्रीलंकाई गेंदबाजों ने आखिरी ओवरों में शानदार प्रदर्शन करते हुए निचले क्रम के बल्लेबाजों को सस्ते में आउट कर न्यूजीलैंड को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया। न्यूजीलैंड ने अपने आखिरी चार विकेट मात्र आठ रन जोड़कर गवां दिए। न्यूजीलैंड की टीम 37 ओवर में 9 विकेट पर 255 रन का स्कोर बना सकी। श्रीलंका की ओर से महीश तीक्षणा ने चार विकेट लिये। वानिंदु हसरंगा को दो विकेट मिले। एहसान मलिंगा और असिता फर्नांडो ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# सचिन को नहीं जानती सुशीला मीना

मुम्बई । महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने गत दिनों एक छोटी सी लड़की सुशीला मीना की प्रशंसा करते हुए कहा था कि उसका गेंदबाजी एक्शन जहीर खान जैसा है। इसके साथ ही सचिन ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर इस लड़की के गेंदबाजी करने की वीडियो भी साझा की थी। इसके बाद से ही ये लड़की सोशल मीडिया पर छा गयी थी। वहीं जब इस लड़की सुशीला का कहना है कि वह किसी सचिन तेंदुलरक के बारे में नहीं जानती। सचिन के इस वीडियो को देखने के बाद ही राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) ने गत दिनों ही सुशीला को ट्रेनिंग के लिए गोद लेने का फैसला किया था। 12 साल की सुशीला राजस्थान के रामेर तालाब गांव की रहने वाली हैं और अभी 5वीं कक्षा में पढ़ रही हैं। उदयपुर के सांसद मन्नालाल रावत और विधायक कन्हैयालाल मीणा ने हाल ही में सुशीला के गांव का दौरा किया और उसके साथ ही उनके माता-पिता से भी बात की। रावत ने कहा कि सही तरह की कोचिंग से सुशीला राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने के साथ-साथ राजस्थान को भी पहचान दिलाने की क्षमता रखती है। हाल ही में एक साक्षात्कार में सुशीला ने कहा था कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि सचिन कौन हैं। उन्होंने कहा था कि मैं नहीं जानती कि तेंदुलकर कौन हैं। सुशीला ने यह भी कहा कि उनके घर पर टेलीविजन नहीं है और उसने कभी क्रिकेट मैच नहीं देखा है।



# एससीजी जैसी कठिन पिच पहले नहीं देखी : स्मिथ



सिडनी । ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने सिडनी (एससीजी) की पिच पर बल्लेबाजी करने को सबसे मुश्किल बताया है। स्मिथ ने कहा कि ऐसी कठिन पिच पर उन्होंने पहले कभी नहीं खेला था। सिडनी केवल एक रन की कमी से अपने 10 हजार रन भी पूरे नहीं कर पाये। स्मिथ को इसके लिए सिडनी में 38 रन की जरूरत थी पर वह पहली पारी में 33 रन पर ही आउट हो गये थे। वहीं दूसरी पारी में वह चार रन बनाकर आउट हो गये थे। इस प्रकार वह एक रन की कमी से से टेस्ट क्रिकेट में 10,000 रन पूरे नहीं कर पाये। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि मैं इस मैच में बेहद खतरनाक गेंद पर आउट हुआ, गेंद अचानक से उछल गयी थी। उन्होंने कहा कि 10 हजार टेस्ट रन तक नहीं पहुंचनने से वह निराश नहीं है क्योंकि टीम को मैच में जीत मिली। उन्होंने कहा कि यह एससीजी की सबसे कठिन पिच थी। गेंद को सीम से मदद मिल रही थी और यह काफी स्विंग हो रही थी। मैं पहले कभी एससीजी में इस तरह के विकेट पर नहीं खेला था। यहां बल्लेबाजी करना अविश्वसनीय रूप से कठिन था। इस सीरीज में स्मिथ ने दो शतक लगाये हैं। उनका कहना है कि ये सीरीज काफी अच्छी रही। साथ ही कहा कि भारत एक अविश्वसनीय रुप से कठिन टीम है। हमें इस सीरीज में जसप्रीत बुमराह की खतरनाक गेंदबाजी का सामना करना पड़ा हालांकि अंत में परिणाम हमारे पक्ष में रहा।

# महिला हॉकी इंडिया लीग से जूनियर खिलाड़ियों को आर्थिक सुरक्षा मिलेगी : सविता पूनिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लॉस एंजीलिस ओलंपिक 2028 तक खेलने की उम्मीद जताते हुए भारत की अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया ने कहा कि महिला हॉकी इंडिया लीग की शुरूआत से जूनियर खिलाड़ियों को आर्थिक स्थिरता मिलेगी और अधिक से अधिक युवा हॉकी खेलने के लिए प्रेरित होंगे। महिला एचआईएल का पहला सत्र 12 से 26 जनवरी तक खेला जाएगा।

सविता ने कहा, 'हर खिलाड़ी आर्थिक स्थिरता चाहता है ताकि वह परिवार को तनावमुक्त रख सके, उसकी मदद कर सके और अच्छे उपकरण खरीद सके। हम लंबे समय से राष्ट्रीय टीम में हैं और जब भी हम पदक जीतते हैं तो सरकार हमें पुरस्कार देती है।' उन्होंने कहा, 'लेकिन जब एक जूनियर खिलाड़ी को इतना पैसा मिलता है तो उसे किसी तरह का वित्तीय तनाव नहीं रहता। वह अपने खेल पर फोकस कर सकती है। माता-पिता भी अब निश्चिंत हो सकते हैं कि हॉकी में भविष्य है और बच्चे इसमें करियर बना सकते हैं।'



भारत के लिए करीब 300 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी 34 वर्ष की सविता ने कहा कि उनका संन्यास लेने का इरादा नहीं है और वह लॉस एंजीलिस ओलंपिक 2028 खेलना चाहती है बशर्ते फिट रहे और खेल का मजा लेती रहे। उन्होंने कहा, 'मैं अगला ओलंपिक खेलना चाहती हूं। मेरे माता पिता ने हमेशा मेरे फैसलों का समर्थन किया और अब शादी के बाद सास ससुर और पति भी मेरा पूरा साथ दे रहे हैं। मैं किस्मतवाली हूं।'

उन्होंने कहा, 'फिलहाल फोकस 2026 विश्व कप और एशियाई खेलों पर है। दोनों परिवारों ने मुझसे कहा है कि अगर मैं ओलंपिक खेलना चाहती हूं तो वे मेरे साथ है। मुझे अपनी उम्र बताने में कोई हिचक नहीं होती। अगर मैं फिट रही और खेल का मजा लेती रही तो जरूर खेलूंगी।'

# विराट और रोहित पर है रणजी खेलने का दबाव



मुम्बई । ऑस्ट्रेलिया दौरे में खराब प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाजों विराट कोहली और रोहित शर्मा पर भी घरेलू क्रिकेट खेलने का दवाब है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम की हार के बाद पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने तो यहां तक कहा था कि अगर जो खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट नहीं खेलते हैं तो उन्हें टीम में जगह नहीं मिलनी चाहिये। गावस्कर ने यहां तक कहा कि उन्हें 23 जनवरी का इंतजार है। वे देखना चाहेंगे कि ये खिलाड़ी रणजी मैच खेलते हैं। ऐसे में अब विराट और रोहित को अपनी-अपनी घरेलू टीमों से खेलना ही होगा। भारतीय क्रिकेट टीम 22 जनवरी से इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज खेलेगी पर विराट और रोहित दोनो ने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया है। इसलिए इनके पास रणजी ट्रॉफी में खेलने का अवसर भी है। रणजी ट्रॉफी का इसका पहला हाफ अक्टूबर-नवंबर में खेला गया था। अब इसके बाकी बचे मैच इसी माह 23 जनवरी से शुरू हो रहे हैं. इसमें दिल्ली का मुकाबला सौराष्ट्र से जबकि मुंबई का मुकाबला जम्मू कश्मीर से होगा। ऐसे में अगर विराट घरेलू क्रिकेट में दिल्ली से खेलते हैं तो उनका सामना चेतेश्वर पुजारा से होगा। पुजारा सौराष्ट्र की ओर से खेलते हैं। विराट ने अंतिम बार रणजी मुकाबला साल 2012 में खेला था। वहीं पुजारा नियमित तौर पर रणजी मैच खेलते रहे हैं।

# आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में बदलाव की अधिक संभावना नहीं

**-रोहित रहेंगे कप्तान पर शुभमन को उपकप्तानी से हटाया जाना तय**

**मुम्बई (एजेंसी)।** आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की घोषणा रविवार को हो सकती है। इसमें टीम में कोई बड़ा बदलाव किये जाने की उम्मीदें नहीं हैं पर शुभमन गिल को उपकप्तानी से हटाया जा सकता है। भारत ने 2024 में एक ही एकदिवसीय सीरीज खेली थी। इस सीरीज में रोहित शर्मा कप्तान जबकि शुभमन गिल उप कप्तान थे। अब 19 फरवरी से शुरू हो रही चैंपियंस ट्रॉफी में भी रोहित ही कप्तान रह सकते हैं पर शुभमन को टीम में जगह मिलना तय नहीं है। इसका कारण ये है कि पिछले कुछ समय से उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। वहीं यशस्वी जायसवाल ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी दावेदारी पेश की है। जिस प्रकार यशस्वी ने ऑस्ट्रेलिया दौरे में पारी की शुरुआत करते हुए टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था। उससे वह अब एकदिवसीय के लिए भी प्रबल दावेदार के तौर पर उभरे हैं। माना जा रहा है कि यशस्वी को एकदिवीय टीम में भी जगह मिल सकती है। अगर यशस्वी को टीम में जगह मिलती है तो शुभमन को बाहर होना पड़ेगा। यशस्वी ने अब तक एक भी वनडे मैच नहीं खेला है. वे इसी साल फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ अपने वनडे करियर की शुरुआत कर सकते हैं।



टीम इंडिया के बाकी बल्लेबाजों और ऑलराउंडर्स के नाम काफी हद तक तय नजर आते हैं। विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर विराट कोहली और श्रेयस अय्यर का चयन पक्का है। वहीं विकेटकीपर के तौर पर ऋषभ पंत और केएल राहुल की जगह पक्की लगती है। ऐसे ही ऑलराउंडर्स में हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर रहेंगे। ऑस्ट्रेलिया में शानदार प्रदर्शन करने वाले ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को भी जगह मिल सकती है। अगर हार्दिक पंड्या और नीतीश दोनों का चयन होता है तब भारतीय टीम तीन विशेषज्ञ गेंदबाजों के साथ उतरेगी। ये तीन गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और अर्शदीप सिंह हो सकते हैं. विशेषज्ञ स्पिनर के तौर पर कुलदीप यादव की दावेदारी पक्की है।

भारत की संभावित टीम- रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, नीतीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह।

# कारबाओ कप फुटबॉल सेमीफाइनल के पहले चरण में न्यूकैसल ने आर्सेनल को हराया

लंदन । आर्सेनल की टीम को काराबाओ कप फुटबॉल में सेमीफाइनल के पहले चरण में ही 2-0 से हार का सामना करना पड़ा है। न्यूकैसल ने मुकाबले के दौरान आर्सेनल को खेल के हर क्षेत्र में पीछे छोड़ दिया। इससे आर्सेनल के लिए फाइनल की राह बेहद मुश्किल हो गयी है। ऐसे में अब न्यूकैसल यूनाइटेड दूसरे चरण के लिए दो गोल की बढ़त के साथ उतरेगा। वहीं मैच के 37वें मिनट में अलेक्जेंडर इसाक ने न्यूकैसल की ओर से पहला गोल कर उसे बढ़त दिलाई। यह अलेक्जेंडर का 15 मैचों में 14वां गोल था और न्यूकैसल की ओर से 50वां गोल। उन्होंने यह आंकड़ा केवल 89 मैचों में ही हासिल किया। इसके बाद 51वें मिनट में एंथनी गॉर्डन ने गोल दागकर टीम को 2-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद न्यूकैसल की रक्षापंक्त ने आर्सेनल के हर आक्रमण को विफल कर दिया। इससे न्यूकैसल तेजी से फाइनल की ओर बढ़ा है। न्यूकैसल के खिलाड़ी उत्साहित हैं और अपने घरेलू दर्शकों के सामने फाइनल में जगह पक्की करने कोई कसर नहीं रखेंगे। अब न्यूकैसल का लक्ष्य तीन सीजन में दूसरी बार काराबाओ कप फाइनल में पहुंचना रहेगा। दूसरी ओर आर्सेनल के लिए मुकाबला अच्छा नहीं रहा। अब उन्हें 5 फरवरी को दूसरे चरण में जीत दर्ज करने का प्रयास करना होगा।



# शास्त्री और पोंटिंग बोले, शमी को बॉर्डर गावस्कर सीरीज में शामिल करना चाहिये था

**सिडनी (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के चोट प्रबंधन पर सवाल उठाते हुए कहा है कि उसे बॉर्डर गावस्कर सीरीज के बाद के मैचों में शामिल किया जाना चाहिये था। इन दिग्गजों का कहना है कि शमी के रहने से भारतीय टीम को भी लाभ होता ओर उनकी फिटनेस का भी सही अंदाजा हो जाता। ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की इस सीरीज को 3-1 से जीत लिया। पिछले एक साल से टीम से बाहर चल रहे शमी ने टखने की चोट से उबरने के बाद घरेलू क्रिकेट में बंगाल की ओर से खेला था। इसके अलावा सैयद मुश्ताक अली टी20 और विजय हजारे एकदिवसीय ट्राफी में भी उनका प्रदर्शन अच्छा रहा। ऐसे में कहा जा रहा था कि उन्हे तीसरे या चौथे टेस्ट में भेजा जाएगा पर ऐसा हुआ नहीं। एक ओर जहां शमी कहा रहे थे कि वह फिट हैं। वहीं ये भी कहा जा रहा था कि घरेलू क्रिकेट से उनके घुटने में सूजन आ गयी है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम ने घुटने की सूजन का हवाला देते हुए मेलबर्न में चौथे टेस्ट से पहले आधिकारिक तौर उनकी वापसी की संभावना को खारिज कर दिया था।

पोंटिंग और शास्त्री दोनों का मानना है कि भारत को शमी को ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर ले जाना चाहिए था। शास्त्री ने कहा, 'मीडिया में चल रही बातों से मैं बहुत हैरान था कि शमी के साथ वास्तव में क्या हुआ था। जब फिट होने की बात आती है तो वह कहां है? मुझे नहीं पता कि वह कितने समय से भारतीय क्रिकेट अकादमी में उबर रहा है। वह किस स्थिति में है इसको लेकर सही बात सामने नहीं आ पा रही थी। वहीं अगर मुझे फैसला करना होता तो मैं उसे ऑस्ट्रेलिया लेकर जाता। अगर वह होता तो हम मेलबर्न और सिडनी टेस्ट में बेहतर कर सको थे। वहीं पोंटिंग ने भी शास्त्री की बातों का समर्थन करते हुए कहा, 'मुझे वास्तव में हैरानी है कि उसे सीरीज के बीच में टीम में क्यों शामिल नहीं किया गया। वह अगर कम ओवर भी करता तब भी भारतीय टीम को लाभ होता। अगर इस इसी सीरीज में होतो तो परिणाम कुछ अलग हो सकता है।



संक्षिप्त खबरें

## भाजयुमो ने हजारों लोगों को दिलाया भाजपा का सदस्यता

**हजारीबाग/बिभा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा झारखण्ड प्रदेश में संचालित सदस्यता अभियान के तहत बुधवार को भाजयुमो द्वारा प्रदेश स्तर पर मेम्बरशिप ड्राइव डे कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत भाजयुमो हजारीबाग द्वारा कुलपति आवास के निकट विशेष कैनोपी स्टॉल लगाकर भाजयुमो



हजारीबाग द्वारा मेम्बरशिप ड्राइव डे कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और इस कार्यक्रम के प्रभारी भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष पुजा सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल ने सदस्यता अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह अभियान राज्य में जनसंपर्क को सुदृढ़ करने और समाज के हर वर्ग तक पहुंच बनाने का एक उत्कृष्ट प्रयास है। एवम यह कार्यक्रम प्रदेश को संगठनात्मक रूप से मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।कार्यक्रम में विशेषरूप से भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजकरण पाण्डेय, भाजपा नेता दिनेश सिंह राठौड़, के. पी. ओझा, नरेंद्र गुप्ता, टोनी जैन, दीपक मेहता, विनोद झुनझुनवाला, शिवपाल यादव, शशांक शेखर, आशुतोष तिवारी, बालकिशन कुमार, मनीष मेहता, अपराजिता तिवारी, बसंत मेहता, आशीष सोनी, रंजन चौधरी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, पार्टी कार्यकर्ता, और समर्थक उपस्थित रहे। सभी ने इस अभियान को सफल बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई ।

## चाय दुकान में सांसद ने ली चाय की चुस्की, कार्यकर्ताओं संग किया चर्चा

**हजारीबाग/बिभा संवाददाता।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल को जहां भी मौका मिलता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल का लोकल अभियान को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ते। उनकी सादगी और साफगोई उनके दिनचर्या के माध्यम से लोगों को देखने को मिलती ही है लेकिन



भाजयुमो के मेम्बरशिप ड्राइव डे कार्यक्रम के दौरान शहिद निर्मल महतो पार्क के समीप स्थित पहुंचे तो यहां एक टफरी के रूप में स्थित अरविंद चाय दुकान पर कुल्हड़ पर चाय की चुस्की का आनंद लिया और यहां चाय की चुस्की के साथ उपस्थित कार्यकर्ताओं और लोगों से विभिन्न मुद्दे पर लम्बी चर्चा- परिचर्चा की। सांसद मनीष जायसवाल ने अरविंद दुकान के चाय की स्वाद की सराहना की और कहा कि स्वरोजगार से जुड़े ऐसे युवाओं को सहयोग, समर्थन जरूर करना चाहिए और उनका प्रोत्साहन करना चाहिए।

## शहादत दिवस पर शहीद टिकैत उमरांव सिंह व शहीद शेख भिखारी किए गए याद

**हजारीबाग/बिभा संवाददाता।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में अमर शहीद टिकैत उमरांव सिंह व अमर शहीद शेख भिखारी की 166 वीं पुण्यतिथि शहादत दिवस के रूप में शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि सन 1857 की




क्रांति ने पूरे देश में आजादी की चिंगारी को सुलगा दिया गया । इस चिंगारी से छोटानागपुर का पहाड़- पठार भी धधकने से बच नही सका । झारखंड के इतिहास में प्रसिद्ध अमर शहीद टिकैत उमरांव सिंह व अमर शहीद शेख भिखारी हमेशा से शोषण और अत्याचार के खिलाफ रहे और अंग्रेजों के विरोध को पूरा छोटानागपुर में फैलाया । अंग्रेजों से लड़ते हुए इन दोनो को 06 जनवरी 1858 को घेर कर अंग्रेजों द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया और 07 जनवरी 1858 को उसी जगह चुटूपालू घाटी पर अदालत लगाकर उनकी विरता और साहस से भयभीत अंग्रेजों ने कार्यवाई पूरा किए बगैर दोंनो को फांसी का फैसला सुनाया और 08 जनवरी 1858 को आजादी के दिवाने टिकैत उमरांव सिंह व शेख भिखारी को चुटूपालू पहाड़ स्थित बरगद के पेड़ से लटका कर अंग्रेजों द्वारा फांसी दे दी गई । वह बरगद का पेड़ आज भी चुटूपालू में स्थित है। शहादत दिवस पर महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान वरिष्ठ कांग्रेसी अकिल अहमद, बिनोद सिंह, मिथिलेश दुबे, सुनिल सिंह राठौर, जावेद इकबाल, मनिषा टोप्पो, डॉ. प्रकाश कुमार, गुड्डु सिंह, कृष्णा किशोर प्रसाद, दिलदार अंसारी, सदरूल होदा, अनिल कुमार भुईंया, राजीव कुमार मेहता, निसार अहमद भोला, चन्द्र शेखर आजाद, सैयद अशरफ अली, अर्जुन सिंह, देव नारायण सिंह, कृष्णदेव, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, कैलाश पति देव के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।

## सांसद की पहल रंग लाई, चरही के यूपी मोड़ में शुरू हुआ कार्य

**हजारीबाग/बिभा संवाददाता।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्रवके सांसद मनीष जायसवाल ने बीते दिनों लोकसभा सत्र के क्रम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव जी एवं अन्य अधिकारियों से मुलाकात कर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के तीन प्रमुख ब्लैक स्पॉट की जानकारी दी थी और तत्काल इन ब्लैक



स्पॉट पर कार्य करने का आग्रह किया था। सांसद मनीष जायसवाल के पहल और संबंधित विभाग के केंद्रीय मंत्री और उच्चाधिकारी तक इस मामले के पहुंचते ही इस पर पहल शुरू हो गया।

### अनीता देवी हत्याकांड : हजारीबाग के पूर्व एसडीओ अशोक कुमार के खिलाफ कार्रवाई की मांग

# अन्नपूर्णा देवी और मनीष जायसवाल ने उठाया आवाज

प्रमोद खंडेलवाल

**हजारीबाग।** हजारीबाग में 26 दिसंबर को हुए दर्दनाक अनीता देवी हत्याकांड ने पूरे झारखंड को झकझोर कर रख दिया है। इस मामले में पूर्व एसडीओ अशोक कुमार सहित चार लोगों पर गंभीर आरोप लगे हैं। अनीता देवी के भाई राजू कुमार ने लोहसिंघना थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार, उनके पिता दुर्योधन साव, छोटे भाई शिवनंदन कुमार और छोटे भाई की पत्नी रिंकू देवी को आरोपी बनाया गया है।घटना के अनुसार, अनीता देवी को गंभीर रूप से जला दिया गया था। पहले उन्हें हजारीबाग के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए बोकारो और फिर रांची के देवकमल अस्पताल ले जाया गया। लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद उनकी मौत हो गई।



### केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने जताई नाराजगी

महिला बाल विकास की केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और राज्य सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा, न्याय सभी के लिए समान होना चाहिए। आरोपी चाहे कोई भी हो, उस पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन राज्य सरकार इस मामले में निष्क्रिय है और दोषियों को बचाने का काम कर रही है। उन्होंने राज्य सरकार से तत्काल इस मामले में कार्रवाई करने की मांग की है।

### न्याय की प्रतीक्षा में अनीता देवी का परिवार

इस हृदयविदारक घटना ने अनीता देवी के परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। अब सभी की निगाहें इस बात पर हैं कि क्या दोषियों को कानून के कटघरे में लाया जाएगा और पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा।



### सांसद मनीष जायसवाल ने राज्य सरकार पर उठाए सवाल



हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा की कानून सभी के लिए समान होना चाहिए। जब आम लोगों पर आरोप लगता है, तो पुलिस तुरंत कार्रवाई करती है। लेकिन जब एक सरकारी अधिकारी पर इतने गंभीर आरोप लगे हैं, तो अब तक उसकी गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई? यह दुखद और निंदनीय है। उन्होंने राज्य सरकार और जिला प्रशासन से इस मामले पर स्पष्ट जवाब देने की मांग की। मामले में निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग को लेकर अन्नपूर्णा देवी और मनीष जायसवाल दोनों ने आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं राज्य की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। इस घटना के बाद से झारखंड में कानून व्यवस्था को लेकर बहस तेज हो गई है। आरोपियों के खिलाफ अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने से आम जनता में रोष है। जनता और जनप्रतिनिधियों ने राज्य सरकार से इस मामले में शीघ्र और सख्त कदम उठाने की अपील की है।

### महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया संजीवनी सेवा कुटीर का अवलोकन, कहा

# संजीवनी सेवा कुटीर स्वास्थ्य सेवाओं में नई क्रांति का प्रतीक

बिभा संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद द्वारा सदर अस्पताल प्रांगण में संचालित संजीवनी सेवा कुटीर का महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अवलोकन किया। इस अवसर पर उनके साथ बरकट्ठा विधायक अमित यादव भी उपस्थित थे। मंत्री ने कुटीर में उपलब्ध सुविधाओं और कार्यप्रणाली की गहनता से समीक्षा की और इसकी प्रशंसा करते हुए इसे एक अनुकरणीय पहल बताया। अन्नपूर्णा देवी ने कहा की संजीवनी सेवा कुटीर जैसी पहलें स्वास्थ्य सुविधाओं को जनसामान्य तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाती हैं। यह हेल्प डेस्क मरीजों और उनके परिजनों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने में सक्षम है। इसके 24 घंटे सेवाएं देने से मरीजों को बड़ी राहत मिलती है। यह पहल स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नया मील का पत्थर साबित होगी।

संजीवनी सेवा कुटीर मदद का केंद्र यह सेवा कुटीर सदर अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के लिए एक हेल्प डेस्क के रूप में कार्य करता है। यहां मरीजों को उनकी समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराया जाता है, जैसेः इलाज से जुड़ी जानकारी प्रदान करना,डॉक्टरों की उपलब्धता की जानकारी देना, दवा, टेस्ट, और अन्य मेडिकल प्रक्रियाओं में मदद करना,मरीजों और उनके परिजनों के लिए गाइड के रूप में कार्य करना संजीवनी सेवा कुटीर 24 घंटे कार्यरत है और अस्पताल में आने वाले जरूरतमंद लोगों के लिए यह सहारा बन गया है।

बरकट्ठा विधायक अमित यादव ने कहा की यह सेवा न केवल मरीजों की परेशानी को कम करती है, बल्कि उनके जीवन में एक सकारात्मक बदलाव लाती है। इस तरह की पहल हर अस्पताल में होनी चाहिए। संजीवनी सेवा कुटीर स्वास्थ्य क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम है।



### सदर विधायक प्रदीप प्रसाद का बयान

हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कार्यक्रम में आए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा की संजीवनी सेवा कुटीर हमारी सोच और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हमारा उद्देश्य है कि किसी भी मरीज को इलाज के दौरान किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। यह कुटीर न केवल समस्याओं का समाधान करता है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जनता के विश्वास को भी बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में संजीवनी सेवा कुटीर की सेवाओं का विस्तार किया जाएगा और इसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रयास जारी रहेंगे।

### समाज के लिए एक नई उम्मीद

संजीवनी सेवा कुटीर ने स्वास्थ्य सुविधाओं की दिशा में एक नई राह बनाई है। यह पहल गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए मददगार साबित हो रही है। मंत्री अन्नपूर्णा देवी और बरकट्ठा विधायक अमित यादव ने इस प्रयास को सराहा और उम्मीद जताई कि ऐसी सेवाएं अन्य जिलों और अस्पतालों में भी शुरू की जाएंगी।

## मारवाड़ी महिला सम्मेलन की सदस्यों ने बाबा श्याम के समक्ष लगाई अरदास



बिभा संवाददाता

**हजारीबाग।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की सदस्यों ने गुरुवार को बाबा श्याम के समक्ष लगाई अपनी अरदास। इस दौरान महिलाओं ने समाज की खुशहाली, देश की प्रगति और गौसेवा के लिए प्रार्थना की।सदस्यों ने बाबा श्याम के चरणों में माथा टेकते हुए समाज सेवा और जरूरतमंदों की मदद के कार्यों में निरंतर आगे बढ़ने का संकल्प लिया। अरदास में समाज सेवा का लिया संकल्प !सम्मेलन की अध्यक्ष श्वेता चौधरी ने कहा, हमारी संस्था न केवल समाज में महिलाओं के उत्थान के लिए काम कर रही है, बल्कि समाज के हर वर्ग की सेवा में तत्पर है। बाबा श्याम के आशीर्वाद से हम अपने सेवा कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। गौसेवा, निर्धनों की सहायता और बच्चों की शिक्षा पर हमारा विशेष ध्यान रहेगा।₹सदस्यों ने बाबा श्याम से प्रार्थना की कि समाज में समृद्धि और शांति बनी रहे। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और जरूरतमंदों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए भी बाबा से आशीर्वाद मांगा। कार्यक्रम में अंचल प्रमुख स्वेता जैन सेठी, अध्यक्ष स्वेता चौधरी, अन्नू जैन, संगीता हैं, पूजा मुनका,मंजु जैन,पूजा जैन,रजनी खंडेलवाल, मीना ताम्बी,अंजू ताम्बी शामिल हुई।

## हत्यारे पति को उम्रकैद, 10 हजार रूपया जुर्माना

**हजारीबाग।** व्यवहार न्यायालय हजारीबाग के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम ब्रजकिशोर पांडेय की अदालत ने हत्यारे पति को उम्र कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने एसटी संख्या 176/2022 में फैसला सुनाते हुए केरेडारी चट्टबयितु, थाना केरेडारी निवासी मनोज राणा को अपनी पत्नी सीता देवी की हत्या के जुर्म में भादवि की धारा 302 के तहत दोषी करार देते हुए उम्र कैद व दस हजार रूपया जुर्माना की सजा सुनाई है। घटना 24.07.2021 के दोपहर लगभग 12:00 बजे की थी। मृतिका सीता देवी अपने पुत्र कन्हाई राणा के साथ गांव के मिठाई दुकान में गई थी। मिठाई दुकान पर ही विवाद हुआ, विवाद इतना बढ़ गया की हसुआ से पति मनोज राणा ने अपनी पत्नी की गला काट दिया। घटना के बाद पुत्र कन्हाई राणा के फर्द ब्यान पर केरेडारी थाना कांड संख्या 69/21 भादवि की धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया। अभियोजन पक्ष से सूचक, डॉक्टर और अनुसंधान कर्ता सहित आठ लोगो की ग्वाही हुई थी एवं पांच मार्क प्रदर्शत अंकित किया था।

## अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की विशेष बैठक संपन्न

बिभा संवाददाता

**हजारीबाग।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की विशेष बैठक शुक्रवार को स्वेता चौधरी के निवास स्थान पर सम्पन्न हुई! इस बैठक की अध्यक्षता सम्मेलन की अध्यक्ष श्वेता चौधरी ने की। बैठक में समाज सेवा और गौसेवा को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए।बैठक के दौरान गौशाला में सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए गायों के लिए विशेष व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। गौशाला परिसर में ठंड से गायों को बचाने के लिए तकिया और अन्य गर्म सामग्री रखने की पहल की जाएगी। इसके साथ ही पशुओं के लिए ठंड से बचाव के उपायों पर भी चर्चा की गई।गायों की सेवा पर विशेष जोर अध्यक्ष श्वेता चौधरी ने कहा कि सर्दियों के मौसम में पशुओं की देखभाल करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। ठंड के कारण कई गायें बीमार पड़ जाती हैं, जिससे उनकी सेहत पर बुरा



असर पड़ता है। इसे देखते हुए गौशाला में तकिए रखने का निर्णय लिया गया है ताकि गायों को आराम और गर्मी मिल सके।

इस बैठक में मारवाड़ी महिला सम्मेलन की कई सदस्य उपस्थित रहीं। सभी महिलाओं ने गौसेवा को लेकर अपने विचार साझा किए और सेवा कार्यों में सहयोग करने का आश्वासन दिया।समाज सेवा के कार्यों में अग्रसर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन समाज सेवा के क्षेत्र में लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इस बैठक में निर्धन लोगों को कंबल वितरण करने और जरूरतमंद परिवारों की मदद करने पर भी चर्चा हुई।

## खूबसूरत संघवाद से नए और शक्तिशाली भारत का निर्माण संभव : प्रो. शशि भूषण

बिभा संवाददाता

**हजारीबाग।** भारत विविधता में एकता का देश है। कभी-कभी लगता है कि यह हमारी कमजोरी है। परंतु इसी में नए भारत को गढ़ने की शक्ति विद्यमान है। और यह कार्य एक खूबसूरत संघवादी व्यवस्था की स्थापना से संभव है। उक्त बातें आर एन महाविद्यालय हाजीपुर, बिहार से आए प्रोफेसर शशि भूषण कुमार ने कही। वह आज विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में 'वर्तमान दौर में संघवाद' विषय पर व्याख्यान दे रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने किया।उन्होंने बताया कि सामान्य धारणा है कि संघवाद को भारत ने अमेरिका जैसे राष्ट्र से लिया है। परंतु जब हम भारत के इतिहास में खोज करते हैं तो संघवादी व्यवस्था की जड़े हमें अपने यहां भी दिखाई देते हैं ।इस संबंध में उन्होंने सहयोगात्मक एवं दोहरी संघवाद के मॉडलों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि



संघवाद में कोई किसी के अधीनस्थ नहीं होते हैं। सभी एक दूसरे से सम्मान और श्रद्धा के सूत्र से जुड़े होते हैं। कुछ लोग एक भारत में एक मजबूत केंद्रीय सत्ता की वकालत करते हैं जो किसी भी दृष्टिकोण से सही नहीं है। आवश्यकता है उसे सूक्ष्म संतुलन को खोज निकालने की जिससे हमारी केंद्रीय सत्ता और राज्यों की सत्ता के बीच खूबसूरत समन्वय की स्थापना होगी। यहीं से नए और आधुनिक भारत के निर्माण की यात्रा प्रारंभ होगी। अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने कहा कि आने वाला दूर संघवाद का ही दूर है। आज इसी सिद्धांत के आधार पर यूरोपीय संघ और अफ्रीकी संघ का गठन किया गया है जिससे वहां के विकास को नइ ऊर्जा मिली है। भूमंडलीकरण ने इस ओर इशारा किया है कि आने वाले समय में विश्व संघ का निर्माण संभव है। इसी के आधार पर एक विश्वराज तथा एक विश्व सरकार की स्थापना पर भी विचार किया जा सकता है। इससे सहयोग बढ़ेगा, खुशहाली आएगी। कार्यक्रम में संत कोलंबा महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ अशोक राम, विभाग के शोधार्थी तथा तृतीय और प्रथम समसत्र के विद्यार्थी उपस्थित थे।

# अनजान व्यक्ति का फ्रेंड रिक्वेस्ट भी आपको बना सकता है कंगाल

बिभा संवाददाता

**हजारीबाग।** साइबर जागरुकता के दूसरे दिन सीएम उत्कृष्ट विद्यालय जिला स्कूल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत और साइबर थाना के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में साइबर थाना के पदाधिकारी और ग्राहक पंचायत के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता को पुष्प गुच्छ देकर प्राचार्य निकीता कुमारी ने किया। गणित शिक्षक गिरिश कुमार रजक ने मंच का संचालन किया। विषय प्रवेश कराते हुए जिला सचिव बब्लु कुमार ने ग्राहक पंचायत का कार्य और उद्देश्य से अवगत कराते हुए साइबर के मकड़ जाल में फंस रहे युवा वर्ग की जानकारी दी। बताया कि ग्राहक पूरा विश्व है जन्म लेने से मरण दिवस तक ग्राहक की उपयोगिता रहती है। ग्राहक पंचायत ग्राहको की पंचायत करती है और ठगी होने पर ग्रहकों का मार्गदर्शन भी करती है। साइबर थाना के विशेषज्ञ दारोगा सुजीत कुमार ने साइबर पर बोलते हुए कहा कि इंस्टाग्राम और फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर लोग अपनी दोस्तों की सूची बढ़ा रहे है। फॉलोवर्स बढ़ा रहे है, परंतु यह आपको भारी पड़ सकता है और अनजान व्यक्ति से दोस्ती बढ़ाना, फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजना आपको कंगाल बना सकता है। हजारीबाग के विभिन्न प्रखंडों से आने वाले थानों में आवेदन का जिक्र करते हुए ठगी के प्रकार की जानकारी दी। एपीके, केपीके नाम के तरह आने वाले अनजान लिंक और व्हाटसएप वीडियो कॉल के प्रति जागरुक किया। एटीएम के माध्यम से होने वो फ्रॉड की जानकारी भी साझा की। बताया कि ठग आज उन एटीएम में ग्राहकों को अपना शिकार बना रहे है, जहां सुरक्षाकर्मी नहीं होते है। बताया कि जब भी पैसा निकाले यह सुनिश्चित करे की आपके पीछे कोई आपकी गतिविधि तो नोट नहीं कर रहा। या फिर आपके द्वारा डाली जाने वाली पीन तो नहीं देख रहा है। सुरक्षा गार्ड के अलावा अन्य किसी से सहायता नहीं लेने की अपील की और कहा कि समस्या होने पर तुरंत 112, या 100 नंबर को इसकी सूचना दे। साइबर विशेषज्ञ दारोगा दीपक कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि ठगी होने पर सबसे पहले टोल फ्री नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराए । कार्यशाला को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने संबोधित किया और बताया कि वे इसी जिला स्कूल के छात्र रहे है और उन्हें आज अपने हीं विद्यालय में अतिथि बनकर संबोधित करने का मौका मिला है। ग्राहक पंचायत और उसके अभियान, ग्राहक आंदोलन और देश भर में ग्राहक को लेकर चलाए जा रहे अभियान की जानकारी दी। कहा कि पैगाड़ा चौक स्थित न्यू भंडारी मेडिकल में ग्राहक से संबंधित परेशानी, ठगी होने पर सूचना दिया जा सकता है।

▪ ग्राहक पंचायत का साइबर जागरुकता कार्यशाला, प्राचार्य ने साझा किए अपने अनुभव




### साइबर ठगी के बाद पैसा हो जाए फ्रीज तो कोर्ट जाकर कराए रिलीज : दीपक कुमार

साइबर विशेषज्ञ सह दारोगा दीपक कुमार ने संबोधित करते हुए कहा की ठगी होने के अगर 24 घंटा के भीतर सूचना देकर कार्रवाई की जाए तो शायद आपका पैसा बच सकता है। पैसा फ्रीज हो जाए तो पुलिस के भरोसा छोड़ना नहीं है बल्कि कोर्ट जाकर पैसा को विधिवित रिलीज कराना होता है। बताया कि साइबर सेल में आनलाईन, आंफलाईनन के साथ साथ टोल फ्री नंबर 1930 के माध्यम से भी शिकायत दर्ज कराया जा सकता है।

## कलयुगी पुत्र ने की अपनी माँ की हत्या, बेटा को हुआ उम्रकैद

बिभा संवाददाता

**हजारीबाग।** व्यवहार न्यायालय हजारीबाग के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम ब्रजकिशोर पांडेय की अदालत ने कलयुगी बेटा को अपनी सगी माँ की हत्या के आरोप में उम्र कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने एसटी संख्या 176/2022 में फैसला सुनाते हुए केरेडारी चट्टबयितु, थाना केरेडारी निवासी मनोज राणा को अपनी माँ सीता देवी की हत्या के जुर्म में भादवि की धारा 302 के तहत दोषी करार देते हुए उम्र कैद व दस हजार रूपया जुर्माना की सजा सुनाई है। घटना 24.07.2021 के दोपहर लगभग 12:00 बजे की थी। मृतिका सीता देवी अपने पति कन्हाई राणा के साथ गांव के मिठाई दुकान में गई थी। मिठाई दुकान पर ही विवाद हुआ, विवाद इतना बढ़ गया की हसुआ से पुत्र मनोज राणा ने अपनी माँ की गला काट दिया। घटना के बाद पति कन्हाई राणा के फर्द ब्यान पर केरेडारी थाना कांड संख्या 69/21 भादवि की धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया। अभियोजन पक्ष से सूचक, डॉक्टर और अनुसंधान कर्ता सहित आठ लोगो की ग्वाही हुई थी एवं पांच मार्क प्रदर्शत अंकित किया था। अभियोजन पक्ष से अपर लोक अभियोजक मिनाक्षी कंडुलना एवं बचाव पक्ष से अनिल कुमार सिन्हा ने दलील पेश की थी। न्यायालय ने दोनों ओर से दलील सुनने के बाद अरोपी पुत्र को हत्यारा मानते हुए सजा सुनाई।

## मुख्यमंत्री से विधायक सहित अन्य अधिकारियों ने की मुलाकात, दी बधाई

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन से मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में विधायक जीगा सुसारन होरो ने सपरिवार मुलाकात कर नव वर्ष -2025 की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने भी उन सभी को नूतन वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इधर पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त कुलदीप चौधरी, लातेहार के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, विशेष शाखा के पुलिस उपमहानिरीक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा, पुलिस अधीक्षक नाथूराम मीणा पुलिस अधीक्षक मूमल राजपुरोहित एवं पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने भी नववर्ष की बधाई दी।















### 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता अंडर 19 का हुआ समापन, 11 जनवरी से शुरू होगी अंडर 14 एथलेटिक्स की प्रतियोगिता

# केरल बना ओवरऑल चैंपियन

**केरल दोनों वर्गों में 138 अंको के साथ बना ओवरआल चैंपियन, बालिका वर्ग में महाराष्ट्र ओवरआल चैंपियन**

**बालक आयु वर्ग में केरल विजेता एवं महाराष्ट्र उप विजेता बने**

**बालिका आयु वर्ग में तमिलनाडु विजेता एवं महाराष्ट्र उप विजेता बने**

**सीबीएससी की वंशिका को बालिका वर्ग और महाराष्ट्र के सैफ चफेकर को बालक वर्ग में बेस्ट एथलीट का मिला पुरस्कार**

**विजेताओं को विधायक सुरेश बैठा ने किया पुरस्कृत**

बिभा संवाददाता








**रांची :** 68वी राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता अंतर्गत अंडर 19 एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। आज प्रतियोगिता के अंतिम दिन देशभर के खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स के विभिन्न विधाओं में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। केरल 138 अंको के साथ अंडर 19 एथलेटिक्स प्रतियोगिता का ओवरआल विजेता बना। केरल के बाद 123 अंक के साथ महाराष्ट्र और 104 अंको के साथ तमिलनाडु प्रतियोगिता में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहा। बालक वर्ग में बेस्ट एथलीट का पुरस्कार महाराष्ट्र के सैफ चफेकर को मिला। सैफ 1,134 अंको के साथ पहले स्थान पर रहे, दूसरे स्थान पर 1,068 अंको के साथ कर्णाटक के चिरानाथ और केरल के सरवन केसी ने 1,042 अंको के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में सीबीएससी की वंशिका 988 अंको के साथ पहले स्थान पर रही, 968 अंको के साथ तमिलनाडु की थिया दूसरे और 951 अंको के साथ दिल्ली की हर्षिता गोस्वामी तीसरे स्थान पर रही। अंडर 19 बालक आयु वर्ग में 76 अंको के साथ केरल प्रथम और महारष्ट्र 61 अंको के साथ दूसरे स्थान पर रहा। अंडर 19 बालिका आयु वर्ग में तमिलनाडु 57 अंको के साथ प्रथम और 55 अंको के साथ महाराष्ट्र दूसरे स्थान पर रहा।महाराष्ट्र के सैफ चफेकर और सीबीएससी की वंशिका को बेस्ट एथलीट का पुरस्कार दिया गया। आज पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में कांके के माननीय विधायक श्री सुरेश बैठा आयोजन में शामिल हुए और विजेताओं को पुरस्कृत किया।

### झारखंड को मिले कुल पांच पदक

मेजबान झारखंड को 68वी राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता अंतर्गत अंडर 19 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कुल पांच पदक मिले। 400 मीटर दौड़ बालक वर्ग प्रतियोगिता, बालिका वर्ग लॉन्ग जंप और बालिका वर्ग 400 मीटर हर्डल रेस में पदक प्राप्त हुआ है। 400 मीटर दौड़ बालक वर्ग प्रतियोगिता में झारखंड के साकेत मिंज ने स्वर्ण पदक जीता है। बालिका वर्ग लॉन्ग जंप में झारखंड की प्रीति लकड़ा को स्वर्ण पदक और बालिका वर्ग 400 मीटर हर्डल रेस में झारखंड की शिवानी कुमारी को रजत पदक प्राप्त हुआ है। इसके अलावा 4 गुणा 100 मीटर रिले में बाल टीम ने झारखंड को स्वर्ण पदक दिलाया। प्रीति लकड़ा ने ट्रिपल जंप में रजत पदक जीता। झारखंड पदक तालिका में 33 अंको के साथ नौवे स्थान पर है।

### आयोजित हुए कुल 41 इवेंट, अब 11 जनवरी से 14 जनवरी तक अंडर 14 एथलेटिक्स की तैयारी

68वी राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता अंतर्गत अंडर 19 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कुल 41 इवेंट्स में खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। 68वी राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत झारखंड में अब 11 जनवरी, से 14 जनवरी तक अंडर 14 एथलेटिक्स की प्रतियोगिताएं होंगी। झारखंड को वर्ष 2024-25 के अंतर्गत चार खेल आयोजनों की मेजबानी मिली है। राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से सफल आयोजन की तैयारी शुरू कर दी गयी है।

## मंत्री ने पुलिस आउट पोस्ट का किया उद्घाटन

बिभा संवाददाता



**पलामू।** संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने चीर प्रतिक्षित मांग पूरी करते हुए बुधवार को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में पुलिस आउट पोस्ट का उदघाटन किया। आउट पोस्ट के खुलने से शहर थाना पर काफी हद तक निर्भरता खत्म हो गयी है। पोस्टमार्टम, इंजरी, सुरक्षा सहित अन्य मामलों में अब तत्काल पुलिस कार्रवाई होगी।

मौके पर मंत्री ने कहा कि एमआरएमसीएच बनने के बाद और उसके पहले से यहां पुलिस आउट पोस्ट की स्थापना की मांग की जा रही थी। उन्होंने मंत्री बनते ही इस मांग को पूरा किया है।

मंत्री राधाकृष्ण ने कहा कि पुलिस आउट पोस्ट के शुभारंभ होने से जहां डाक्टर, स्वास्थ्यकर्मी भयमुक्त माहौल में कार्य कर सकेंगे, वहीं रोगियों की भी सुरक्षा होगी। उन्होंने कहा कि भयमुक्त माहौल के बिना विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है। जिस सेक्टर में भय का माहौल रहता है, वहां विकास कार्य अवरूद्ध हो जाते हैं। नक्सलियों के कारण पलामू जिले में लंबे समय तक विकास कार्य नहीं हो पाए थे, लेकिन अब काफी हद तक इस समस्या से छुटकारा मिल गया है।

उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार स्वास्थ्य और चिकित्सा पर विशेष रूप से फोकस कर रही है, ताकि आम जनमानस को इन दोनों सेक्टर में बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि एमआरएमसीएच को सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के रूप में विकसित करने के लिए सरकार कार्य कर रही है। इसके तहत डिपार्टमेंट को डेवलप कैसे किया जाये, इसके लिए स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार और स्पेशलिस्ट डाक्टरों की टीम गुरूवार को एमआरएमसीएच का निरीक्षण करेगी।

मौके पर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने कहा कि 28 दिसंबर को समीक्षा बैठक में एमआरएमसीएच में पुलिस आउट पोस्ट की शुरूआत करने का निर्णय लिया गया है और एक सप्ताह के भीतर इसे पूरा कर दिया गया है। रेडक्रास भवन में आउट पोस्ट कार्य करेगा। यहां तीन शिफ्ट में सुरक्षा दी जायेगी। इस आउट पोस्ट के रहने से सुरक्षा के साथ साथ एक्सीडेंट के बाद की प्रक्रिया में भी सहुलियत होगी। पहले मुश्किलों का सामना करना पड़ता था।

इससे पहले फीता काटकर पुलिस आउट पोस्ट का मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने उदघाटन किया। मौके पर उपविकास आयुक्त शब्बीर अहमद, एमआरएमसीएच के सुपरीटेंडेंट डा. धर्मेन्द्र कुमार, प्राचार्य डा. पीएन महतो, सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार समेत डाक्टर, चिकित्साकर्मी, पुलिसकर्मी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## 38 वे राष्ट्रीय खेल के लिए झारखंड महिला हॉकी टीम में 31 खिलाड़ियों का हुआ चयन



बिभा संवाददाता

**रांची :** 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक हरिद्वार, उतराखंड में आयोजित 38 वें राष्ट्रीय खेल के लिए झारखंड महिला हॉकी टीम का ट्रायल आज रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोराबादी में हुई। जिसमे सिमडेगा, खूंटी, रांची, एकलवाय सेंटर, रेलवे इत्यादि के खिलाड़ियों ने भाग लिया। विभिन्न जगह से आए खिलाड़ियों का ट्रायल के उपरांत विशेष प्रशिक्षण शिविर के लिए 31 खिलाड़ियों को चयनित किया गया, जिनका 11 जनवरी से रांची में विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर बेहतर 18 खिलाड़ियों को टीम में सामिल किया जाएगा।

### चयनित खिलाड़ियों की सूची

सोनल मिंज, रोपनी कुमारी, नीरू कुल्लू, रेशमा सोरेंग, सरोज कुमारी रजनी केरकेट्टा सीनियर, रजनी केरकेट्टा जूनियर, पार्वती टोपनो, संगीता कुमारी, सजना होरी, प्रमोदनी लकड़ा, अलबेला रानी टोप्पो, रोशनी आईंद, रीमा बखला, सम्मी बड़ा, सुप्रिया मुंडू, अंजली बिंझिया, दिप्ती टोप्पो, दिप्ती कुल्लू, प्रिया डुंगडुंग, अलका डुंगडुंग, रश्मि होरी, निक्की कुल्लू, सुशीला कुजूर, महिमा टेटे, एडलिन बागे, निराली कुजूर, सलोमी नाग, सुषमा कुमारी, पिंकी एक्का, अल्फा केरकेट्टा

चयनकर्ता में मुख्य रूप हॉकी झारखंड महासचिव विजय शंकर सिंह, ध्यानचंद अवार्ड सम्मान प्राप्त पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सुमराय टेटे, असरिया लकड़ा, मनोज कोणबेगी, जयंत केरकेट्टा, दसरथ महतो , गुरमीत राव, माइकल लाल, इत्यादि उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर सड़क जागरूकता रथ को किया रवाना

बिभा संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत बुधवार को उपायुक्त शशि रंजन व जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव ने हरी झंडी दिखा कर सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को रवाना किया ।इस अवसर पर उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि नये साल की शुरूआत के साथ ही राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2025 का आयोजन एक जनवरी से 31 जनवरी तक किया जा रहा है ।इस वर्ष के सड़क सुरक्षा सप्ताह का थीम ह्यपरवाहह्न है, जो सड़क पर एक-दूसरे की सुरक्षा और जिम्मेदारी का संदेश है।

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री रंजन ने लोगों से अपील की है कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से करें।

जिला मुख्यालय में जागरूकता वाहन को रवाना करने के बाद उन्होंने कहा कि यातायात नियमों के पालन से सड़क पर सुरक्षा बनी रहती है,विशेषकर युवा वर्ग से अपील करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जब भी दो पहिया वाहन का प्रयोग करें तो हेलमेट अवश्य पहनें और पूरी सावधानी बरतें ।उन्होंने कहा की जीवन मूल्यवान है ।सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम एवं अपनी सुरक्षा के लिए यातायात के सभी नियमों का पालन बेहद आवश्यक है। इस मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव ने कहा कि जागरूकता रथ के माध्यम से आमजनों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूक किया जायेगा ।उन्होंने कहा कि इस रथ के माध्यम से जिले के प्रमुख चौक - चौराहों पर यातायात नियमों के पालन हेलमेट और सीट बेल्ट के फायदे से संबंधित ऑडियो क्लिप लोगों को सुनाये जायेंगे ।उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु कई अन्य तरह के कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा।

## छापेमारी में खान निरीक्षक ने अवैध तरीके से बालू ले जा रहे तीन वाहन को किया जप्त




बिभा संवाददाता

**दुमका :** उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे के निर्देश के आलोक में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन के खिलाफ बुधवार को बड़ी कार्रवाई की एवं अवैध तरीके से बालू ले जा रहे तीन वाहनों को जप्त किया एवं वाहन मालिक,चालक एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी एवं सभी संलिप्त व्यक्तियों को चिहिंत करते हुए अविलंब कानूनी कार्रवाई करने को लेकर निर्देशित किया।

डीएमओ आनंद कुमार ने बताया कि सूचना मिल रही थी कि राजेश्वर थाना क्षेत्र में अवैध तरीके से बालू का परिवहन किया जा रहा है,जिस पर अविलंब कार्रवाई करते हुए खान निरीक्षक बह्मदेव यादव के नेतृत्व में बुधवार को वाहनों की संघन जांच को लेकर छापेमारी की गयी,छापेमारी के दौरान महेशखाला पथ पर तीन वाहनों को बालू ले जाते पाया गया,वाहनों को रोक कर चालक से बालू परिवहन संबंधित कागजात मांगी गयी,लेकिन वाहन चालकों के द्वारा बालू परिवहन संबंधित कोई भी कागजात नहीं दिखाया गया,जिस पर अविलंब कार्रवाई करते हुए 2850 सीएफटी बालू समेत वाहनों को जप्त कर थाना के सुपूर्द कर दिया गया एवं वाहन चालक,वाहन मालिक एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी। खान निरीक्षक के नेतृत्व में बुधवार को रानेश्वर थाना अंतर्गत महेशखानाा रोड पर की गयी छापेमारी के दौरान वाहन संख्या डब्बलूबी57ई-9591,वाहन संख्या-डब्बलूबी57ई-9820 एवं वाहन संख्या-डब्बलूबी57ई-9557 को अवैध बालू के साथ जप्त किया गया। सभी वाहनों में 950 सीएफटी बालू का अवैध परिवहन किया जा रहा था।

जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने कहा है कि जिले में अवैध उत्खनन,परिवहन एवं भंडारण का अवैध कारोबार नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अवैध कारोबारियों को पूरी नजर बनाए हुए है। डीएमओ आनंद कुमार ने आमजन से भी अवैध खनन,परिवहन या भंडारण के खिलाफ जानकारी देने एवं जिला प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है।

## चौका पुलिस ने अवैध खेती एवं विक्रय निषेध संबंधित विषय पर जागरूकता अभियान

**सरायकेला :** पुलिस अधीक्षक, सरायकेला-खरसावाँ के निदेर्शानुसार चौका थानांतर्गत ग्राम हेसाकोचा के धातकीडीह टोला एवं जाहेरडीह टोला में चौका पुलिस द्वारा अफीम की अवैध खेती एवं विक्रय निषेध संबंधित विषय पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके साथ ही अफीम की जगह पर वैकल्पिक खेती के रूप में सरसों की खेती करने के लिए ग्रामीणों को सरसों का बीज वितरित किया गया। अभियान के दौरान चौका थाना प्रभारी के द्वारा स्थानीय ग्रामीणों को अफीम के दुष्प्रभाव एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। इसके साथी ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा संबंधी भी आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जागरूक किया गया ।

## सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया रोज ऐट रोड कार्यक्रम



**धनबाद :** जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी तथा पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) अरविंद कुमार के नेतृत्व में सिटी सेंटर चौक पर सड़क सुरक्षा को लेकर रोज ऐट रोडश् कार्यक्रम चलाया गया। इसमें यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों को माला पहनाकर तथा गुलाब देकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही साथ अनुरोध किया गया कि स्वयं भी यातायात के नियमों का पालन करें तथा अपने जान पहचान के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। उन्हें बताया गया कि आगे चलने वाली वाहनों से उचित दूरी बनाकर वाहन चलाएं। जागरूकता कार्यक्रम में एमवीआई श्री अभय कुमार, एमवीआई शुभम कुमार, एमवीआई हरीश कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, रोड इंजीनियरिंग एनालिस्ट अमरेश कुमार तथा आईटी असिस्टेंट देवेन्द्र कुमार शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### रीचुघुटा-बेन्दि तीसरी रेललाईन का आज व नव दोहरीकृत ओबरा डैम-फफराकुन्ड रेलखंड पर कल किया जायेगा स्पीड ट्रायल

**हाजीपुर :**पतरातू-सोननगर तीसरी रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत धनबाद मंडल के 20.55 किमी लंबे नई तीसरी रेल लाइन रीचुघुटा-बेन्दि रेलखंड का दिनांक 09.01.2025 को तथा धनबाद मंडल के रमना-सिंगरौली दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत 07 किमी लंबे नव-दोहरीकृत ओबरा डैम-फफराकुन्ड रेलखंड का दिनांक 10.01.2025 को संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी परिमंडल, कोलकाता द्वारा निरीक्षण किया जाएगा । इसी क्रम में विशेष ट्रेन द्वारा इस रेलखंड पर तीव्र गति से स्पीड ट्रायल भी किया जायेगा । अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त स्पीड ट्रायल एवं निरीक्षण के दौरान रेलवे लाईन से दूर रहें । साथ ही समपार फाटकों को पार करते समय भी विशेष सावधानी रखें एवं ट्रेन की स्थित देख कर ही रेल लाईन पार करें । इसकी अवहेलना करने पर यदि किसी भी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसके लिए रेल प्रशासन जिम्मेवार नहीं होगा ।

### दक्षिण पूर्व रेलवे का महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेन तिरूपति-बनारस-विजयवाड़ा 18 से

**कोलकाता :** दक्षिण पूर्व रेल महाकुंभ मेला विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। 07107/07108 तिरूपति-बनारस-विजयवाड़ा स्पेशल: 07107 तिरूपति-बनारस स्पेशल दिनांक 18.01.2025, 08.02.2025, 15.02.2025 और 22.02.2025 को तिरूपति से 20:55 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 15:45 बजे बनारस पहुंचेगी। वापसी दिशा में, 07108 बनारस-विजयवाड़ा स्पेशल 20.01.2025, 10.02.2025, 17.02.2025 और 24.02.2025 को 17:30 बजे बनारस से रवाना होगी और तीसरे दिन 05:30 बजे विजयवाड़ा पहुंचेगी। विशेष ट्रेन का स्टॉपेज झारसुगुड़ा, राउरकेला, हटिया, रांची और एसईआर क्षेत्राधिकार में मुरी में होगा।

07109/07110 नरसापुर-बनारस-नरसापुर स्पेशल: 07109 नरसापुर-बनारस स्पेशल दिनांक 25.01.2025 और 01.02.2025 को नरसापुर से 06:00 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 15:45 बजे बनारस पहुंचेगी। वापसी दिशा में 07110 बनारस-नरसापुर स्पेशल दिनांक 27.01.2025 और 03.02.2025 को 17:30 बजे बनारस से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 05:00 बजे नरसापुर पहुंचेगी। विशेष ट्रेन का स्टॉपेज झारसुगुड़ा, राउरकेला, हटिया, रांची और एसईआर क्षेत्राधिकार में मुरी में होगा।




**बिहान भारत** की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट,भोसले गली,हरिहर सिंह रोड,बरियातु,रांची-834009(झारखंड) दूरभाषः 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा.लि., काठीटांड रातु, नियर टेंडर बगीचा, एचपी पेट्रोल पंप, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक कविता साहू** *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार । Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com